डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021/2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

रोज़गार और निर्माण

प्रति सप्ताह वर्ष में 52 अंक प्रकाशित, पाक्षिक 13.02.2025 से 19.02.2025 • वर्ष-47 • अंक 07 • मूल्य ₹ 10.00

जनता की जिन्दगी बदलने का अभियान है विकास यात्रा - मुख्यमंत्री

मध्यप्रदेश में संत रविदास जयंती से शुरू हुई विकास यात्रा जनता की जिन्दगी को बदलने का अभियान है। संत रविदास अद्भुत संत थे। उनकी पंक्तियां- 'ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न, छोटे-बड़ों सब सम बसे, रविदास रहे प्रसन्न' पर केंद्र और हमारी सरकार कार्य कर रही है। हमारा संकल्प गरीबों का कल्याण है। इसी उद्देश्य से प्रदेश में गांव-गांव और वार्डों में मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान चला कर ऐसे परिवारों को चिन्हित किया गया, जो शासकीय योजना का लाभ लेने से वंचित थे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भिण्ड जिले में विकास यात्रा की शुरुआत, मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान में स्वीकृति-पत्र वितरण और विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम में कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भिण्ड में विकास यात्रा के दौरान विकास कार्यों का लोकार्पण करते हुये।

भिण्ड, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हम विकास यात्राओं की शुरुआत कर रहे हैं। यह यात्राएं सभी ग्रामों एवं शहरी वार्डों में जाएंगी। यह यात्राएं कोई कर्मकांड नहीं होंगी, यह जनता की जिंदगी बदलने का अभियान है। श्री चौहान ने कहा कि विकास यात्रा का मकसद शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करना है। उन्होंने कहा कि विकास यात्राओं में लोकार्पण, शिलान्यास और हितलाभ का वितरण भी किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार गरीबों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। गरीब के लिए राशन, पढ़ाई, दवाई और आवास की व्यवस्था के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। भू-माफियाओं से शासकीय जमीन छुड़ाकर गरीबों के लिए आवास बनाये जा रहे हैं। आयुष्मान योजना में कार्डधारी परिवारों को एक साल में 5 लाख तक रुपये की उपचार सुविधा भी दी जा रही है। लाड़ली लक्ष्मियों और गरीब एवं मध्यम वर्गीय प्रतिभाशाली बच्चों की उच्च शिक्षा की फीस भी राज्य सरकार द्वारा भरी जा रही है। भिण्ड जिले में 48 बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए 25 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। साथ ही मेधावी छात्र योजना में बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 1600 से अधिक बच्चों को लैपटॉप वितरित किये जा चुके हैं।

महिलाओं के लिये लाड़ली बहना योजना

श्री चौहान ने कहा कि मैं अपनी बहनों की जिंदगी को आसान बनाता चाहता हूं। पूर्व से संचालित योजनाओं के साथ अब 'लाड़ली बहना' योजना मेरी बहनों की जिंदगी संवारेगी। योजना में बहनों को हर माह एक हजार रुपये और साल में 12 हजार रुपये और 5 साल में 60 हजार रुपये देने की व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो कहीं नहीं हुआ, वह मध्यप्रदेश में हुआ है। जो किसी ने नहीं किया वह आपका भाई शिवराज करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान से प्रदेश में 83 लाख ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित किया गया है।

श्री चौहान ने प्रदेश की उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि से 2 लाख 25 हजार करोड़ रुपये किसानों के खातों में डाले गए हैं। उन्होंने कहा कि कनेरा सिंचाई योजना भी स्वीकृत हो गई है। हमें 65 लाख हेक्टेयर तक सिंचाई सुविधा बढ़ाना है। उन्होंने भिण्ड जिले के अधिकारियों से कहा कि वे सिंचाई के प्रस्ताव बनायें।

फाइलेरिया उन्मूलन के लिये 8 जिलों में चलेगा मॉस ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान

भोपाल, फाइलेरिया उन्मूलन के लिये प्रदेश के 8 जिलों में मॉस ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान 10 फरवरी से संचालित किया जा रहा है। अभियान में फाइलेरिया की रोकथाम के लिये रीवा, छतरपुर और पन्ना जिले में डीईसी, एलबेंडाजोल एवं आइवरमेक्टिन गोली का सेवन कराया जायेगा। इसी प्रकार दतिया, उमरिया, कटनी, टीकमगढ़ एवं निवाड़ी जिले में डीईसी और एलबेंडाजोल गोली का सेवन हितग्राहियों को समक्ष में कराया जायेगा।

स्वास्थ्य आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने कहा कि मॉस ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान में बूथ एक्टिविटी की गयी है इसके अलावा 13 से 17 फरवरी तक हाउस-टू-हाउस विजिट गतिविधि होगी। अभियान में 20 से 22 फरवरी तक माप-अप राउण्ड होगा।

- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

राज्य-स्तरीय सामुदायिक नेतृत्व युवा समागम

युवा शक्ति के सहयोग से बनाएंगे विकास को जन-आंदोलन - मुख्यमंत्री

भोपाल, ग्राम उत्थान से ही राष्ट्र उत्थान संभव है। विकास को जनआंदोलन बनाना आवश्यक है। मध्यप्रदेश को आत्म-निर्भर बनाने के लिए युवा शक्ति के साथ मिल कर कार्य करेंगे। जनता की जिन्दगी बदलने की जिम्मेदारी युवाओं को लेना है। यदि जज्बा, जिद और जुनून हो तो कोई भी कार्य असंभव नहीं होता। युवाओं की नेतृत्व क्षमता का लाभ जनता को मिलना चाहिए। नेतृत्व प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरा करने वाले युवा सरकार की योजनाओं को जनता तक ले जाने का कार्य करेंगे। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद से जुड़े युवा विभिन्न क्षेत्रों में अद्भुत कार्य कर चुके हैं। भविष्य में भी इनसे ऐसी भूमिका की उम्मीद है। सामुदायिक नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़े युवाओं को विभिन्न सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित जंबूरी मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित सामुदायिक नेतृत्व युवा समागम को संबोधित करते हुये कहीं।

- **सामुदायिक नेतृत्व प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिये नोडल एजेंसी होगी जन अभियान परिषद।**
- **नेतृत्व प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को शासन की योजनाओं के मूल्यांकन के लिये किया जायेगा अधिकृत।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कोर्स शासन के अन्य नियमित पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों के समतुल्य माना जाएगा। उच्च शिक्षा और अन्य विभाग की योजनाओं का लाभ इस पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को मिलेगा।

श्री चौहान ने मध्यप्रदेश के विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश की विकास दर 19.7 प्रतिशत है, जो अन्य सभी प्रांतों से अधिक है। भारत सरकार की रिपोर्ट में इसका उल्लेख है। मध्यप्रदेश का बजट जो कभी 10 से 20 हजार करोड़ होता था, अब 3 लाख करोड़ के पार होने जा रहा है। प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 13 हजार से बढ़ कर एक लाख 37 हजार रुपये हुई है। देश की अर्थव्यवस्था में मध्यप्रदेश का योगदान बढ़ा है।

इंटर्नशिप का कार्य ज्ञान, भक्ति और कर्म का त्रिवेणी संगम - मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में विभिन्न संस्थाओं के साथ एमओयू हुये।

भोपाल, इंटर्नशिप का कार्य ज्ञान, भक्ति और कर्म का त्रिवेणी संगम है। इससे जुड़कर युवा अपनी जिंदगी का एक नया अध्याय प्रारंभ कर रहे हैं। प्रदेश की प्रगति और विकास के लिए आपकी यह इंटर्नशिप मील का पत्थर साबित होगी। यह दुनिया का सबसे बड़ा इंटर्नशिप प्रोग्राम है। दुनिया के लोग इससे जुड़ गए हैं। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित पुलिस ग्राउण्ड में सीएम इंटर्न्स बूटकैंप, मुख्यमंत्री यूथ इंटर्नशिप प्रोग्राम (मुख्यमंत्री जन सेवा मित्र) के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं। कार्यक्रम का आयोजन अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री यूथ इंटर्नशिप प्रोगाम में चयनित युवाओं को नियुक्ति-पत्र वितरित किए। कार्यक्रम में एएा ने विभिन्न 8 संस्थाओं के साथ एमओयू किया।

श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता बन गए हैं। उनके नेतृत्व में देश विकास के नए सोपान गढ़ रहा है। अनेक योजनाएं प्रधानमंत्री जी चला रहे हैं। अद्भुत कार्य कर रहे हैं। भारत नजरें झुका कर नहीं आंखें मिलाकर दुनिया से बात करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सब उनके आत्म-विश्वास और कठिन परिश्रम से संभव हो रहा है। सभी युवाओं को भी अपने आप पर भरोसा रख कर कार्य करना चाहिए।

रेल बजट

मध्यप्रदेश के लिये 13 हजार 607 करोड़ रुपये का आवंटन

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश राज्य को रेल बजट 2023-24 में 13 हजार 607 करोड़ रुपये आवंटन मिलने पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण और केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2009 से 2014 के औसत आवंटन 632 करोड़ रुपये से वर्ष 2023-24 का आवंटन 13 हजार 607 करोड़ रुपये है जो 21.5 गुना अधिक है। इस बजट आवंटन से मध्यप्रदेश राज्य में विभिन्न रेल परियोजनाओं एवं अधोसंरचनात्मक कार्यों के साथ-साथ रेलवे के आधुनिकीकरण को गति मिलेगी।

अमृत भारत स्टेशन स्कीम में मध्यप्रदेश के 80 रेलवे स्टेशन विश्व-स्तरीय स्तर के बनेंगे। इनमें अकोदिया, आमला, अनूपपुर, अशोकनगर, बालाघाट, बापापुरा, बरगवां, ब्यौहारी, बेरछा, बैतूल, भिण्ड, भोपाल, बिजुरी, बीना, ब्यावरा-राजगढ़, छिंदवाड़ा, डबरा, दमोह, दतिया, देवास, गाडरवाड़ा, गंजबासौदा, घोड़ाडोंगरी, गुना, ग्वालियर, हरदा, हरपालपुर, होशंगाबाद, इंदौर, इटारसी जंक्शन, जबलपुर, जुन्नारदेव, करेली, कटनी जंक्शन, कटनी मुड़वारा, कटनी साउथ, खाचरौद, खजुराहो, खण्डवा, खिरकिया, लक्ष्मीबाई नगर, मैहर, मक्सी, मण्डला फोर्ट, मंदसौर, एमसीएस छतरपुर, मेघनगर, मुरैना, मुलताई, नागदा, नैनपुर, नरसिंहपुर, नीमच, नेपानगर, ओरछा, पाण्डुर्णा, पिपरिया, रतलाम, रीवा, रठियाई, सांची, संत हिरदाराम नगर, सतना, सागर, सीहोर, सिवनी, शहडोल, शाजापुर, शामगढ़, श्योपुरकलां, शिवपुरी, श्रीधाम, शुजालपुर, सीहोरा रोड, सिंगरौली, टीकमगढ़, उज्जैन, उमरिया, विदिशा और विक्रमगढ़ आलोट शामिल हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

4 फरवरी

आगामी चुनावों में नहीं होगा रिमोट वोटिंग मशीन का इस्तेमाल

● केंद्रीय कानून मंत्री श्री किरेन रिजिजू ने कहा कि देश में आगामी चुनावों में रिमोट वोटिंग मशीन के इस्तेमाल का कोई प्रस्ताव नहीं है। श्री रिजिजू ने लोक सभा में एक सवाल का जवाब देते हुये कहा कि चुनाव आयोग के अनुसार उसने आने वाले चुनाव में रिमोट वोटिंग मशीन का लागू करने के लिये प्रस्ताव नहीं भेजा है। इसके अलावा रिमोट वोटिंग मशीन का इस्तेमाल अप्रवासी भारतीय नागरिकों (एनआरआई) मतदाताओं के लिये नहीं होगा। अभी चुनाव आयोग ने रिमोट वोटिंग मशीन के संबंध में सभी राजनीतिक दलों को नोट भेजा है और इसके इस्तेमाल पर सुझाव मांगे हैं।

● भारत ने पिछले पांच वर्षों (वर्ष 2017-18 से 2021-22 तक) में 1.93 लाख करोड़ रुपये के सैन्य उपकरण खरीदे हैं। यह जानकारी केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री श्री अजय भट्ट ने दी। उन्होंने कहा कि सेना में स्वदेशी रक्षा उपकरणों की खरीद को बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिन प्रमुख रक्षा उपकरणों का आयात किया गया है, उनमें हेलीकॉप्टर, विमान राडार, रॉकेट, बंदूकें, राइफलें, मिसाइल और गोला-बारूद शामिल है। श्री भट्ट ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया पहल पर ध्यान देने के साथ रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया में स्वदेशी रक्षा क्षमता बढ़ाने और विदेशों रक्षा उपकरणों पर निर्भरता कम करने की पहल की जा रही है।

5 फरवरी

भारतीय सेना ने किया अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में बदलाव

● भारतीय सेना ने अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। अब सेना में शामिल होने के इच्छुक उम्मीदवारों को भर्ती दौड़ रैली से पहले ऑनलाइन संयुक्त प्रवेश परीक्षा (सीईई) देनी होगी। सीईई को पास करने वाले उम्मीदवार ही फिजिकल और मेडिकल टेस्ट में शामिल हो सकेंगे। सेना ने कहा कि इस वर्ष भारतीय सेना में 40 हजार अग्निवीरों की भर्ती होनी है। ये भर्ती नई प्रक्रिया के तहत होगी। नई प्रक्रिया के तहत पहली ऑनलाइन संयुक्त प्रवेश परीक्षा इस वर्ष अप्रैल में देशभर के लगभग 200 परीक्षा केंद्र पर हो सकती है। माना जा रहा है कि सेना के इस कदम से सेना भर्ती रैलियों के दौरान होने वाली भीड़ कम होगी और व्यापक तौर पर युवा अग्निवीर योजना के तहत परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।

● केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी ने कहा कि सरकार देश में सड़क दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मानवीय क्षति को कम करने के लिये प्रयासरत है, इसके लिये सड़कों की साइनेज प्रणाली को सुधारने के लिये व्यापक बदलाव किया जायेगा। श्री गडकरी ने कहा कि देश में नेशनल हाइवे और एक्सप्रेस-वे में लेन अनुशासन के लिये भी कुछ योजनाओं पर काम चल रहा है। इन दोनों पहलों से सड़क सुरक्षा को बल मिलेगा।

6 फरवरी

चीन सहित विदेशी कंपनियों के 232 एप किये गये प्रतिबंधित

● केंद्र सरकार ने सट्टेबाजी, जुआ (गैंबलिंग) और अनाधिकृत रूप से कर्ज देने में शामिल चीन सहित विदेशी कंपनियों के 232 एप पर प्रतिबंध लगा दिया है। गृह मंत्रालय की सिफारिश के बाद इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस एप पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। इस आदेश के अनुसार सट्टेबाजी, जुआ और मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल 138 एप पर तत्काल प्रतिबंधित किया गया है। इसके अलावा अनाधिकृत ऋण सेवा में शामिल 94 एप को ब्लॉक करने का आदेश भी जारी किया गया है। इन एप को चीन सहित विदेशी कंपनियों द्वारा संचालित किया जा रहा था। ये एप देश की आर्थिक स्थिरता के लिये खतरा हो सकते हैं।

● अमेरिकी वीजा हासिल करने का इंतजार कर रहे भारतीय नागरिकों के लिये अमेरिका ने नई पहल शुरू की है। इस पहल के तहत भारतीय नागरिक अब दूसरे देशों से भी अमेरिकी वीजा के लिये आवेदन कर सकते हैं। भारत में स्थित अमेरिकी दूतावास ने बताया कि विदेश यात्रा कर रहे भारतीय नागरिक उस देश में मौजूद अमेरिकी दूतावास या वाणिज्य दूतावास से वीजा आवेदन कर सकते हैं। अमेरिकी वीजा अधिकारी ने बताया कि ये कदम बैकलॉग की संख्या को घटाने के साथ ही भारत में कुछ केंद्रों पर अमेरिकी वीजा के लिये 500 से ज्यादा दिनों तक की लंबी प्रतिक्षा अवधि को घटाने के लिये उठाया गया है। उन्होंने बताया कि भारत में अमेरिकी मिशन ने दो सप्ताह पहले 2.5 लाख से अधिक अतिरिक्त बी-1 और बी-2 वीजा अपॉयमेंट जारी किये हैं।

7 फरवरी

नौसेना ने की विक्रांत पर हल्के लड़ाकू विमान की सफल लैंडिंग

● भारतीय नौसेना ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बढ़ाया है। नौसेना ने स्वदेश में निर्मित आईएनएस विक्रांत पर हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए) की सफल लैंडिंग की है। नौसेना ने कहा कि इस सफल लैंडिंग ने स्वदेशी लड़ाकू विमान के साथ स्वदेशी विमान वाहकपोत को डिजाइन, विकसित, निर्माण और संचालित करने की भारतीय क्षमता प्रदर्शित होती है। नौसेना ने कहा कि भातीय नौसेना के पायलटों द्वारा आईएनएस विक्रांत पर एलसीए की लैंडिंग एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह विमान वाहक पोत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने में सक्षम होगा। आईएनएस विक्रांत देश का पहला स्वदेशी विमान वाहक पोत है। इसे सितम्बर, 2022 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नौसेना में कमीशन किया था।

● केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने नई हज नीति जारी कर दी है। नई हज नीति के तहत अब हज यात्रियों को हज यात्रा पर कम खर्च करना होगा। हज पैकेज को प्रति व्यक्ति 50 हजार रुपये सस्ता कर दिया गया है। अब हज पॉलिसी के तहत 45 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाएं अब मेहरम के बिना भी अकेले हज के लिये आवेदन कर सकेंगी। इसके अलावा अब हज यात्रियों से बैग, सूटकेस, छाता या चादर ले जाने के लिये अतिरिक्त शुल्क भी नहीं लिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि भारत को इस वर्ष हज के लिये लगभग 1.75 लाख यात्रियों का कोटा मिला है।

8 फरवरी

एमबीबीएस इंटर्नशिप की कट ऑफ डेट 11 अगस्त तक बढ़ी

● केंद्र सरकार ने चिकित्सा पाठ्यक्रम एमबीबीएस के एग्जिट्रेंस के लिये एक वर्ष की अनिवार्य इंटर्नशिप पूरी करने की कट ऑफ तारीख 11 अगस्त, 2023 तक बढ़ा दी है। इससे पहले यह तारीख 30 जून थी। नेशनल बोर्ड ऑफ एजामिनेशन इन मेडिकल साइंस (एनबीईएमएस) ने एक नोटिस जारी कर बताया कि सरकार ने नीट-पीजी 2023 के लिये पात्रता के उद्देश्य से एमबीबीएस इंटर्नशिप पूरा करने के लिये कट ऑफ डेट 11 अगस्त की है। इसके अलावा सरकार ने बीडीएस छात्रों को भी राहत दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि विलंबित इंटर्नशिप के कारण देशभर के 3 हजार से अधिक बीडीएस छात्र नीट-एमडीएस 2023 परीक्षा के लिये पात्र नहीं थे, इसलिये सरकार बीडीएस छात्रों के लिये इंटर्नशिप पूरा करने की अंतिम तिथि 30 जून, 2023 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है।

● भारतीय उद्योगों को स्टार्टअप्स के साथ साझेदारी करनी चाहिये और अपने उत्पाद विकसित करने के लिये उनके संसाधनों का उपयोग करना चाहिये। यह बात केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने उद्योग संगठन सीआईआई द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कही। वित्त मंत्री ने कहा कि भारतीय उद्योगों को निवेश को बढ़ावा देने वाले 'आउट ऑफ द बॉक्स' नवाचार करने चाहिये। उन्होंने कहा कि उत्पादों और टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल के लिये स्टार्टअप्स के साथ काम करना चाहिये।

9 फरवरी

आरबीआई ने एक बार फिर किया रेपो रेट में इजाफा

● भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने मौजूदा वित्तीय वर्ष की आखिरी मौद्रिक नीति समीक्षा में एक बार फिर रेपो रेट में वृद्धि की है। आरबीआई ने रेपो रेट 0.25 प्रतिशत तक बढ़ायी है। अब रेपो रेट की दर बढ़कर 6.50 प्रतिशत हो गयी है। आरबीआई ने लगातार छठवीं बार रेपो रेट में वृद्धि की है। रेपो रेट में बढ़ोत्तरी की घोषणा करते हुए आरबीआई के गवर्नर श्री शक्तिकांत दास ने कहा कि देश में अगले चार महीनों में महंगाई की दर चार प्रतिशत से ऊपर बने रहने की संभावना है। उन्होंने कहा कि मौजूदा आर्थिक स्थिति पर विचार करते हुये मौद्रिक नीति समिति ने रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत का इजाफा करने का निर्णय लिया।

● भारत ने चीन से सटी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सड़क, पुल और सुरंगों के निर्माण कार्य को उच्च प्राथमिकता में डाल दिया है। केंद्रीय विदेश मंत्री श्री एस. जयशंकर ने बताया कि भारत अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले में एलएसी के पास दुनिया के सबसे ऊंचे स्थान पर सुरंग का निर्माण कर रहा है। यह स्थान 13 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा पूर्वी लद्दाख से लेकर सिक्किम तक और पूर्वोत्तर में अरुणाचल प्रदेश तक एलएसी के पास रणनीतिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण इलाकों में बारहमासी सड़कों का निर्माण किया जा रहा है।

10 फरवरी

मिशन गगनयान के क्रू मॉड्यूल रिकवरी मॉडल का परीक्षण

● भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने भारतीय नौसेना के साथ मिलकर अपने महत्वाकांक्षी मिशन गगनयान की तैयारियों के तहत वाटर सर्वाइवल टेस्ट फैसिलिटी (डब्ल्यूएसटीएफ) में क्रू मॉड्यूल रिकवरी मॉडल का शुरुआती परीक्षण किया है। यह परीक्षण मिशन गगनयान के लिये क्रू मॉड्यूल रिकवरी ऑपरेशंस की तैयारी का हिस्सा है, जो कि समुद्र में किया जायेगा। मिशन गगनयान के पूरे रिकवरी ऑपरेशंस का नेतृत्व भारतीय नौसेना कर रही है। इसरो ने कहा कि मिशन गगनयान के तहत तीन सदस्यीय चालक दल को तीन दिवसीय मिशन के लिये अंतरिक्ष में 400 किलोमीटर की कक्षा में लॉन्च करके और उन्हें सुरक्षित पृथ्वी पर वापस लाया जायेगा।

● अमेरिकी सरकार ने वीजा बैकलॉग को खत्म करने के लिये प्रेसिडेंशियल कमीशन की सिफारिशें लागू कर दी हैं। इन सिफारिशों के लागू होने से अमेरिकी दूतावासों में वीजा बैकलॉग खत्म होगा और लोगों को जल्द ही अमेरिकी वीजा भी मिल सकेगा। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि कोविड के बाद जब से अमेरिका ने प्रतिबंधों में छूट दी है, तब से अमेरिका जाने वाले लोगों की संख्या में भारी उछाल देखने को मिला है। इसकी वजह से अमेरिकी दूतावासों में वीजा इंटरव्यू के लिये भारी संख्या में आवेदन आये हैं। वीजा बैकलॉग होने से विद्यार्थियों और पर्यटकों को वीजा हासिल करने में परेशानी का सामना करना पड़ा है।

RECRUITMENT

Applications are invited for following faculty position :

Professor/Associate Professor/Assistant Professor

Qualification as per AICTE/UGC latest norms Under College Code-28 for DAVV
• MBA (FT)/ MBA-HA • BBA (Plain & Hospital Administration) • B.Sc. (Comp. Sci.) • B.Com. (Comp. App., Plain, Taxation)
(Economics / Hindi / English / Physics / Maths / Commerce Management / Statistics / Taxation)

Interested candidates can send their CV at the address below or email us at E : hr@sait.ac.in within 7 days

Sri Aurobindo Institute of Technology | Sri Aurobindo Institute of Management & Science

SAIMS Campus, Indore-Ujjain State Highway, Indore-453555 (M.P.) Madhya

R-48179/2023

APPOINTMENTS

PROFESSOR, ASSOCIATE PROFESSOR & ASSISTANT PROFESSOR FOR
Management, Commerce, Law, English, History, Political Science, Sociology, Economics, Chemistry, Pharmaceutical Chemistry, Biotechnology, Microbiology, Computer Science, Psychology, Physics and Mathematics.

Interested candidates may send their CVs or email at aimsr@acropolis.in within seven days.

Qualification, experience & salary as per UGC/BCI norms. Faculty selection will be done under college code 28.

PAWAN

Acropolis Institute of Management Studies & Research
Acropolis Faculty of Management & Research

ACROPOLIS Enlightening Wisdom | Indore Bypass Road, Manglia Square, Near Toll Plaza, Indore (M.P.) | Ph. : 0731-4730093,4730187

R-48180/2023

साप्ताहिक
रोज़गार और निर्माण
में विज्ञापन के लिए दरें

टैरिफ

क्रमांक	ब्लैक एंड व्हाइट रेट प्रति वर्ग सेंमी (Sq Per cm)	रंगीन रेट प्रति वर्ग सेंमी (Sq Per cm)
1. डीएवीपी (DAVP) रेट	13.36	18.70
2. कॉन्ट्रेक्ट रेट	70.00	98.00
3. कमर्शियल रेट	80.00	112.00

फुल पेज का आकार

चौड़ाई - 25 सेंटीमीटर
लंबाई - 37 सेंटीमीटर
कुल वर्ग सेंटीमीटर - 925 वर्ग सेंटीमीटर



संपर्क करें :
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
ई मेल : madhyam.rojgar@gmail.com Website : www.mpmadhyam.in

नोट : 1. 5% जीएसटी (GST) शुल्क अलग से देय होगा।
2. 4.5x5 सेंमी (cm) से कम का विज्ञापन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वर्ष 40, अंक 7 13.02.2023 से 19.02.2023

रोज़गार और निर्माण

www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - राघवेन्द्र कुमार सिंह
● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
● आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इससे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

भारतीय पुलिस सेवा मीट - 2023

मध्यप्रदेश पुलिस ने कोरोना के कठिन काल में सड़क पर देशभक्ति और जनसेवा के भाव को चरितार्थ किया है। जब सभी लोग घरों में थे, तब पुलिस के जवान और अधिकारियों ने अपनी जान हथेली पर रख, सिर पर कफन बांधकर व्यवस्थाएं संभाली और लोगों की मदद की। मध्यप्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति निश्चित रूप से बेहतर है। प्रदेश को शांति का टापू माना जाता है। हमें सायबर क्राइम, नशे की बढ़ती लत और डूबते सामाजिक मूल्यों की चुनौतियों के साथ बेहतर कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिये कार्ययोजना और रणनीति पर विचार करने की आवश्यकता है। वर्ष 2047 तक पुलिस का स्वरूप क्या होगा, क्या चुनौतियां होंगी, इस पर विचार-विमर्श के लिये भोपाल में कॉन्क्लेव किया जायेगा। जिला स्तर पर भी आईजी, एसपी, एसडीओपी, इंस्पेक्टर सहित अन्य अमले के साथ ब्रेन स्टॉर्मिंग सेशन किये जायें। उपरोक्त बातें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहीं। मुख्यमंत्री भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में भारतीय पुलिस सेवा मीट-2023 के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। गृह मंत्री डॉक्टर नरोत्तम मिश्रा, पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर कुमार सक्सेना और आईपीएस एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री विपिन माहेश्वरी विशेष रूप से इस अवसर पर उपस्थित थे। मीट में भोपाल तथा जिलों में पदस्थ आईपीएस तथा मध्यप्रदेश कैडर के सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी शामिल हुये। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि देश में मध्यप्रदेश पुलिस की अलग पहचान है। प्रदेश में दस्यु उन्मूलन, नक्सल गतिविधियों पर नियंत्रण का मामला हो या कश्मीर में कबायलियों की घुसपैठ, देश के उत्तर-पूर्वी राज्यों की अशांति हो या पंजाब का आतंकवाद, प्रदेश पुलिस के अधिकारी और कर्मचारियों ने अपने दायित्व और कर्तव्यों का पूरी प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन किया। देश की अखंडता और एकता को बनाये रखने में मध्यप्रदेश पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, हमें उन पर गर्व है। मुख्यमंत्री ने पूर्व अधिकारी श्री के.पी.एस. गिल, श्री सरबजीत सिंह, श्री विजय यादव तथा श्री डोभाल के योगदान का उल्लेख भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश पुलिस के अधिकारियों के निर्णय क्षमता और प्रभावी कार्यवाहियों का ही परिणाम है कि वर्तमान में प्रदेश में कोई दस्यु गिरोह नहीं बचा है। हॉकफोर्स द्वारा नक्सलियों पर की गई कार्यवाही बड़ी उपलब्धि है। माफियाओं और अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की कमर तोड़ना भी जरूरी है। प्रदेश में ऐसे तत्वों से 23 हजार एकड़ भूमि मुक्त करायी गयी है। यह भूमि गरीबों में बांटी जायेगी। बहन-बेटियों के साथ दुर्व्यवहार की घटनाएं चिंताजनक हैं। प्रत्यक्ष अपराधियों पर तो पुलिस नियंत्रण कर रही है, परंतु समाज में विद्यमान इस बुरी मानसिकता के विरुद्ध जागरूकता और वातावरण निर्माण की आवश्यकता है। सायबर क्राइम, चिट फंड कंपनियों और नशे की गतिविधियों में लगे व्यक्तियों के विरुद्ध व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जाना आवश्यक है। इन गतिविधियों के संबंध में जागरूकता से जनसामान्य में सतर्क और सावधान रहने की प्रवृत्ति बढ़ती है। इसके सकारात्मक परिणाम मिलते हैं। प्रदेश पुलिस को सामुदायिक पुलिसिंग को प्रोत्साहित करना होगा और अपने समाज सुधारक स्वरूप को विस्तार देना होगा।

बुढ़ापा देरी से आये इसलिये पर्याप्त पानी पियें

रोजमर्रा के जीवन में हमसे यह अक्सर कहा जाता है कि हमें पर्याप्त पानी पीना चाहिये। पर्याप्त पानी पीने से व्यक्ति स्वस्थ रहता है, लेकिन हाल ही में पर्याप्त पानी पीने के एक और गुण का पता चला है। बताया गया है कि पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से बुढ़ापा जल्दी नहीं आता है। इससे समय से पहले मौत का खतरा भी कम हो जाता है। यदि उचित मात्रा में पानी पीते रहें तो पुरानी बीमारियों के फिर से उभरने का जोखिम भी कम हो जाता है। अमेरिका के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ की ओर से किये गये एक शोध में यह दावा किया गया है। शोध के प्रमुख शोधार्थी नतालिया दिमित्रिवा ने कहा, शोध के परिणाम बताते हैं कि पर्याप्त मात्रा में पानी पीने से जीवन रोग मुक्त होता है। इससे शरीर स्वस्थ रहता है, जिससे बुढ़ापा देर से आता है। आप बिना बीमारी के लंबा जीवन जी सकते हैं। तापमान को नियंत्रित करने और त्वचा के लिये भी यह महत्वपूर्ण है, उन्होंने कहा, हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि ऐसे कौन-से उपाय खोजे जायें, जिससे जल्दी बुढ़ापा आने की प्रक्रिया को धीमा किया जा सके। ऐसा इसलिये जरूरी है, क्योंकि आयु संबंधी बीमारियां तेजी से उभर रही हैं। चूहों पर किये जा चुके एक शोध के नतीजों के आधार पर शोधार्थियों ने पाया कि कम मात्रा में पानी पीने पर बुढ़ापा आने की प्रक्रिया तेज हो जाती है। इस अध्ययन में चूहों को जीवनभर कम पानी दिया गया था। इससे चूहों में पांच मिलीमोल प्रति लीटर सोडियम बढ़ गया और इससे उनका जीवनकाल 6 महीने कम हो गया। अब ताजा अध्ययन के निष्कर्ष कहते हैं कि चूहों की तुलना में मनुष्य का जीवन इससे 15 साल तक कम हो सकता है। बता दें कि सोडियम को रक्त के जरिये मापा जा सकता है। कम पानी पीने से यह शरीर में बढ़ जाता है। शरीर में तरल का संतुलन बनाये रखने के लिये यह जरूरी होता है। रिपोर्ट के अनुसार यह अध्ययन 11,255 लोगों पर किया गया। 1987 से इन लोगों की पानी पीने की आदतों के आंकड़े जुटाए जा रहे थे। शोध में हिस्सा लेने वाले ये लोग तब 40 से 50 साल की उम्र के थे।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं।)

विश्व रेडियो दिवस | 13 फरवरी

रेडियो की भूमिका को रेखांकित करता एक दिन

तेरह फरवरी को प्रतिवर्ष पूरी दुनिया में विश्व रेडियो दिवस मनाया जाता है। विश्व रेडियो दिवस पहली बार वर्ष 2012 में मनाया गया था। एक सामुदायिक श्रव्य माध्यम के रूप में रेडियो की एक निर्विवाद और महत्वपूर्ण भूमिका हमेशा से रही है। शिक्षा के प्रसार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सार्वजनिक बहस में रेडियो की भूमिका को रेखांकित करने के लिए ही - 'यूनेस्को' (संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन) द्वारा पहली बार वर्ष 2012 में 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाया गया था। फरवरी की 13 तारीख को ही विश्व रेडियो दिवस के लिए इसलिए चुना गया क्योंकि 13 फरवरी, सन् 1946 को ही संयुक्त राष्ट्र द्वारा अपने रेडियो प्रसारण की शुरुआत की गई थी। अगर रेडियो की पहुंच की बात की जाए तो पूरी दुनिया की पिन्च्यानवे प्रतिशत जनसंख्या तक इसकी पहुंच है। रेडियो दूर-दराज के समुदायों और छोटे-छोटे समूहों तक कम लागत पर पहुंचाने वाला संचार का सबसे सस्ता और सुगम साधन है। आरंभ में बड़े आकार के लकड़ी के कैबिनेट में संयोजित होने से रेडियो की संवहन क्षमता कम थी मगर सतत अनुसंधान के बाद जब रेडियो का अवतरण 'ट्रांजिस्टर' के स्वरूप में हुआ तो प्लास्टिक के आसानी से लाने-ले जाने वाले स्वरूप के कारण रेडियो की पहुंच और भी व्यापक हुई और अब तो रेडियो की घर-घर पहुंच इंटरनेट, मोबाइल और वाई-फाई के जरिए विस्तारित होकर हाथों-हाथ तक पहुंच गई है, जो एक बड़ी सार्वकालिक प्रौद्योगिकी उपलब्धि मानी जाती है।

भारत में रेडियो का हमेशा से गौरवशाली इतिहास रहा है

वर्ष 1936 में भारत में सरकारी 'इम्पीरियल रेडियो ऑफ इंडिया' की शुरुआत हुई थी। देश के आजाद होने के बाद यह प्रसारण 'ऑल इंडिया रेडियो' के नाम से जाना गया जिसे - 'आकाशवाणी, भी कहते हैं। देश में वर्ष 1947 में आजादी के बाद आकाशवाणी के पास छह रेडियो स्टेशन थे और उसकी पहुंच ग्यारह प्रतिशत आबादी तक ही थी। वर्तमान समय में इसी आकाशवाणी के पास सैकड़ों रेडियो स्टेशन हैं और उसकी पहुंच लगभग 99.5 फीसदी भारतीयों तक है। सरकार ने वर्ष 2002 में शिक्षण संस्थाओं को कैंपस रेडियो स्टेशन खोलने की अनुमति दी थी और 16 नवम्बर 2006 को स्वयंसेवी संस्थाओं को रेडियो स्टेशन खोलने की इजाजत भी केंद्र सरकार द्वारा दी गई थी। जैसा कि देशवासी जानते हैं देश को वर्ष 1947 में जब 15 अगस्त को आजादी मिली तो उस ऐतिहासिक खबर को भी लोगों ने रेडियो पर ही सुना था। एक सशक्त श्रव्य माध्यम के रूप में रेडियो का महत्व टेलीविजन के प्रसार के बावजूद यथावत है। सूचना और मनोरंजन के साथ ही शिक्षा के प्रसार का भी यह एक सशक्त माध्यम है और रेडियो केंद्र का दस्तावेजीकरण का प्रभाग इतना प्रभावी और सम्पूर्ण है कि देश का सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनैतिक इतिहास आज तक रेडियो केंद्र के 'आर्काइव' (संग्रह) में संरक्षित है। देश की विरासत को लेखबद्ध और स्वरबद्ध करने में रेडियो की अहम् भूमिका रही है।

इस उपयोगी और प्रेरक आयोजन का श्रेय यूनेस्को को प्राप्त है

यूनेस्को यानी संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन को विश्व रेडियो दिवस के आयोजन का श्रेय प्राप्त

है, क्योंकि यूनेस्को ही प्रतिवर्ष विभिन्न ब्रॉडकास्टर्स, संस्थाओं एवं समुदायों के साथ मिलकर विश्वभर में इसका आयोजन करता है। इस दिवस को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किया जाता है, जिसमें रेडियो को सूचना और संचार के माध्यम के अतिरिक्त इसका दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा के प्रसार में भी इसके महत्व को बताया जाता है। यूनेस्को ने 03 नवम्बर 2011 को यूनेस्को के 36वें सत्र में 13 फरवरी को विश्व रेडियो दिवस मनाये जाने की घोषणा की थी। पहला विश्व रेडियो दिवस वर्ष 2012 में 13 फरवरी को मनाया गया था। विश्व में रेडियो प्रसारण के विस्तार को संयुक्त राष्ट्र अभिव्यक्ति के सशक्त माध्यम के रूप में भी देखता है और इस माध्यम से हम विश्वशांति के संदेश को भी सहजता से विश्व के इस कोने से उस कोने तक पलक झपकते पहुंचा सकते हैं। सूचनाओं के संवहन में भी रेडियो की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और सूचनाओं की विश्वसनीयता पर यदि प्राधिकृत सरकारें निगरानी रखें तो समूचे विश्व को सूचना क्रांति से लाभान्वित किया जा सकता है। यूनेस्को ने इस दिशा में कई, राष्ट्रों को खासकर तीसरी दुनिया के देशों को अपने दैनिक प्रसारण की अधोसंरचना की विकास सम्बन्धी जरूरतों के लिए सहायता भी प्रदान की है।

ऑनलाइन पढ़ाई में उपयुक्त विकल्प बना रेडियो

कोरोना संक्रमण में लॉकडाउन के कारण जब स्कूल-कॉलेज बन्द हो गये थे और इस कारण यहां पढ़ने वाले बच्चों की पढ़ाई बाधित हो गई थी हालांकि तब, स्कूल प्रबंधन ने ऑनलाइन पढ़ाई की व्यवस्था मोबाइल के माध्यम से की थी लेकिन कई क्षेत्रों में नेटवर्क नहीं रहने के कारण बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पाती थी। ऐसे में केंद्र सरकार ने दूरदर्शन और रेडियो के माध्यम से पढ़ाई की व्यवस्था की ताकि छात्र पढ़ सकें।

सरकार ने रेडियो और दूरदर्शन के माध्यम से पढ़ाई की व्यवस्था की है। इतना ही नहीं इस संक्रमण काल में सभी सामुदायिक रेडियो केन्द्रों ने भी मनोरंजन की तुलना में पढ़ाई को तरजीह दी। इस समय रेडियो का सम्पर्क क्षेत्र पढ़ाने वाले शिक्षकों से टेलीविजन की तुलना में ज्यादा था अतः यह खूबी भी काम आई।

विश्व रेडियो दिवस पर होता है महिलाओं की स्थिति पर विमर्श

बदलते वक्त के साथ प्रसारण जगत में महिला पेशेवरों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है और अध्ययन बताते हैं कि महिलाएं इस क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं। प्रसारण के प्रतिष्ठापूर्ण पेशे से जुड़ीं इन पेशेवर महिलाओं ने रेडियो और टेलीविजन पर प्रसारण से जुड़े महिलाओं के एक संगठन इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ वूमेन इन रेडियो एण्ड टेलीविजन की शुरुआत की थी। इस एक वैश्विक संगठन के सहयोग से अब प्रतिवर्ष विश्व रेडियो दिवस पर प्रसारण में महिलाओं की स्थिति पर भी व्यापक विमर्श होता है। आईएडब्ल्यूआरटी का मिशन महिलाओं के विचारों और मूल्यों को सुनिश्चित करने की पहल को मजबूत करना और मीडिया में प्रोग्रामिंग में महिलाओं की भूमिका को सुनिश्चित करना है। यह संगठन संयुक्त राष्ट्र की आर्थिक और सामाजिक परिषद (ईसीओएसओसी) के साथ परामर्श की भूमिका का निर्वाह करता है। यह संगठन विश्व रेडियो दिवस पर सम्मेलनों और कार्यान्वयन परियोजनाओं का आयोजन करता है और प्रसारण से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों को चलाता है और मीडिया संगठनों के साथ सहयोग करता है। यह अंतर्राष्ट्रीय बोर्ड द्वारा प्रबंधित किया जाता है, जो कई स्थानीय आयोजनों और सदस्य गतिविधियों के लिए धन की पहल की देखरेख भी करता है। यह संगठन विश्व रेडियो दिवस पर महिला पेशेवरों की स्थिति की समीक्षा भी करता है।

'रेडियो उत्सव' की परम्परा

विश्व रेडियो दिवस को विशिष्ट आयोजन बनाने के लिए यूनेस्को ने एक और अभिनव प्रयास 'रेडियो उत्सव' मनाने के रूप में आरम्भ किया। नई दिल्ली में यूनेस्को हाउस में भारत का पहला रेडियो उत्सव 13 फरवरी, 2018 को आयोजित किया गया। यह यूनेस्को के साथ साझेदारी में रेडियो और टेलीविजन में महिलाओं के अंतर्राष्ट्रीय संघ द्वारा आयोजित किया गया था। रेडियो उत्सव के आयोजन का उद्देश्य रेडियो प्रसारण से जुड़े पेशेवरों, कार्यक्रम प्रसारणकर्ताओं (ब्रॉडकास्टर्स) और अन्य डिजिटल ऑडियो प्रोग्रामर को एक साथ एक मंच पर लाने का है। इसमें विशेषज्ञ पैनल, प्रदर्शनी और लाइव प्रदर्शनों की चर्चा शामिल है। इसकी चर्चा विश्व रेडियो दिवस 2018 के विषय पर आधारित थी- रेडियो और खेल। उत्सव में सामाजिक परिवर्तन के लिए एक मंच के रूप में खेल की क्षमता की जांच और खेल प्रसारण को और भी रोचक और प्रतिस्पर्धी बनाना था। रेडियो उत्सव में प्रसारण के दोनों स्वरूप टेलीकॉस्टिंग और ब्रॉडकास्टिंग में अपनाई जा रही नई प्रौद्योगिकियों पर विमर्श किया जाता है।

रेडियो उत्सव में प्रसारण की तकनीक ही नहीं प्रसारण की जा रही सामग्री पर भी गंभीर विमर्श किया जाता है । पहले रेडियो उत्सव की इस सफलता से उत्साहित यूनेस्को ने इस श्रृंखला को आगे भी जारी रखने का निश्चय किया।

इंटरनेट रेडियो ने मीडिया को नई दिशा दी है

इंटरनेट रेडियो (जिसे वेब रेडियो, नेट रेडियो, स्ट्रीमिंग रेडियो और ई-रेडियो के नाम से भी जाना जाता है) इंटरनेट के द्वारा प्रसारित एक ध्वनि सेवा है। इंटरनेट पर संगीत की स्ट्रीमिंग को सामान्यतः वेबकॉस्टिंग कहा जाता है। इंटरनेट रेडियो में मीडिया की स्ट्रीमिंग होती है, सुनने वालों को अनवरत ध्वनि का प्रवाह मिलता है जिसे रोका या पुनः बजाया नहीं जा सकता है। इंटरनेट रेडियो प्रवासियों और उन सुनने वालों के बीच लोकप्रिय हो रहा है जिनकी चाहत प्रोग्रेसिव रॉक, एम्बिएंट संगीत, लोक संगीत, शास्त्रीय संगीत और स्टैंड-अप कॉमेडी है और स्थानीय रेडियो सेवा द्वारा वह पर्याप्त रूप में पूरी नहीं हो पा रहीं है। इंटरनेट रेडियो सेवाएं समाचार, खेल और संगीत की विभिन्न शैलियां और हर वो स्वरूप उपलब्ध करवाती है, जो पारम्परिक रेडियो स्टेशनों पर उपलब्ध हैं।

राजा दुबे

(लेखक : जनसम्पर्क के सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं।)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर

क्रमांक 13934/14/2022/चयन इंदौर, दिनांक : 30.01.2023

पदनाम - अस्थि रोग विशेषज्ञ

चयन सूची

आयोग के विज्ञापन क्रमांक **07/2022 दिनांक 28.07.2022** एवं समय-समय पर जारी शुद्धिपत्रादि, सूचनाओं आदि के संदर्भ में विज्ञापित पद - **अस्थि रोग विशेषज्ञ के कुल 57 पद** (अनारक्षित -15 अ.जा. - 09, अ.ज.जा. - 12, अ.पि.वर्ग - 15, ई.डब्ल्यू.एस. - 06) इनमें से महिलाओं हेतु आरक्षित पद - अनारक्षित - 05, अ.जा. - 03, अ.ज.जा. - 04, अ.पि.वर्ग - 05, ई.डब्ल्यू.एस. - 02 (कुल विज्ञापित पदों में से दिव्यांगजन के लिए आरक्षित पद, अस्थिबाधित - 01, दृष्टिबाधित - निरंक, श्रवणबाधित 01 एवं बहु-दिव्यांग - 01 पद आरक्षित) विज्ञापित किए गए हैं। उक्त पदों की पूर्ति के लिए अर्ह आवेदकों के साक्षात्कार **दिनांक 23.01.2023 से 25.01.2023 तक** आयोजित किए गए।

2. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक 07-46/2021/आ.प्र./एक दिनांक 29.09.2022 में दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुपालन में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अंतर्गत संचालनालय, स्वास्थ्य सेवायें के पत्र क्रमांक/1-जी/विज्ञप्र/सेल-संविदा/2022/1655 दिनांक 18.11.2022 में उल्लेखित रिक्ति विवरण के अनुसार आयोग द्वारा विज्ञापित शुद्धि पत्र क्रमांक 01/07/2022 दिनांक 23.11.2022 के माध्यम से उपरोक्त विज्ञापन क्रमांक 07/2022 दिनांक 28.07.2022 के अंतर्गत विज्ञापित पदों का 87 प्रतिशत मुख्य भाग एवं 13 प्रतिशत प्रावधिक भाग की रिक्तियों का पद विभाजन विज्ञापित किया गया है जिसके अनुसार, चयन परिणाम दो भागों में मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग के रूप में घोषित किया जाना प्रावधानित किया गया है। चयन परिणाम केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) का घोषित किए जाने के प्रावधान के तहत मुख्य भाग हेतु पुनरीक्षित रिक्तियों का विवरण निम्नांकित तालिका में अंकित है। उक्त शुद्धि पत्र दिनांक 23.11.2022 के बिन्दु क्रमांक 3 में उल्लेखित कंडिका के अनुसार प्रावधिक भाग का चयन परिणाम अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण के संबंध में प्रचलित न्यायालयीन प्रकरण के अंतिम न्यायिक निर्णय के पश्चात घोषित किया जाएगा।

3. अतएव साक्षात्कार में प्राप्तांकों के गुणानुक्रम के आधार पर निम्नानुसार केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) की चयन सूची घोषित की जाती है :-

1. अस्थि रोग विशेषज्ञ (लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग)

पद विवरण तालिका

	अनारक्षित	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	ई.डब्ल्यू.एस.	योग
कुल पदों की संख्या	15	9	12	8	6	**50**
इनमें से महिलाओं के लिए आरक्षित पद	5	3	4	3	2	
कुल पदों में से अस्थिबाधित दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद				1		
कुल पदों में से श्रवणबाधित दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद				1		
कुल पदों में से बहु-दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद				1		

मुख्य सूची

स.क्र.	अनुक्रमांक	नाम	लिंग		Seat	श्रेणी
1.	8005	SHUBHAM JAIN	M		UNR	UNR
2.	8020	UTKARSH DWIVEDI	M		UNR	UNR
3.	8001	VINAYDEEP BIDOLIYA	M		UNR	UNR
4.	8012	ANKIT JAIN	M		UNR	UNR
5.	8017	ABHISHEK CHATURVEDI	M		UNR	UNR
6.	8091	VIVEK SINGH DHAKAD	M		UNR	OBC
7.	8123	RAVI VERMA	M		UNR	SC
8.	8105	AMOL DUBEPURIA	M	प्रावधिक	UNR	SC
9.	8052	ASHISH SINGH	M		UNR	UNR
10.	8045	SHUBHAM ASATI	M		UNR	UNR
11.	8031	ROHIT SHUKLA	M		UNR	UNR
12.	8146	ARJUN SINGH SASTYA	M		ST	ST
13.	8099	MANOJ MODI	M	प्रावधिक	OBC	OBC
14.	8076	TUSHAR VERMA	M		OBC	OBC
15.	8098	GAJENDRA SINGH	M		OBC	OBC
16.	8142	RAJENDRA SINGH MANDLOI	M		ST	ST
17.	8097	ROHIT BHURRE	M		OBC	OBC
18.	8093	CHETAN SOLANKI	M	प्रावधिक	OBC	OBC
19.	8141	NAMEET PANWAR	M		ST	ST
20.	8130	LAXMI NARAYAN UIKE	M	प्रावधिक	ST	ST
21.	8129	RAJA YADAV	M		SC	SC
22.	8137	SOURABH ALAWA	M		ST	ST
23.	8084	ABHISHEK KUMAR CHOURSIA	M	प्रावधिक	OBC	OBC
24.	8120	HRISHIKESH KUMAR BAKODE	M		SC	SC
25.	8089	AMIT SHIVHARE	M		OBC	OBC
26.	8072	DEVENDRA KUMAR PATKAR	M	प्रावधिक	OBC	OBC
27.	8147	ADITYA JADHAV	M	प्रावधिक	ST	ST
28.	8126	RAVI DIWAKAR	M	प्रावधिक	SC	SC
29.	8138	SURAJ SINGH MARAVI	M		ST	ST
30.	8116	DEEPENDRA CHOUREY	M	प्रावधिक	SC	SC
31.	8119	RAJESH JAMORIA	M		SC	SC
32.	8107	NARENDRA	M	प्रावधिक	SC	SC
33.	8115	PRAKASH CHANDELKER	M		SC	SC
34.	8136	SATYAM KUMAR KUMRE	M	प्रावधिक	ST	ST
35.	8149	SHAILENDRA CHOUHAN	M		ST	ST
36.	8117	RAHUL AHIRWAR	M		SC	SC
37.	8101	ANIL KUMAR PRAJAPATI	M		SC	SC
38.	8150	SHARAD PANWAR	M		ST	ST
39.	8144	ANIL BADUKE	M		ST	ST
40.	8134	BHUPENDRA KUSHWAH	M	प्रावधिक	ST	ST
41.	8022	AMBICA SHARMA	F	प्रावधिक	UNRF	UNR

कार्यालय कार्यपालन यंत्री

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड, रतलाम (म.प्र.)

दूरभाष क्रमांक - 07412-270439, फैक्स क्रमांक - 267740, ई-मेल - eephedrat@mp.nic.in

ISO 9001.2015 Certified Office

क्रमांक 527/नि.लि./लो.स्वा.यां./2023 रतलाम, दिनांक 02.02.2023

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना

(द्वितीय आमंत्रण)

मध्यप्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्य की निविदा सूचना ई-टेण्डरिंग पद्धति से एम.पी. टेण्डर्स पोर्टल **(https://mptenders.gov.in/nicgep/app)** पर आमंत्रित है। ऑनलाइन निविदा **दिनांक 15.02.2023 सायं 17:30 बजे तक** ऑनलाइन निविदा में दी गई Key Dates अनुसार क्रय की जा सकती है।

निविदा का विवरण निम्नानुसार है :–

कार्य का विवरण :– रतलाम जिले के विकासखण्ड रतलाम के विकासखण्ड रतलाम के ग्राम पलदुना एवं पलसोड़ा में जल जीवन मिशन अंतर्गत रेक्ट्रोफिटिंग कार्य के माध्यम से पेयजल व्यवस्था करने हेतु ऑनलाइन नवीन केन्द्रीयकृत एकल पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र 'अपेडिक्स 2.10' पर आमंत्रित की जाती है।

निविदा सूचना क्रमांक	ई-टेण्डर क्रमांक	विकासखण्ड/ ग्राम का नाम	ग्रामों की संख्या	कार्य की अनु. लागत (लाखों में)	धरोहर राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि निविदा में एनेक्जर 'ओ' अनुसार वर्षाकाल सहित	निविदा प्रपत्र का मूल्य
12/22-23	2022_PHED_229569_2	रतलाम	2	346.73	346730	6 माह	15000

शर्तें :–

1. निविदा आमंत्रण सूचना विभाग की वेबसाइट **https://mptenders.gov.in/nicgep/app** पर देखी जा सकती है।
2. निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क ऑनलाइन पेमेंट **https://mptenders.gov.in/nicgep/app** किया जाना है।
3. विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. उक्त निविदा में संशोधन होने पर ऑनलाइन **https://mptenders.gov.in/nicgep/app** देखे जा सकते हैं। अलग से प्रकाशित नहीं किये जावेंगे।

सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन तथा
कार्यपालन यंत्री
जी–22648/48172/2023 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, रतलाम

अनुपूरक सूची

स.क्र.	अनुक्रमांक	नाम	लिंग		श्रेणी
1.	8067	TANMAY DUA	M		UNR
2.	8048	YASH SHARMA	M		UNR
3.	8058	AKSHAY KUMAR TRIVEDI	M		UNR
4.	8027	NIKHIL GUPTA	M	प्रावधिक	UNR
5.	8042	SIDDHARTH SINGH RATHORE	M		UNR
6.	8088	RAJEEV KUMAR SINGH	M	प्रावधिक	OBC
7.	8085	RAVINDRA KUMAR CHAURSIA	M		OBC
8.	8074	JAYANT KOTHALE	M	प्रावधिक	OBC
9.	8090	VIRENDRA SINGH DHAKER	M	प्रावधिक	OBC
10.	8113	ROHIT AJMERIYA	M	प्रावधिक	SC
11.	8110	VAIBHAV BAURASI	M		SC
12.	8143	KAMLESH BHAGORA	M		ST
13.	8148	ROHIT KUMAR MUJALDE	M		ST
14.	8114	AJAY VARUN	M		SC
15.	8131	CHHATRAPAL SINGH CHOUHAN	M	प्रावधिक	ST
16.	8104	HIMANSHU SUMAN	M		SC
17.	8132	RAJENDRA THAKUR	M	प्रावधिक	ST

टीप :-

1. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ-7-46/99/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 07 नवम्बर, 2000 में दिए निर्देशों के तहत अनारक्षित (ओपन) पदों पर चयन हेतु निर्धारित मापदंड के तहत आरक्षित वर्ग के वे ही आवेदक ऐसे ओपन पदों पर चयनित किए गए हैं जो कि हर प्रकार से सामान्य वर्ग के उम्मीदवार के समान ही बिना किसी रियायत के योग्यता प्राप्त किए हों। किसी प्रकार की रियायत को प्राप्त किए बिना तथा मेरिट में आने पर ही आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों का चयन मेरिट गुणानुक्रम के आधार पर अनारक्षित पदों पर किया गया है।
2. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी/3-2/97/3/एक भोपाल, दिनांक 10.02.1997 की कंडिका 05 के परिपालन में घोषित की गई चयन सूची में पर्याप्त संख्या में महिला अभ्यर्थी अनुपलब्ध होने की दशा में महिलाओं हेतु आरक्षित पदों को संबंधित प्रवर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों से भरा गया है।
3. चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद यदि कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि आयोग के संज्ञान में आती है तो आयोग के पास चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
4. विज्ञापित कुल 50 पदों में से 06 पद (ई.डब्ल्यू.एस.-06) अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने के कारण पद रिक्त रहे हैं। कुल विज्ञापित पदों में से दिव्यांग श्रेणी हेतु 03 पद (अस्थिबाधित-01, श्रवणबाधित-01, एवं बहु-दिव्यांग-01 पद) विज्ञापित है परन्तु दिव्यांग श्रेणी हेतु अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने के कारण (अस्थिबाधित-01, श्रवणबाधित-01 एवं बहु-दिव्यांग- 01 पद) कुल 03 पद रिक्त रहे हैं। शासन निर्देश के परिपालन में दिव्यांगजनों के पद रिक्त रहने की स्थिति में अनारक्षित वर्ग के विज्ञापित पदों से उतने ही पद रिक्त रखे जाने का प्रावधान है। अतः कुल 03 पद दिव्यांगजनों के रिक्त पद के विरुद्ध अनारक्षित वर्ग से रिक्त रखे गए हैं। इस प्रकार कुल 06+03 = 09 पद रिक्त रहे हैं।
5. घोषित चयन परिणाम मान. उच्च न्यायालय में लंबित याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी. 5901/2019 एवं डब्ल्यू.पी. 27744/2022 एवं अन्य समान याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा।

सचिव
जी-22581/48168/2023 म.प्र. लोक सेवा आयोग, इन्दौर

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर

राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2020, परीक्षा दिनांक 24.04.2022 से 29.04.2022

परीक्षा परिणाम

विज्ञप्ति क्र. - 14231/22/2022 /अनु.-10 **इंदौर, दिनांक : 05.02.2023**

आयोग द्वारा राज्य सेवा मुख्य परीक्षा - 2020 हेतु विज्ञापन जारी किया गया था जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

01. विज्ञापन क्रमांक-03 / 2020 / 28.12.2020, ऑनलाइन आवेदन अंतिम तिथि 10.02.2021 (1) शुद्धि पत्र क्रमांक- 01/03/2020, दिनांक 10.02.2021 (पद संयोजन के संबंध में ।)

02. उपरोक्त विज्ञापन के अंतर्गत राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2020 जिला मुख्यालय इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, छिंदवाड़ा, रतलाम, सतना, शहडोल एवं बड़वानी के केन्द्रों पर दिनांक 24.04.2022 से 29.04.2022 तक आयोजित की गई थी ।

03. उपरोक्तानुसार जारी विज्ञापन एवं शुद्धि पत्रों के माध्यम से विज्ञापित पदों की कुल संख्या निम्नानुसार है :–

स.क्र.	विवरण	UR	SC	ST	OBC	EWS	TOTAL
(अ)	कुल रिक्तियों की संख्या	61	32	54	87	26	260
(ब)	कुल रिक्तियों में से महिलाओं हेतु आरक्षित रिक्तियां	20	09	19	29	07	84
(स)	कुल रिक्तियों में से भूतपूर्व सैनिकों हेतु आरक्षित रिक्तियां	04	--	03	05	01	13
(द)	कुल रिक्तियों में से दिव्यांगजन हेतु आरक्षित रिक्तियां	(VH-04, HH-05, OH-02, MD-01)					12
Abbreviations :	**UR-** Unreserved, **SC-** Scheduled Caste, **ST-** Scheduled Tribe, **OBC-** Other Backward Classes, **EWS-** Economically Weaker Sections **OH-** Orthopedic Handicapped, **VH-** Visual Handicapped, **HH-** Hearing Handicapped, **MD-** Multiple Disability						

04 राज्य सेवा परीक्षा-2019 के संबंध में माननीय उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं के अंतरिम आदेशों के परिप्रेक्ष्य में एवं सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र. भोपाल के "पत्र क्रमांक- एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक, भोपाल दिनांक 29 सितंबर 2022'' के प्रकाश में आयोग द्वारा अपनी बैठक दिनांक 29.09.2022 के निर्णय क्र.-26 में निम्नलिखित प्रक्रिया का पालन करते हुए राज्य सेवा एवं अन्य भर्ती परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम घोषित करने का निर्णय लिया गया।

परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने हेतु निम्नांकित प्रक्रिया का पालन किया जाए :-

1. सर्वप्रथम सभी विज्ञापनों में अन्य पिछड़ा वर्ग के वर्तमान विज्ञापित पदों को 27 प्रतिशत मान्य करते हुए उन्हें 14 प्रतिशत मुख्य भाग हेतु एवं 13 प्रतिशत प्रावधिक भाग हेतु गणना कर पृथक-पृथक किया जाए। साथ ही समस्त विभागों से 27 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग के विज्ञापित पदों का विभाजित विवरण मांग लिया जाए।
2. उपरोक्त विभाजित 14 प्रतिशत पदों को अन्य वर्गों हेतु विज्ञापित पदों में जोड़कर कुल विज्ञापित पदों के 87 प्रतिशत को मुख्य भाग लेकर परीक्षा परिणाम घोषित किया जाए ।
3. उपरोक्त (1) की गणना के अनुसार प्राप्त अन्य पिछड़ा वर्ग के शेष 13 प्रतिशत पदों के लिए अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को लेकर विज्ञापित पद संख्या के आधार पर प्रावधिक परीक्षा परिणाम घोषित किया जाए। सामान्य प्रशासन विभाग के उपरोक्त पत्रानुसार प्रारंभिक परीक्षा/लिखित परीक्षा में चयनित (शॉर्टलिस्टेड) प्रावधिक अर्ह अभ्यर्थी परीक्षा के अगले प्रत्येक चरण (मुख्य परीक्षा, साक्षात्कार) में प्रावधिक रूप से ही सम्मिलित होंगे। माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय आने के उपरांत वह अपने संबंधित वर्ग (अन्य पिछड़ा वर्ग या अनारक्षित) में रोके गए 13 प्रतिशत पद के विरुद्ध ही चयनित होंगे न कि पूर्व घोषित हो चुके 87 प्रतिशत पद के विरुद्ध।
4. समस्त चयन प्रक्रियाओं में साक्षात्कार आयोजन के समय तक संबंधित विभागों से सामान्य प्रशासन विभाग के संदर्भित पत्र के संदर्भ में पुनरीक्षित अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु विभाजित पद विवरण सहित सभी पदों का विज्ञापित पद विवरण अनिवार्यतः मांग लिया जाए। विभागों से पुनरीक्षित पद विवरण प्राप्त होने के उपरांत विज्ञापित पदों के मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग के पदों की विज्ञप्ति प्रकाशित की जाए।
5. परीक्षा परिणामों के मुख्य भाग (87 प्रतिशत) एवं प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 13 प्रतिशत अनारक्षित) में अर्ह अभ्यर्थी अपने-अपने भाग में ही बने रहेंगे। चयन के किसी भी स्तर पर ये एक दूसरे से अंतर परिवर्तन (इंटरचेंज) हेतु दावा नहीं कर सकेंगे। चयन प्रक्रिया के प्रत्येक अगले चयन हेतु इस आशय का वचन पत्र भी अभ्यर्थियों से अनिवार्यतः प्राप्त किया जाए।
6. साक्षात्कार के उपरांत माननीय न्यायालय को वस्तुस्थिति से अवगत करवाते हुए अंतिम परीक्षा परिणाम जारी करने के पूर्व पूर्वानुमति अनिवार्य रूप से प्राप्त की जाए ।
7. तत्पश्चात् मुख्य भाग (87) प्रतिशत का अंतिम चयन परिणाम घोषित कर अनुशंसा संबंधित विभागों को प्रेषित की जाए।
8. प्रावधिक भाग का अंतिम चयन परिणाम दोनों वर्गों (अनारक्षित एवं अन्य पिछड़ा वर्ग) के लिए तैयार कर दो पृथक-पृथक सीलबंद लिफाफों में रख दिया जाए। माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय के पश्चात जिस भी वर्ग के अभ्यर्थियों के पक्ष में निर्णय होता है वह लिफाफा खोलकर चयन परिणाम घोषित कर विभागों को अनुशंसा प्रेषित की जाए ।
9. सभी लंबित लिखित परीक्षाओं/साक्षात्कार होने वाले या सम्पन्न हो चुके भर्ती परीक्षाओं के परिणाम यथाशीघ्र घोषित किए जाए।
10. उपरोक्त प्रक्रिया का पालन करने के पूर्व सामान्य प्रशासन विभाग के संदर्भित पत्र का उल्लेख करते हुए परिणाम घोषित करने की प्रक्रिया से संबंधित विज्ञप्ति प्रकाशित की जाए।
11. समस्त परिणाम माननीय उच्च न्यायालय में लंबित याचिका डब्ल्यू.पी.-5901/2019 एवं अन्य समान याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अधीन होंगे।

राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2020 का परीक्षा परिणाम निम्नानुसार दो भागों में है - (अ) मुख्य भाग (87 प्रतिशत) तथा (ब) प्रावधिक भाग (13 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग एवं 13 प्रतिशत अनारक्षित श्रेणी हेतु) । तदानुसार अन्य पिछड़ा वर्ग हेतु विज्ञापित कुल पद - 87 है जिसका मुख्य भाग में 14 प्रतिशत के मान से 45 पद तथा प्रावधिक भाग में 13 प्रतिशत के मान से 42 पद लिए गए हैं। मुख्य भाग- अ के लिए पदों का विवरण निम्नानुसार है :-

मुख्य भाग- अ

श्रेणी	कुल पद	भूतपूर्व सैनिक	दिव्यांगजन (PH)
अनारक्षित (UR)	61	04	दृष्टिबाधित (VH) - 04 श्रवणबाधित (HH) - 05 अस्थिबाधित (OH) - 02 बहुविकलांग (MD) - 01
अनुसूचित जाति (SC)	32	-	
अनुसूचित जनजाति (ST)	54	03	
अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	45	05	
आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)	26	01	
कुल	**218**	**13**	**कुल - 12**

मुख्य भाग-अ के लिए साक्षात्कार हेतु उपरोक्त पदों के 03 गुना+समान अंक प्राप्त प्रावधिक रूप से अर्ह कुल अभ्यर्थियों का श्रेणीवार विवरण निम्नानुसार है :-

श्रेणी	कुल पदों के 03 गुना+समान अंक	भूतपूर्व सैनिक 03 गुना+समान अंक	दिव्यांगजन (PH) 03 गुना+समान अंक
अनारक्षित (UR)	203	01	दृष्टिबाधित (VH)-12 श्रवणबाधित (HH) - 07 अस्थिबाधित (OH) - 06 बहुविकलांग (MD) - 01
अनुसूचित जाति (SC)	97	-	
अनुसूचित जनजाति (ST)	162	-	
अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	155	12	
आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS)	81	01	
कुल	**698**	**14**	**कुल-26**

राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2020 के परीक्षा परिणाम में मुख्य भाग-अ के लिए साक्षात्कार हेतु प्रावधिक अर्ह पाए गए कुल-698 अभ्यर्थियों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है :–

MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION

STATE SERVICE MAIN EXAM 2020 PART A (MAIN)

ROLL NUMBER WISE LIST OF CANDIDATES QUALIFIED FOR INTERVIEW

S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.
1.	100002	55.	100286	109.	100575	163.	100961
2.	100003	56.	100287	110.	100587	164.	100970
3.	100006	57.	100300	111.	100591	165.	100978
4.	100007	58.	100305	112.	100614	166.	100993
5.	100012	59.	100311	113.	100624	167.	101000
6.	100013	60.	100324	114.	100635	168.	101001
7.	100019	61.	100332	115.	100638	169.	101009
8.	100021	62.	100333	116.	100640	170.	101029
9.	100028	63.	100334	117.	100643	171.	101049
10.	100033	64.	100348	118.	100649	172.	101052
11.	100034	65.	100355	119.	100654	173.	101059
12.	100041	66.	100357	120.	100669	174.	101075
13.	100043	67.	100358	121.	100672	175.	101077
14.	100044	68.	100367	122.	100688	176.	101080
15.	100047	69.	100369	123.	100692	177.	101084
16.	100050	70.	100374	124.	100696	178.	101101
17.	100053	71.	100384	125.	100697	179.	101104
18.	100057	72.	100393	126.	100701	180.	101119
19.	100062	73.	100398	127.	100702	181.	101125
20.	100063	74.	100399	128.	100709	182.	101130
21.	100065	75.	100405	129.	100712	183.	101145
22.	100081	76.	100410	130.	100715	184.	101164
23.	100098	77.	100412	131.	100718	185.	101193
24.	100113	78.	100418	132.	100739	186.	101202
25.	100114	79.	100420	133.	100744	187.	101211
26.	100115	80.	100427	134.	100751	188.	101213
27.	100123	81.	100428	135.	100754	189.	101226
28.	100128	82.	100450	136.	100759	190.	101233
29.	100136	83.	100452	137.	100763	191.	101235
30.	100146	84.	100453	138.	100774	192.	101262
31.	100147	85.	100456	139.	100780	193.	101266
32.	100148	86.	100457	140.	100789	194.	101274
33.	100149	87.	100467	141.	100794	195.	101278
34.	100152	88.	100468	142.	100798	196.	101295
35.	100166	89.	100471	143.	100804	197.	101299
36.	100175	90.	100480	144.	100806	198.	101306
37.	100177	91.	100487	145.	100812	199.	101317
38.	100179	92.	100492	146.	100817	200.	101322
39.	100180	93.	100505	147.	100820	201.	101326
40.	100201	94.	100507	148.	100825	202.	101331
41.	100203	95.	100510	149.	100830	203.	101340
42.	100211	96.	100517	150.	100831	204.	101347
43.	100217	97.	100519	151.	100839	205.	101349
44.	100225	98.	100523	152.	100847	206.	101361
45.	100232	99.	100525	153.	100868	207.	101367
46.	100234	100.	100526	154.	100870	208.	101372
47.	100243	101.	100528	155.	100877	209.	101387
48.	100248	102.	100533	156.	100882	210.	101392
49.	100257	103.	100538	157.	100890	211.	101406
50.	100258	104.	100545	158.	100919	212.	101412
51.	100263	105.	100546	159.	100920	213.	101418
52.	100271	106.	100547	160.	100937	214.	101421
53.	100282	107.	100562	161.	100947	215.	101425
54.	100284	108.	100563	162.	100960	216.	101426

S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.
217.	101428	301.	101969	385.	102769	469.	103534
218.	101429	302.	101970	386.	102782	470.	103539
219.	101430	303.	101971	387.	102798	471.	103545
220.	101433	304.	101979	388.	102830	472.	103546
221.	101439	305.	101994	389.	102852	473.	103555
222.	101445	306.	102032	390.	102857	474.	103561
223.	101446	307.	102033	391.	102865	475.	103578
224.	101450	308.	102048	392.	102879	476.	103598
225.	101453	309.	102053	393.	102894	477.	103607
226.	101463	310.	102061	394.	102895	478.	103617
227.	101474	311.	102062	395.	102904	479.	103621
228.	101476	312.	102067	396.	102930	480.	103625
229.	101491	313.	102069	397.	102934	481.	103626
230.	101494	314.	102070	398.	102942	482.	103627
231.	101496	315.	102077	399.	102949	483.	103633
232.	101501	316.	102098	400.	102957	484.	103641
233.	101515	317.	102105	401.	102979	485.	103647
234.	101518	318.	102114	402.	102993	486.	103655
235.	101523	319.	102132	403.	102996	487.	103657
236.	101524	320.	102133	404.	103004	488.	103664
237.	101536	321.	102148	405.	103005	489.	103702
238.	101547	322.	102156	406.	103019	490.	103707
239.	101551	323.	102160	407.	103037	491.	103733
240.	101557	324.	102161	408.	103039	492.	103758
241.	101558	325.	102173	409.	103048	493.	103769
242.	101562	326.	102180	410.	103056	494.	103772
243.	101563	327.	102191	411.	103062	495.	103777
244.	101568	328.	102206	412.	103090	496.	103790
245.	101577	329.	102220	413.	103104	497.	103795
246.	101586	330.	102227	414.	103106	498.	103809
247.	101592	331.	102231	415.	103111	499.	103822
248.	101600	332.	102232	416.	103113	500.	103839
249.	101601	333.	102236	417.	103118	501.	103841
250.	101602	334.	102238	418.	103122	502.	103854
251.	101604	335.	102241	419.	103128	503.	103858
252.	101607	336.	102251	420.	103130	504.	103868
253.	101621	337.	102262	421.	103139	505.	103873
254.	101624	338.	102264	422.	103150	506.	103889
255.	101648	339.	102268	423.	103153	507.	103890
256.	101656	340.	102279	424.	103156	508.	103900
257.	101661	341.	102295	425.	103172	509.	103913
258.	101695	342.	102319	426.	103182	510.	103927
259.	101700	343.	102320	427.	103185	511.	103933
260.	101720	344.	102321	428.	103193	512.	103966
261.	101721	345.	102336	429.	103214	513.	103967
262.	101722	346.	102337	430.	103221	514.	103971
263.	101734	347.	102369	431.	103222	515.	104013
264.	101739	348.	102404	432.	103246	516.	104027
265.	101740	349.	102407	433.	103254	517.	104028
266.	101742	350.	102413	434.	103263	518.	104050
267.	101746	351.	102424	435.	103270	519.	104056
268.	101756	352.	102431	436.	103277	520.	104077
269.	101770	353.	102443	437.	103289	521.	104084
270.	101777	354.	102447	438.	103294	522.	104115
271.	101779	355.	102455	439.	103299	523.	104118
272.	101785	356.	102467	440.	103307	524.	104126
273.	101788	357.	102469	441.	103322	525.	104145
274.	101802	358.	102478	442.	103326	526.	104147
275.	101808	359.	102479	443.	103328	527.	104156
276.	101815	360.	102488	444.	103341	528.	104168
277.	101818	361.	102492	445.	103344	529.	104219
278.	101819	362.	102519	446.	103345	530.	104222
279.	101820	363.	102566	447.	103363	531.	104224
280.	101826	364.	102606	448.	103365	532.	104253
281.	101829	365.	102613	449.	103372	533.	104281
282.	101837	366.	102615	450.	103373	534.	104282
283.	101844	367.	102620	451.	103404	535.	104292
284.	101849	368.	102622	452.	103405	536.	104293
285.	101850	369.	102631	453.	103419	537.	104342
286.	101854	370.	102641	454.	103421	538.	104350
287.	101857	371.	102647	455.	103430	539.	104368
288.	101862	372.	102650	456.	103437	540.	104374
289.	101865	373.	102654	457.	103457	541.	104375
290.	101866	374.	102667	458.	103459	542.	104377
291.	101869	375.	102668	459.	103466	543.	104400
292.	101878	376.	102695	460.	103468	544.	104413
293.	101904	377.	102706	461.	103484	545.	104415
294.	101912	378.	102711	462.	103486	546.	104452
295.	101920	379.	102721	463.	103496	547.	104474
296.	101932	380.	102725	464.	103497	548.	104479
297.	101940	381.	102735	465.	103498	549.	104482
298.	101957	382.	102752	466.	103506	550.	104491
299.	101961	383.	102755	467.	103516	551.	104499
300.	101967	384.	102764	468.	103527	552.	104500

S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.
553.	104522	590.	105085	627.	105497	664.	106215
554.	104525	591.	105110	628.	105503	665.	106222
555.	104531	592.	105124	629.	105504	666.	106228
556.	104532	593.	105135	630.	105514	667.	106257
557.	104541	594.	105150	631.	105580	668.	106282
558.	104544	595.	105155	632.	105620	669.	106297
559.	104551	596.	105186	633.	105625	670.	106319
560.	104581	597.	105189	634.	105658	671.	106368
561.	104586	598.	105190	635.	105696	672.	106370
562.	104589	599.	105191	636.	105697	673.	106393
563.	104620	600.	105201	637.	105719	674.	106422
564.	104625	601.	105212	638.	105724	675.	106441
565.	104657	602.	105224	639.	105742	676.	106603
566.	104663	603.	105226	640.	105748	677.	106612
567.	104708	604.	105239	641.	105773	678.	106617
568.	104781	605.	105253	642.	105804	679.	106649
569.	104820	606.	105256	643.	105814	680.	106675
570.	104828	607.	105258	644.	105816	681.	106775
571.	104846	608.	105261	645.	105817	682.	106792
572.	104871	609.	105276	646.	105830	683.	106856
573.	104879	610.	105277	647.	105836	684.	106922
574.	104885	611.	105283	648.	105840	685.	106955
575.	104900	612.	105288	649.	105859	686.	106966
576.	104903	613.	105309	650.	105873	687.	107052
577.	104913	614.	105311	651.	105944	688.	107074
578.	104921	615.	105313	652.	105949	689.	107095
579.	104923	616.	105322	653.	105999	690.	107200
580.	104927	617.	105328	654.	106044	691.	107209
581.	104956	618.	105342	655.	106047	692.	107254
582.	104957	619.	105346	656.	106058	693.	107256
583.	104967	620.	105365	657.	106060	694.	107264
584.	104968	621.	105384	658.	106089	695.	107267
585.	105010	622.	105404	659.	106097	696.	107289
586.	105044	623.	105417	660.	106109	697.	107325
587.	105066	624.	105420	661.	106125	698.	107392
588.	105074	625.	105437	662.	106145		
589.	105083	626.	105461	663.	106148		

प्रावधिक भाग-ब के लिए पदों का विवरण निम्नानुसार है :–

प्रावधिक भाग-ब

श्रेणी	कुल पद
अनारक्षित (UR)	42
अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	42
कुल	**84**

प्रावधिक भाग-ब के लिए साक्षात्कार हेतु विज्ञापित पदों के 03 गुना÷समान अंक प्राप्त प्रावधिक रूप से अर्ह कुल अभ्यर्थियों का श्रेणीवार विवरण निम्नानुसार है :–

श्रेणी	कुल अर्ह अभ्यर्थी
अनारक्षित (UR)	139
अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)	126
कुल	**265**

राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2020 के परीक्षा परिणाम में प्रावधिक भाग-ब के लिए साक्षात्कार हेतु प्रावधिक अर्ह पाए गए कुल-265 अभ्यर्थियों की अनुक्रमांकवार सूची निम्नानुसार है –

MADHYA PRADESH PUBLIC SERVICE COMMISSION

STATE SERVICE MAIN EXAM 2020 PART B (PROVISIONAL)

ROLL NUMBER WISE LIST OF CANDIDATES QUALIFIED FOR INTERVIEW

S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.
1.	100011	25.	100469	49.	101013	73.	101606
2.	100024	26.	100494	50.	101033	74.	101617
3.	100031	27.	100513	51.	101051	75.	101643
4.	100040	28.	100516	52.	101063	76.	101672
5.	100059	29.	100586	53.	101123	77.	101692
6.	100064	30.	100590	54.	101127	78.	101693
7.	100090	31.	100592	55.	101138	79.	101750
8.	100093	32.	100644	56.	101142	80.	101765
9.	100105	33.	100647	57.	101163	81.	101801
10.	100111	34.	100651	58.	101165	82.	101805
11.	100120	35.	100668	59.	101217	83.	101811
12.	100124	36.	100690	60.	101227	84.	101852
13.	100130	37.	100700	61.	101285	85.	101856
14.	100160	38.	100707	62.	101297	86.	101858
15.	100188	39.	100710	63.	101352	87.	101874
16.	100190	40.	100735	64.	101376	88.	101893
17.	100199	41.	100740	65.	101442	89.	101896
18.	100221	42.	100753	66.	101459	90.	101899
19.	100261	43.	100767	67.	101482	91.	101923
20.	100314	44.	100779	68.	101511	92.	101933
21.	100342	45.	100845	69.	101537	93.	101948
22.	100364	46.	100900	70.	101542	94.	101962
23.	100431	47.	100906	71.	101560	95.	101984
24.	100447	48.	100940	72.	101593	96.	102012

S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.	S.No.	Roll No.
97.	102047	140.	103051	183.	104125	226.	105705
98.	102079	141.	103069	184.	104165	227.	105723
99.	102087	142.	103083	185.	104200	228.	105797
100.	102143	143.	103087	186.	104203	229.	105801
101.	102145	144.	103119	187.	104208	230.	105809
102.	102146	145.	103149	188.	104220	231.	105810
103.	102162	146.	103173	189.	104227	232.	105834
104.	102207	147.	103180	190.	104252	233.	105970
105.	102221	148.	103210	191.	104255	234.	105983
106.	102233	149.	103243	192.	104262	235.	105988
107.	102266	150.	103250	193.	104266	236.	105992
108.	102267	151.	103265	194.	104359	237.	106152
109.	102277	152.	103358	195.	104399	238.	106236
110.	102278	153.	103387	196.	104412	239.	106253
111.	102302	154.	103411	197.	104605	240.	106276
112.	102305	155.	103476	198.	104610	241.	106367
113.	102331	156.	103479	199.	104692	242.	106369
114.	102342	157.	103513	200.	104735	243.	106384
115.	102373	158.	103518	201.	104768	244.	106420
116.	102374	159.	103526	202.	104789	245.	106455
117.	102397	160.	103567	203.	104813	246.	106470
118.	102415	161.	103582	204.	104861	247.	106484
119.	102428	162.	103608	205.	104882	248.	106507
120.	102453	163.	103609	206.	104945	249.	106606
121.	102544	164.	103622	207.	104961	250.	106707
122.	102557	165.	103638	208.	104980	251.	106755
123.	102564	166.	103639	209.	104982	252.	106760
124.	102568	167.	103644	210.	104985	253.	106840
125.	102584	168.	103696	211.	105038	254.	107008
126.	102600	169.	103719	212.	105050	255.	107083
127.	102602	170.	103725	213.	105179	256.	107086
128.	102604	171.	103737	214.	105197	257.	107182
129.	102649	172.	103869	215.	105225	258.	107184
130.	102749	173.	103880	216.	105266	259.	107275
131.	102785	174.	103916	217.	105287	260.	107307
132.	102842	175.	103942	218.	105345	261.	107308
133.	102877	176.	103945	219.	105413	262.	107313
134.	102939	177.	103999	220.	105432	263.	107342
135.	102972	178.	104007	221.	105516	264.	107356
136.	102974	179.	104079	222.	105531	265.	107390
137.	102994	180.	104082	223.	105643		
138.	103010	181.	104109	224.	105663		
139.	103050	182.	104122	225.	105674		

अभिलेख प्रेषित करने हेतु निर्देश :-

परिशिष्ट प्रपत्र - 01

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर

विज्ञापन क्रमांक :- 03/2020 दिनांक 28.12.2020

पद/परीक्षा का नाम :- राज्य सेवा मुख्य परीक्षा - 2020

अभ्यर्थी का नाम :– .....अनुक्रमांक :-.....

स. क्र.	दस्तावेज का विवरण	संलग्न दस्तावेजों के पृष्ठ क्रमांक	संलग्नक पृष्ठों की कुल संख्या
1.	व्यक्तिगत विवरण- 1 मूल प्रति।	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
2.	अनुप्रमाणन फॉर्म-3 मूल प्रति।	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
3.	हाईस्कूल की अंकसूची। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
4.	हायर सेकेण्डरी की अंकसूची। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
5.	स्नातक/स्नातकोत्तर की समस्त वर्षों की अंकसूचियां एवं उपाधि। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
6.	शासकीय सेवक हेतु अभिवचन पत्र - 01 मूल प्रति।	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
7.	घोषणा पत्र (किसी भी चयन/परीक्षा में विवर्जित (Debarred) नहीं होने संबंधी) - 01 मूल प्रति।	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
8.	अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को क्रीमीलेयर श्रेणी के अंतर्गत न आने संबंधी प्रस्तुत किए जाने वाला घोषणा पत्र - 01 मूल प्रति।	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
9.	मध्यप्रदेश के मूल निवासी होने की स्थिति में म.प्र. राज्य का रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण-पत्र। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
10.	मूल निवासी/स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र की प्रति (प्रमाण-पत्र में गोल सील, जावक क्रमांक, दिनांक का उल्लेख होना आवश्यक है) (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
11.	ई.डब्ल्यू.एस. श्रेणी का आवेदक होने की स्थिति में ई.डब्ल्यू. एस. का वैध प्रमाण-पत्र की प्रति। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
12.	महिला आवेदकों हेतु विवाहोपरांत/उपनाम परिवर्तन की स्थिति में शपथ पत्र की प्रति। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
13.	आरक्षित श्रेणी होने की स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी म.प्र. शासन का जाति प्रमाण पत्र। विवाहित महिलाओं के मामले में स्वयं के नाम के साथ पिता के नाम का जाति प्रमाण पत्र। (जाति प्रमाण पत्र में जारी करने की दिनांक, गोल सील, एवं प्रकरण क्रमांक का उल्लेख होना आवश्यक है। अन्य राज्य के जारी जाति प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे) (म.प्र. शासन की सेवाओं हेतु निर्धारित प्रारूप में जाति प्रमाण-पत्र मान्य होंगे)। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
14.	शासकीय सेवक होने की स्थिति में विभाग द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण-पत्र की प्रति। अनापत्ति प्रमाण-पत्र न हो तो विभाग को अनापत्ति हेतु प्रस्तुत पत्र की प्रति संलग्न करें। (छायाप्रति)	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
15.	दिव्यांगजन होने की स्थिति में दिव्यांगता का प्रमाण-पत्र की प्रति।	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
16.	भूतपूर्व सैनिक होने की स्थिति में भूतपूर्व सैनिक का प्रमाण-पत्र की प्रति।	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
17.	अन्य कोई आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रतियां जो अभ्यर्थी प्रस्तुत करना चाहता है।	पृष्ठ क्रमांक.....से.....तक	संलग्नक.....
	कुल संलग्नक दस्तावेजों की संख्या (अंकों में)		
	कुल संलग्नक दस्तावेजों की संख्या (शब्दों में)		

दिनांक :-..... **अभ्यर्थी के हस्ताक्षर.....**

05. उपरोक्तानुसार परिशिष्ट प्रपत्र-01 अनुसार क्रम में प्रमाण-पत्रों की प्रमाणित/स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर अभ्यर्थी अपना नाम, अनुक्रमांक, पृष्ठ क्रमांक एवं संलग्नक पृष्ठों की संख्या स्पष्टतः अंकित कर दिनांक **06.03.2023 तक** आयोग कार्यालय प्रेषित करें। डाक विभाग या अन्य किसी माध्यम से प्रेषित किए गए अभ्यर्थियों के दस्तावेज आयोग कार्यालय में विलंब से प्राप्त होने पर आयोग जिम्मेदार नहीं होगा न ही इस संबंध में कोई पत्र व्यवहार मान्य किया जाएगा। अतः अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक अपने दस्तावेज आयोग कार्यालय भेजना सुनिश्चित करें। जिन अभ्यर्थियों के दस्तावेज अंतिम तिथि तक प्राप्त नहीं होंगे उनके विषय में यह माना जाएगा कि वे साक्षात्कार में भाग नहीं लेना चाह रहें हैं, उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। अभ्यर्थी द्वारा आवेदन पत्र में दी गई समस्त जानकारियों की आयोग कार्यालय द्वारा सूक्ष्म जांच करने के उपरांत सही पाए जाने पर ही अभ्यर्थी को साक्षात्कार की पात्रता होगी। साक्षात्कार की दिनांक पृथक से घोषित की जाएगी।

महत्वपूर्ण टीप :-

1. सूची में दर्शाए गए परीक्षा परिणाम पूर्णत प्रावधिक हैं। यदि अभ्यर्थी राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2020 के लिए अधिसूचित नियमों एवं शर्तों को पूर्ण नहीं करते हैं तो साक्षात्कार हेतु उनकी अर्हता स्वतः समाप्त हो जाएगी।
2. आरक्षित वर्ग के वे अभ्यर्थी जिनके प्राप्तांक अनारक्षित वर्ग के प्राप्तांकों के बराबर या अधिक हैं उन्हें अनारक्षित वर्ग में लघुसूचीकृत किया गया है।
3. महिला आरक्षण में आरक्षित वर्ग की वे महिला अभ्यर्थी जिनके प्राप्तांक अनारक्षित वर्ग के प्राप्तांकों के बराबर या अधिक हैं उन्हें अनारक्षित वर्ग में लघुसूचीकृत किया गया है।
4. राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2020 के साक्षात्कार की दिनांक पृथक से घोषित की जाएगी।
5. समस्त न्यायालयीन प्रकरणों का अंतिम चयन परिणाम माननीय न्यायालय के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा।
6. ऑनलाइन आवेदन पत्र में त्रुटिपूर्ण, अपूर्ण, असत्य जानकारी देने अथवा आयोग द्वारा जारी विज्ञापन में चाही गई वांछित औपचारिकताएं पूर्ण न करने के परिणाम स्वरूप चयन के किसी भी स्तर पर अभ्यर्थी की उम्मीदवारी निरस्त की जा सकेगी।
7. साक्षात्कार हेतु प्रावधिक रूप से अर्हं अभ्यर्थियों की सूची आयोग की वेबसाइट **www.mppsc.mp.gov.in** पर उपलब्ध है। यह स्पष्ट किया जाता है कि मुद्रण त्रुटियों के लिए आयोग जिम्मेदार नहीं होगा।
8. उपरोक्तानुसार जारी प्रावधिक लिखित परीक्षा परिणाम का अंतिम चयन परिणाम माननीय उच्च न्यायालय में लंबित याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी.-5901/2019 एवं समान अन्य याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा।
9. अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने अभिलेख **दिनांक 06.03.2023 तक** निम्न पते पर भेजना सुनिश्चित करें :–

प्रति,
सचिव,
मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग,
रेसीडेंसी एरिया, इंदौर (म.प्र.)

लिफाफे पर **राज्य सेवा मुख्य परीक्षा-2020** के साक्षात्कार हेतु अभिलेख अवश्य लिखें।

जी-48171/22663/2023 **उप परीक्षा नियंत्रक**

राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) प्रकोष्ठ
मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग
रेसीडेन्सी एरिया इन्दौर (म.प्र.)-456001
शुद्धि पत्र क्रमांक 01/सेट/2023 दिनांक 17.01.2023

राज्य पात्रता परीक्षा - 2022

EWS वर्ग हेतु पात्रता अंक एवं अर्हक अंक में देय 5% छूट के विलोपन के संबंध में

1. मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. शासन, सहायक प्राध्यापक के पदों पर भर्ती हेतु राज्य पात्रता परीक्षा - 2022 का विज्ञापन क्रमांक 01/सेट/परीक्षा/2023 दिनांक 08.01.2023 आयोग की **वेबसाइट www.mppsc.mp.gov.in** पर जारी किया गया था।
2. विज्ञापन के पृष्ठ क्रमांक 4 में बिन्दु क्रमांक 22 - EWS वर्ग के अभ्यर्थी को केवल शैक्षणिक योग्यता एवं उत्तीर्ण अंक में 5% छूट देय होना लिखा गया है।
3. U.G.C. Net Bureau के पत्र क्रमांक F 4-9/90 (NET) दिनांक 07 October, 2022 के निर्देशानुसार विज्ञापन के पृष्ठ क्रमांक 4 में उल्लेखित बिन्दु क्रमांक 22-''EWS वर्ग के अभ्यर्थी को शैक्षणिक योग्यता एवं उत्तीर्ण अंक में 5% की देय छूट'' को विलोपित किया जाता है।
4. विज्ञापन में अन्य पृष्ठ पर भी उल्लेखित EWS वर्ग के अभ्यर्थी को शैक्षणिक योग्यता एवं उत्तीर्ण अंक में 5% की देय छूट को विलोपित किया जाता है।
5. विज्ञापन की शेष शर्तें पूर्ववत् रहेंगी।

जी-22592/48170/2023 **परीक्षा नियंत्रक (सेट)**

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इंदौर

क्रमांक 14221/15/2022/चयन इंदौर, दिनांक : 04.02.2023

पदनाम - निश्चेतना विशेषज्ञ

चयन – सूची (मुख्य भाग – 87 प्रतिशत)

आयोग के विज्ञापन क्रमांक **08/2022 दिनांक 29.07.2022** एवं समय-समय पर जारी शुद्धिपत्रादि, सूचनाओं आदि के संदर्भ में विज्ञापित पद - **निश्चेतना विशेषज्ञ के कुल 96 पद** (अनारक्षित- 26, अ.जा.- 15, अ.ज.जा.- 19, अ.पि.वर्ग- 26, ई.डब्ल्यू.एस. - 10) इनमें से महिलाओं हेतु आरक्षित पद - अनारक्षित - 09, अ.जा. - 05, अ.ज.जा.- 06, अ.पि.वर्ग - 09, ई.डब्ल्यू.एस. - 03 (कुल विज्ञापित पदों में से दिव्यांगजन के लिए आरक्षित पद - अस्थिबाधित - 02, दृष्टिबाधित - 01, श्रवणबाधित - 02 एवं बहु-दिव्यांग - 01 पद आरक्षित) विज्ञापित किए गए हैं। उक्त पदों की पूर्ति के लिए अर्ह आवेदकों के साक्षात्कार **दिनांक 31.01.2023 से 02.02.2023 तक** आयोजित किए गए।

2. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक 07-46/2021/आ.प्र./एक दिनांक 29.09.2022 में दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुपालन में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अंतर्गत संचालनालय, स्वास्थ्य सेवायें के पत्र क्रमांक/1-जी/विज्ञप्र/सेल-संविदा/2022/1655 दिनांक 18.11.2022 में उल्लेखित रिक्ति विवरण के अनुसार आयोग द्वारा विज्ञापित शुद्धि पत्र क्रमांक 01/08/2022 दिनांक 23.11.2022 के माध्यम से उपरोक्त विज्ञापन क्रमांक 08/2022 दिनांक 29.07.2022 के अंतर्गत विज्ञापित पदों का 87 प्रतिशत मुख्य भाग एवं 13 प्रतिशत प्रावधिक भाग की रिक्तियों का पद विभाजन विज्ञापित किया गया है जिसके अनुसार, चयन परिणाम दो भागों में मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग के रूप में घोषित किया जाना प्रावधानित किया गया है। चयन परिणाम केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) का घोषित किए जाने के प्रावधान के तहत मुख्य भाग हेतु पुनरीक्षित रिक्तियों का विवरण निम्नांकित तालिका में अंकित है। उक्त शुद्धि पत्र दिनांक 23.11.2022 के बिन्दु क्रमांक 3 में उल्लेखित कंडिका के अनुसार प्रावधिक भाग का चयन परिणाम अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण के संबंध में प्रचलित न्यायालयीन प्रकरण के अंतिम न्यायिक निर्णय के पश्चात घोषित किया जाएगा।

3. अतएव साक्षात्कार में प्राप्तांकों के गुणानुक्रम के आधार पर निम्नानुसार केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) की चयन सूची घोषित की जाती है :-

1. निश्चेतना विशेषज्ञ (लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग)

पद विवरण तालिका (मुख्य भाग – 87 प्रतिशत)

	अनारक्षित	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	ई.डब्ल्यू.एस.	योग
कुल पदों की संख्या	26	15	19	13	10	**83**
इनमें से महिलाओं के लिए आरक्षित पद	9	5	6	5	3	

कुल पदों में से अस्थिबाधित दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद	2
कुल पदों में से दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद	1
कुल पदों में से श्रवणबाधित दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद	2
कुल पदों में से बहु-दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद	1

मुख्य सूची

स.क्र.	अनुक्रमांक	नाम	लिंग		Seat		श्रेणी
1.	5525	BIPIN AGRAWAL	M		UNR		UNR
2.	5581	PRIYA JAIN	F		UNRF		UNR
3.	5563	PRAMOD PANDEY	M	प्रावधिक	UNR	Ex	UNR
4.	5515	PRATISTHA JAIN	F		UNRF		UNR
5.	5510	PRACHEE GUPTA	F	प्रावधिक	UNRF		UNR
6.	5538	ASHUTOSH JAIN	M	प्रावधिक	UNR		UNR
7.	5564	ABHISHAK SHARMA	M		UNR		UNR
8.	5560	VAIBHAV GUPTA	M		UNR		UNR
9.	5557	SRISHTI GUPTA	F		UNRF		UNR
10.	5537	PRAVEEN DWIVEDI	M	प्रावधिक	UNR		UNR
11.	5504	NUPUR KHARE	F	प्रावधिक	UNRF		UNR
12.	5584	ANSHUL NEMA	M	प्रावधिक	UNR		OBC
13.	5506	NISHTHA SHARMA	F	प्रावधिक	UNRF		UNR
14.	5522	NEHA GANGWANI	F		UNRF		UNR
15.	5603	BHARAT SINGH GHOSH	M		UNR		OBC
16.	5521	PRANJALEE VERMA	F		UNRF		UNR
17.	5567	RITURAJ SAINI	M		UNR		UNR
18.	5501	IRFAN AHMAD SIDDIQUI	M		UNR		UNR
19.	5548	HIMANSHU JAIN	M	प्रावधिक	UNR		UNR
20.	5593	AMIT CHAURASIA	M	प्रावधिक	OBC		OBC
21.	5520	SHRUTIKA SINGH	F	प्रावधिक	UNRF		UNR
22.	5586	DINESH PATIDAR	M		OBC		OBC
23.	5583	NAGHMA HASAN SIDDIQUI	F	प्रावधिक	OBCF		OBC
24.	5596	RANJANA SINGH	F	प्रावधिक	OBCF		OBC
25.	5623	ABHISHEK TITTAL	M		SC		SC
26.	5600	SONAM SHRIVAS	F		OBCF		OBC
27.	5619	AMIT KUMAR	M		SC		SC
28.	5612	AKASH GAJENDRA	M		SC		SC
29.	5634	KIRTI SISODIYA	F		STF		ST
30.	5615	RAJESH ARYA	M	प्रावधिक	SC		SC
31.	5613	RAJNI CHADAR	F		SCF		SC
32.	5610	LOKESH WASNIK	M		SC		SC
33.	5589	KULVENDRA SINGH YADAV	M		OBC	Ex	OBC
34.	5609	JITENDRA KUMAR VERMA	M		SC		SC
35.	5607	CHETAN KUMAR PATIDAR	M		OBC		OBC
36.	5622	DIVYA GAUTAM	F		SCF		SC
37.	5633	TANYA DHURWEY	F	प्रावधिक	STF		ST
38.	5636	SWATI JHANIA	F	प्रावधिक	STF		ST
39.	5621	SANJIV	M	प्रावधिक	SC		SC
40.	5628	AKHILESH YONA	M		ST		ST
41.	5587	BHAGWAN SINGH DANGI	M		OBC		OBC
42.	5614	SHEETAL KHANDEKAR	F	प्रावधिक	SCF		SC
43.	5632	RAJNIKANT PARTE	M		ST		ST
44.	5608	AROHI RATHORE	F	प्रावधिक	OBCF		OBC
45.	5629	JITENDRA SINGH ZILWE	M		ST		ST
46.	5640	RINKU SHARMA	M	प्रावधिक	EWS		EWS
47.	5590	SANJAY KUMAR MAURY	M		OBC		OBC
48.	5582	ASHOK KUMAR VAISHY	M		OBC		OBC
49.	5599	AKASH VERMA	M		OBC		OBC
50.	5639	CHANCHAL KUMAR CHATURVEDI	M	प्रावधिक	EWS		EWS
51.	5631	DEEPAK VASKLE	M		ST		ST
52.	5611	MILI YADAV	F	प्रावधिक	SCF		SC
53.	5585	HEMLATA PATEL	F	प्रावधिक	OBCF		OBC
54.	5638	SARDAR SINGH SASTIYA	M	प्रावधिक	ST		ST
55.	5627	NITIN THAKUR	M		ST		ST
56.	5617	AKANKSHA CHOUDHARY	F		SCF		SC

1. निश्चेतना विशेषज्ञ (लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग)

पद विवरण तालिका (मुख्य भाग – 87 प्रतिशत)

	अनारक्षित	अ.जा.	अ.ज.जा.	अ.पि.व.	ई.डब्ल्यू.एस.	योग
कुल पदों की संख्या	26	15	19	13	10	**83**
इनमें से महिलाओं के लिए आरक्षित पद	9	5	6	5	3	

कुल पदों में से अस्थिबाधित दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद	2
कुल पदों में से दृष्टिबाधित दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद	1
कुल पदों में से श्रवणबाधित दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद	2
कुल पदों में से बहु-दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित पद	1

मुख्य सूची

स.क्र.	अनुक्रमांक	नाम	लिंग	Seat	श्रेणी
57.	5630	ABHISHEK ROSHAN MINZ	M	ST	ST

अनुपूरक सूची

स.क्र.	अनुक्रमांक	नाम	लिंग		श्रेणी
1.	5569	AMOL BANSAL	M		UNR
2.	5517	NAGESH MUDGAL	M		UNR
3.	5571	SRISHTI VERMA	F		UNR
4.	5572	ANJALI BANSAL	F	प्रावधिक	UNR
5.	5545	RICHA PANDEY	F	प्रावधिक	UNR
6.	5553	NEELESH KUMAR KULSHRESTHA	M		UNR
7.	5605	SHYAMBARAN	M	प्रावधिक	OBC
8.	5597	BRIJESH KUMAR VERMA	M		OBC
9.	5598	SACHIN PATIDAR	M		OBC
10.	5604	VIMALESH DHAKAR	F	प्रावधिक	OBC

टीप :-

1. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक एफ-7-46/99/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 07 नवम्बर, 2000 में दिए निर्देशों के तहत अनारक्षित (ओपन) पदों पर चयन हेतु निर्धारित मापदंड के तहत आरक्षित वर्ग के वे ही आवेदक ऐसे ओपन पदों पर चयनित किए गए हैं जो कि हर प्रकार से सामान्य वर्ग के उम्मीदवार के समान ही बिना किसी रियायत के योग्यता प्राप्त किए हों। किसी प्रकार की रियायत को प्राप्त किए बिना तथा मेरिट में आने पर ही आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों का चयन मेरिट गुणानुक्रम के आधार पर अनारक्षित पदों पर किया गया है।
2. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्रमांक सी/3-2/97/3/एक भोपाल, दिनांक 10.02.1997 की कंडिका 05 के परिपालन में घोषित की गई चयन सूची में पर्याप्त संख्या में महिला अभ्यर्थी अनुपलब्ध होने की दशा में महिलाओं हेतु आरक्षित पदों को संबंधित प्रवर्ग के पुरुष अभ्यर्थियों से भरा गया है।
3. चयन परिणाम प्रकाशित होने के बाद यदि कम्प्यूटर त्रुटि/लिपिकीय त्रुटि आयोग के संज्ञान में आती है तो आयोग के पास चयन परिणाम सुधारने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
4. विज्ञापित कुल 83 पदों में से 20 पद (अ.जा. 03, अ.ज.जा. - 09, ई.डब्ल्यू.एस. 08) पर्याप्त संख्या में योग्य आवेदक उपलब्ध नहीं होने के कारण पद रिक्त रहे हैं। कुल विज्ञापित पदों में से दिव्यांग श्रेणी हेतु 06 पद (अस्थिबाधित-02, श्रवणबाधित-02, दृष्टिबाधित-01 एवं बहु- दिव्यांग - 01 पद) विज्ञापित है परन्तु दिव्यांग श्रेणी हेतु अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं होने के कारण (अस्थिबाधित- 02, श्रवणबाधित-02, दृष्टिबाधित - 01 एवं बहु-दिव्यांग - 01 पद) कुल 06 पद रिक्त रहे हैं। शासन निर्देश के परिपालन में दिव्यांगजनों के पद रिक्त रहने की स्थिति में अनारक्षित वर्ग के विज्ञापित पदों से उतने ही पद रिक्त रखे जाने का प्रावधान है। अतः कुल 06 पद दिव्यांगजनों के रिक्त पद के विरुद्ध अनारक्षित वर्ग से रिक्त रखे गए हैं। इस प्रकार कुल 20+06 = 26 पद रिक्त रहे हैं।
5. घोषित चयन परिणाम मान. उच्च न्यायालय में लंबित याचिका क्रमांक डब्ल्यू.पी. 5901/2019 एवं डब्ल्यू.पी. 27744/2022 एवं अन्य समान याचिकाओं के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा। इसी प्रकार ई.डब्ल्यू.एस. वर्ग के अभ्यर्थियों के चयन की अभ्यर्थिता विज्ञापन में वर्णित कंडिका चार में उल्लेखित याचिका क्रमांक 2108/2022 के अंतिम निर्णय के अध्यधीन रहेगा।

जी-22664/48173/2023 **सचिव**

विकास यात्रा के दौरान करते रहें नवाचार - मुख्यमंत्री

भोपाल, मध्यप्रदेश में पांच फरवरी से 25 फरवरी तक चलने वाली विकास यात्रा के माध्यम से हितग्राहियों को लाभान्वित करने और उनकी समस्याओं का निराकरण करने में किसी भी प्रकार की कमी नहीं छोड़ी जाए। जनप्रतिनिधियों के साथ यात्रा में संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहें। विकास यात्रा का आयोजन अच्छे ढंग से हो। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा जनप्रतिनिधियों एवं जिलों के अधिकारियों को संबोधित करते हुये कहीं।

- **मध्यप्रदेश में 230 विधानसभाओं के 46 हजार 300 गांव यात्रा के रूट से जोड़े गये हैं।**
- **यात्रा में आमजनों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ा जायेगा।**

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे बताते हुए प्रसन्नता है कि कुछ जिलों में अच्छे नवाचार किए गए हैं। उन्होंने गुना, मंडला, राजगढ़, सीहोर, श्योपुर, झाबुआ, इंदौर, नर्मदापुरम, जबलपुर, शहडोल, रतलाम और कटनी जिले में किए जा रहे नवाचारों की प्रशंसा की। श्री चौहान ने कहा कि यह विकास यात्रा केवल कर्मकांड नहीं जनता की जिंदगी बदलने का अभियान है। विकास यात्रा में स्वीकृति पत्रों का वितरण, विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ देने के साथ-साथ छात्रावासों और आंगनवाड़ियों में जाना है, बच्चों से बात करनी है। आमजनों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ना है। श्री चौहान ने कहा कि मेरे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता विकास यात्रा है। इसे सार्थक बनाना है। ऑडियो-वीडियो के द्वारा गीतों को चलाया जाए। अभी तक प्रदेश की 230 विधानसभाओं में 46 हजार 300 ग्राम यात्रा के रूट में जोड़े गए हैं। अब तक 553 करोड़ रुपये के लोकार्पण और 502 करोड़ रुपये के भूमिपूजन हुए हैं। जनता के आवेदन भी मिल रहे हैं, जिनका निराकरण शत-प्रतिशत हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास यात्रा को इंटरेस्टिंग और उपयोगी बनाया जाए। विकास यात्रा के बीच-बीच में मैं भी शामिल होने आऊंगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर जल लाने का कार्य चल रहा है। समूह पेयजल योजना, सिंचाई की योजनाओं के पूरा होने पर कलश पूजन कराएं और ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी भी दें।

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड की एसएटीटीई 2023 में भागीदारी

नोएडा, दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी यात्रा और पर्यटन प्रदर्शनी- साउथ एशिया ट्रेवल एंड टूरिज्म एक्सचेंज (एसएटीटीई) 2023 में मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड भागीदारी कर रहा है। केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी ने ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में आयोजित की गई इस प्रदर्शनी के 30वें संस्करण का उद्घाटन किया।

मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा एसएटीटीई 2023 के माध्यम से यात्रा और पर्यटन उद्योग से जुड़े विभिन्न हितधारकों को प्रदेश के पर्यटन स्थल, स्थापत्य कला, संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य से अवगत कराया जा रहा है। हितधारकों को राज्य की परिवहन सुगमता, सुरक्षित वातावरण और नागरिकों के आतिथ्यभाव के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम स्थल में मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड का स्टॉल क्रमांक A-60 हॉल क्रमांक 9 में लगाया गया है। स्टॉल पर आगंतुकों को ऑक्यूलस की सहायता से वर्चुअल रियालिटी तकनीक से सांची, अमरकंटक, नर्मदा घाट और अन्य गंतव्यों का आभासी पर्यटन कराया जा रहा है।

लाड़ली लक्ष्मी योजना

मध्यप्रदेश में महिला सशक्तिकरण का शुरू हुआ नया युग - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान लाड़ली लक्ष्मी योजना के छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम में लाड़ली बेटियों को सम्मानित करते हुये।

भोपाल, लाड़ली लक्ष्मी योजना प्रदेश की बेटियों के जीवन में बदलाव लाने वाली योजना सिद्ध हुई है। योजना के क्रियान्वयन से सिर्फ बेटियों को छात्रवृत्ति राशि ही नहीं मिली, बल्कि उनके सशक्तिकरण का नया युग प्रारंभ हुआ है। योजना के विस्तार से अब लाड़ली लक्ष्मी 2.0 में उच्च शिक्षा के लिए फीस भरने का कार्य भी सरकार करेगी। लाड़ली लक्ष्मी योजना के बाद अब लाड़ली बहना योजना में गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार की महिलाएं एक-एक हजार रुपये प्रतिमाह की राशि प्राप्त करेंगी। बालिकाओं और बहनों को सशक्त बना कर पर्यावरण-संरक्षण, नशामुक्ति और अन्य सामाजिक अभियानों में उनकी भागीदारी से उन्हें नेतृत्व करने की भूमिका में लाने का प्रयास किया जा रहा है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में प्रदेश की लाड़ली लक्ष्मी बेटियों के खातों में छात्रवृत्ति राशि का अंतरण करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2007 में प्रारंभ की गई लाड़ली लक्ष्मी योजना ने बालिकाओं के जीवन में परिवर्तन लाने का कार्य किया है। योजना के लागू होने से समाज की मानोवृत्ति में भी सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिला है। बेटियों के जन्म को भी प्रोत्साहन मिला है। परिवार

- **कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 3 लाख 33 हजार 842 लाड़ली लक्ष्मी बालिकाओं के लिये अंतरित की 107 करोड़ 67 लाख रुपये की छात्रवृत्ति राशि।**
- **लाड़ली लक्ष्मी योजना से बाल विवाह जैसी कुरीतियां हो रही हैं खत्म।**

में जन्म लेने वाली बेटियों का विद्यालयों में शत-प्रतिशत नामांकन भी होने लगा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें विधायक बनने के पूर्व एक सार्वजनिक कार्यक्रम में बेटियों के पक्ष में भाषण देने पर एक बुजुर्ग महिला से ये चुनौती मिली थी कि क्या आप परिवार की बालिकाओं के विवाह का प्रबंध करेंगे। इस घटना ने लाड़ली लक्ष्मी योजना की भावभूमि तैयार की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले परिवार में बेटे और बेटी के जन्म के समय ही भेदभाव देखने को मिलता था, तो कष्ट होता था। उन्होंने वर्ष 1990 में विधायक, वर्ष 1991 में सांसद और वर्ष 2005 में मुख्यमंत्री बनने के बाद बालिकाओं के कल्याण के लिए निरंतर प्रयास बढ़ाते हुए अब बालिकाओं को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता देने का कार्य प्रारंभ किया है।

श्री चौहान ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना 2.0 से महाविद्यालय में प्रवेश लेने पर फीस की व्यवस्था राज्य सरकार कर रही है। मेडिकल, इंजीनियरिंग और लॉ के पाठ्यक्रमों के साथ उच्च शिक्षा से जुड़े अन्य पाठ्यक्रमों के लिए भी राज्य सरकार फीस की व्यवस्था करेगी। बेटियों की शिक्षा से परिवार सशक्त होगा। परिवारों के सशक्त होने से समाज और राष्ट्र सशक्त होता है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का नया युग प्रारंभ हुआ है। प्रारंभ में बालिकाओं को छात्रवृत्ति और साइकिल देने की ही व्यवस्था थी। शिक्षा में आर्थिक सहयोग से बालिकाओं को प्रत्यक्ष सहायता मिली है।

सरकार सेवाभावी स्वास्थ्य संस्थाओं को दानदाताओं के बराबर धनराशि देगी

ग्वालियर, सेवाभावी स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिये दानदाताओं द्वारा दी जाने वाली सहयोग राशि के बराबर राज्य सरकार भी धनराशि उपलब्ध करायेगी। इसके लिये विशेष नियम बनाए जायेंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्वालियर में आरोग्यधाम चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र के स्थापना दिवस एवं संस्थान की कैथ लैब और चिकित्सा वाहन सेवा के लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तराशेकर स्मृति सेवा न्यास द्वारा संचालित आरोग्यधाम संस्थान वर्तमान युग में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिये संजीवनी है। उन्होंने कहा कि हृदय रोग के इलाज के लिये कैथ लैब शुरू कर इस न्यास ने पुण्य का काम किया है। श्री मनीष सिंघल ने आरोग्यधाम में कैथ लैब की स्थापना के लिये 2 करोड़ रुपये दान में देकर इस दिशा में सराहनीय कदम बढ़ाया है।

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र बड़े व्यापक हैं। निजी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग के बिना सभी को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराना अत्यंत मुश्किल होता है। निजी क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाएं अधिक

- **आरोग्यधाम जैसे प्रकल्प खड़ा करने में सरकार और समाज को देना चाहिये योगदान।**
- **ग्वालियर में स्वास्थ्य, शिक्षा और अधोसंरचना के क्षेत्र में हो रहे हैं उल्लेखनीय कार्य।**

खर्चीली होती हैं। इसलिए जब स्वयंसेवी संस्थाएं इस दिशा में आगे आती हैं तो आरोग्यधाम जैसी संस्थाएं बनती हैं, जो कम से कम शुल्क में जरूरतमंदों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का काम करती हैं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान आरोग्यधाम चिकित्सालय में कैथ लैब का लोकार्पण करते हुये।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं विमानन मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि आरोग्यधाम संस्थान समाज सेवा का उल्लेखनीय उदाहरण है। संस्थान नर सेवा से नारायण सेवा की अवधारणा को साकार कर रहा है। संस्थान जिस सेवाभाव से पिछले एक दशक से भी अधिक समय से स्वास्थ्य सेवाएं दू-दराज के गांव तक लोगों को प्रदान कर रहा है, वह अत्यंत सराहनीय है। सरकार का प्रयास है कि ग्वालियर पूरे देश में अग्रणी शहर बने। श्री सिंधिया ने भी दानदाता श्री मनीष सिंघल और आरोग्यधाम संस्थान की स्थापना में योगदान देने वाले श्री अनिल ओक के समर्पण भाव को सराहा।

महिलाओं में उद्यमशीलता बढ़ने से हुई आर्थिक प्रगति

मिलेट्स के उत्पादन से महिला सशक्तिकरण पर कार्यशाला

भोपाल, महिलाओं में उद्यमशीलता बढ़ने से आर्थिक प्रगति हुई है। यह बात भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान भोपाल में केंद्रीय कृषि महिला संस्थान भुवनेश्वर के संयुक्त तत्वावधान में हुई 2 दिवसीय कार्यशाला के समापन अवसर पर विशेषज्ञों ने कही। अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज (मिलेट्स) वर्ष 2023 में मिलेट्स के उत्पादन एवं प्रसंस्करण से महिला सशक्तिकरण पर हुई कार्यशाला में 250 से अधिक महिला कृषक और विशेषज्ञों ने सहभागिता कर अपने अनुभव साझा किये।

समापन-सत्र में निदेशक, केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान डॉ. सी.आर. मेहता ने कहा कि आज देश में महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उनके योगदान से देश प्रगति पथ पर अग्रसर है। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं से आह्वान किया कि उन्हें संस्थान द्वारा विकसित फार्म एवं प्रसंस्करण यन्त्र चलाने एवं मिलेट्स के प्रसंस्कृत उत्पाद बनाने के लिए आगे आना चाहिए। इससे महिलाओं को स्व-रोजगार और उत्तम स्वास्थ्य लाभ होगा। महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण भी होगा। प्रधान वैज्ञानिक, केंद्रीय कृषि महिला संस्थान भुवनेश्वर डॉ. सबिता मिश्रा ने बताया कि देश में विभिन्न स्थानों पर मिलेट्स आधारित प्रसंस्करण में ग्रामीण महिलाओं में उद्यमशीलता बढ़ी है।

प्रभागाध्यक्ष, सिंचाई एवं जल निकासी अभियांत्रिकी डॉ. के.वी.आर. राव ने कहा कि कम जल एवं कम उपज वाली मृदा में भी मिलेट्स का उत्पादन किया जा सकता है। वैज्ञानिक, कृषि यंत्रीकरण प्रभाग डॉ. स्वीटी कुमारी ने महिला उपयोगी कृषि यंत्रों की महत्वपूर्ण प्रस्तुति दी। अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विशेषज्ञ डॉ. अंकिता पांडेय ने मिलेट्स के विपणन और ब्रांडिंग से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

समापन-सत्र में विभिन्न स्थानों के महिला किसान संगठनों के प्रमुख और गैर सरकारी संगठन के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। प्रधान वैज्ञानिक, केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान डॉ. दिपिका मुस्करकर ने पोषण संबंधी संशयों को दूर किया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मध्यप्रदेश की प्राथमिकताओं के दृष्टिगत तैयार होगा बजट

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में प्रदेश का बजट तैयार करने संबंधी बैठक को संबोधित करते हुये।

भोपाल, विशेषज्ञों द्वारा दिए गए सुझावों को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश का बेहतर बजट बनाया जायेगा। प्रदेश की प्राथमिकताओं को देखते हुए राज्य का बजट तैयार करेंगे। बजट में विकास और जनकल्याण पर जोर दिया जाएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में केंद्रीय बजट 2023-24 की विशेषज्ञों द्वारा समीक्षा और प्रदेश का बजट तैयार करने संबंधी प्रस्तुतिकरण पर संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने विशेषज्ञों को प्रदेश के बजट के लिए सुझाव देने के लिए धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से प्रगति कर रहा है।

श्री चौहान ने कहा कि भारत सरकार से बजट में मिली राशि का प्रदेश में बेहतर उपयोग किया जाएगा। संबंधित विभागों द्वारा विशेषज्ञों के सुझाव का ध्यान रखा जाये। ग्रामीणों को गांव में ही रोजगार दिलाने की हमारी प्राथमिकता है। इस साल 48 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि अधोसंरचना विकास पर खर्च की जाएगी। इसके लिए ग्रामीणों और युवाओं को प्रशिक्षित करेंगे। सहरिया, बैगा और

- **केंद्रीय बजट में मिली राशि का मध्यप्रदेश में किया जायेगा बेहतर उपयोग।**
- **आवश्यकताओं को पूरा करने और विकास को रफ्तार देने वाला होगा प्रदेश का आगामी बजट।**

भारिया जनजाति की बहनों के खातों में प्रतिमाह एक हजार रुपये अंतरित करने से कुपोषण दूर करने के प्रयासों में सफलता मिली है। महिला पंचायत में मिले सुझावों को लागू किया गया है। भारत सरकार के बजट में प्रावधानों का अधिकतम लाभ उठाने की हमारी कोशिश रहेगी। सभी विभाग इस पर वर्कआउट शुरू करें। प्रदेश का बजट प्रधानमंत्री जी के संकल्पों को पूरा करने वाला होगा। आगामी बजट मूल आवश्यकताओं को पूरा करने वाला और प्रदेश को ऊंचाइयों पर ले जाने वाला होगा।

बैठक में प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने कहा कि प्रदेश के आगामी बजट को बनाने में केंद्रीय बजट 2023-24 पर अर्थशास्त्रियों द्वारा विशेष समीक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश दूरदर्शिता के साथ बजट में प्रावधान करेगा। मध्यप्रदेश में लगातार प्रगति हो रही है। भारत सरकार ने मत्स्य-पालन को बजट में प्राथमिकता दी है। मध्यप्रदेश के बजट में भी इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए।

बैठक में डॉ. एन.आर. भानुमूर्ति, कुलपति, डॉ. अम्बेडकर स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स बेंगलुरु, डॉ. अजीत रानाडे अध्यक्ष और मुख्य अर्थशास्त्री आदित्य बिड़ला समूह, प्रो. शामिका रवि पूर्व सदस्य प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद और प्रो. सचिन चतुर्वेदी उपाध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान ने प्रस्तुतिकरण दिया। विशेषज्ञों द्वारा लघु उद्योगों को बढ़ावा, मनरेगा के लिए प्रावधान, रोजगार बढ़ाने, प्रोत्साहन राशि, वित्तीय घाटा कम करने, प्राइवेट सेक्टर का इन्वेस्टमेंट बढ़ाने, स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार, महिलाओं और बच्चों का पोषण के लिए विशेष इंतजाम करने के सुझाव दिए गए।

मध्यप्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद

सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के प्रभावी उपाय सुनिश्चित करें

भोपाल, मध्यप्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी उपाय सुनिश्चित किए जाएं। वाहन नियंत्रित स्थिति में चलाने के लिए लोगों को प्रेरित करें। जिला सड़क सुरक्षा समितियों की बैठकें निर्धारित समय पर हों। सड़कों पर पेट्रोलिंग होनी चाहिए। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में मध्यप्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने सड़कों पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर स्थिति सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समय-सीमा तय कर सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सड़कों का सुधार कार्य किया जाए। ब्लैक स्पॉट के कारण दुर्घटनाएं नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सड़कों से संबंधित विभाग तालमेल बनाकर कार्य करें। रोड इंजीनियरिंग के कार्य ठीक ढंग से किए जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए। अभियान के तहत सख्ती से कार्य करें। लोगों की जिंदगी बचाना बेहद जरूरी है। छोटी-छोटी वीडियो फिल्मों के माध्यम से लोगों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि लोग हेलमेट लगायें एवं वाहन चलाने के नियमों का पालन करें। तकनीक का इस्तेमाल कर चालान बनाने की कार्यवाही करें। चालान की वसूली शत-प्रतिशत की जाये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की वाहन चलाते समय असावधानी रखने की गलत आदतें बदलने के लिए सजगता से कार्य करें। समाजसेवी, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और जनता को जोड़कर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के प्रयास करें। उन्होंने कहा कि ड्राइविंग स्कूल खोलने के लिए प्रस्ताव भारत सरकार को भेजकर कार्यवाही की जाएं। उन्होंने कहा कि वाहनों की फिटनेस जांच का कार्य प्रभावशाली तरीके से किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर जिले में ट्रामा केयर सेंटर्स खोले जाएं।

सीवरेज निर्माण एवं मरम्मत कार्य प्राथमिकता से पूरा करें - मुख्यमंत्री

भोपाल, सीवरेज निर्माण एवं मरम्मत के कार्य प्राथमिकता से पूरे किए जाएं। कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। निर्माण कार्य के दौरान लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगरीय विकास के कार्यों को सूची बना कर प्राथमिकता से पूरा किया जाए। विकास यात्रा में भी कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण कराया जाये। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंत्रालय में मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के संचालक मंडल की 8वीं बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यों को सूचीबद्ध कर उनकी जानकारी लोगों को भी दी जाए। साथ ही वह जानकारी दें कि अगले एक साल में उनके शहर में क्या कार्य होने वाले हैं। नगरीय विकास की योजनाओं को लक्ष्य निर्धारित कर पूरा किया जाये।

श्री चौहान ने कहा कि मिनी स्मार्ट सिटी के कॉन्सेप्ट को ध्यान में रख कर कार्य किया जाये।

मंत्रिपरिषद के निर्णय

अनुकंपा नियुक्ति के लिये पुत्रियों को भी समान अधिकार का निर्णय

- मंत्रिपरिषद ने मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा की गई घोषणा के अनुसार जिला प्रशासन द्वारा अतिक्रमण से मुक्त कराई गई शासकीय भूमि का स्वयं संसाधन के रूप में समुचित उपयोग करते हुए आवासहीन, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस.) के लिए सुराज कॉलोनी में आवास निर्माण मय आवश्यक अधोसंरचना कार्यों तथा सामुदायिक सुविधाओं के निर्माण किये जाने का निर्णय लिया।
- सुराज कॉलोनी निर्माण के लिये उचित वित्तीय संसाधन जुटाने तथा शहरी क्षेत्र के उक्त भूखंडों का सुसंगत एवं योग्य घनत्व से विकास सुनिश्चित करने के लिए पुनर्धनत्वीकरण नीति-2022 की तर्ज पर शासकीय भूमियों के अतिक्रमण से मुक्त कराने के बाद उपलब्ध हुई भूमि पर आवासहीन, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई.डब्ल्यू.एस.) के लिए आवास निर्माण हेतु सुराज नीति-2023 का मंत्रिपरिषद द्वारा अनुमोदन किया।
- छोटे शहरों में मल्टी स्टोरी के स्थान पर 450 वर्ग फीट तक के आवासीय पट्टे भी कॉलोनी विकसित कर दिए जा सकेंगे।
- मंत्रिपरिषद द्वारा पशुपालन एवं डेयरी विभाग में वर्ष 2022-23 में 'मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना' में 150 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। राज्य की विशेष पिछड़ी जनजाति विशेषकर बैगा जनजाति को पशुपालन से जोड़ने के लिए पायलट प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन करने एवं इसमें हितग्राहियों को दुधारु पशु प्रदाय करने के लिए मुख्यमंत्री दुधारु गाय प्रदाय कार्यक्रम को पशुपालन विकास योजना में सम्मिलित किया गया था।
- कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य की विशेष पिछड़ी जनजातियों को पशुपालन से जोड़ कर रोजगार के नवीन अवसर उपलब्ध कराना है।
- कार्यक्रम के क्रियान्वयन के बाद राज्य की विशेष पिछड़ी जनजातियों को रोजगार के नवीन अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही दूध के रूप में संपूर्ण पोषण आहार प्राप्त होगा। पशुपालन एवं डेयरी विभाग अंतर्गत पूर्व में मंत्रिपरिषद से स्वीकृत मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना में समाहित विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिये स्वीकृत घटक 'मुख्यमंत्री दुधारु गाय प्रदाय कार्यक्रम' में संशोधन किए गए हैं।
- अब इस योजना में मुख्यमंत्री दुधारु पशु प्रदाय कार्यक्रम में बैगा जनजाति के साथ सहरिया और भारिया विशेष पिछड़ी जनजातियों को भी शामिल किया गया। कार्यक्रम में दुधारु गाय की इकाई के साथ दुधारु भैंस की इकाई को भी शामिल किया गया।
- कार्यक्रम में दुधारु गाय के साथ दुधारु भैंस को भी सम्मिलित करने के परिप्रेक्ष्य में योजना का नाम 'मुख्यमंत्री दुधारु गाय प्रदाय कार्यक्रम' के स्थान पर 'विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए मुख्यमंत्री दुधारु पशु प्रदाय कार्यक्रम' किया गया।
- मंत्रिपरिषद ने राज्य में गत वर्ष से लागू नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा नीति-2022 में स्टोरेज आधारित परियोजनाओं के विकास को मान्य किया। इसी कड़ी में मंत्रिपरिषद द्वारा पंप हाईड्रो स्टोरेज परियोजनाओं के क्रियान्वयन तथा निविदा प्रक्रिया सम्पादित करने का निर्णय लिया।
- इस निर्णय से नवकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं से प्राप्त ऊर्जा की निरंतरता और अधिक सुनिश्चित होगी तथा ग्रिड स्थायित्व में भी लाभ होगा। राज्य में पंप हाइड्रो परियोजनाओं के विकास के लिए नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा प्रस्तावित योजना को अनुमोदन प्रदान करते हुए विस्तृत दिशा-निर्देशिका बनाने/संशोधन स्पष्टीकरण दिए जाने के लिए विभाग को अधिकृत किया गया।
- मंत्रिपरिषद द्वारा मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित साधिकार समिति की अनुशंसा अनुसार स्टेट डाटा सेंटर के विस्तार, संचालन एवं नवीन डिजास्टर रिकवरी साइट की नेशनल डाटा सेंटर भुवनेश्वर में स्थापना तथा वर्तमान में स्थापित हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर को Augment करने के लिए कुल परियोजना व्यय 161 करोड़ 95 लाख रुपये का अनुमोदन किया गया।
- प्रदेश में विभिन्न विभागों के डाटा होस्टिंग एवं डाटा प्रबंधन की समेकित, सुरक्षित एवं अबाधित व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस योजना में भोपाल में स्टेट डाटा सेंटर की स्थापना वर्ष 2012 में की गई है। इस सेन्टर से राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के डाटा संधारित करते हुए आईटी एप्लीकेशन्स के लिए होस्टिंग सेवाएं प्रदान करना सुनिश्चित किया जा रहा है।
- इसके साथ ही नवीन डिजास्टर रिकवरी साइट की स्थापना नेशनल डाटा सेंटर भुवनेश्वर में की जाना है, जो co-location मोड में रहेगा।
- मंत्रिपरिषद द्वारा उच्च न्यायालय के प्रस्ताव अनुसार उच्च न्यायालय, जबलपुर के परीक्षा सेल के लिए 20 पदों का सृजन किए जाने की स्वीकृति दी। इन पदों में एडीशनल रजिस्ट्रार, असिस्टेंट रजिस्ट्रार, पर्सनल असिस्टेंट, स्टेनोग्राफर, एकाउन्टेंट, ट्रान्सलेटर, सिस्टम एनॉलिस्ट, कम्प्यूटर प्रोग्रामर, सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर, कन्सोल ऑपरेटर, टेलीफोन ऑपरेटर, ड्रायवर और भृत्य के पद सम्मिलित हैं।
- मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदेश में नर्सिंग महाविद्यालयों एवं स्कूलों की बढ़ती संख्या तथा नर्सिंग विद्यार्थियों की वृद्धि को देखते हुए मध्यप्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल के दायित्वों के सुचारु संचालन के लिए 37 नवीन पद के सृजन की स्वीकृति प्रदान की गई।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में भोपाल स्थित मंत्रालय में सम्पन्न हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में निर्णय लिया गया कि स्वर्गीय श्री आर.एस. राठौर, अपर संचालक, आर्थिक एवं सांख्यिकी की कोरोना संक्रमण के कारण 19 अप्रैल, 2021 को मृत्यु हो जाने के फलस्वरूप उनकी विवाहित पुत्री श्रीमती श्रद्धा मालवी को पात्रता न होते हुए भी मानवीय आधार एवं उच्च न्यायालय, खण्डपीठ इन्दौर के निर्णय के अनुक्रम में विशेष प्रकरण मानते हुए अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की जाये। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अनुकंपा संबंधी आदेश 29 सितम्बर 2014 के प्रावधानों में मंत्रिपरिषद द्वारा यह नीतिगत निर्णय भी लिया गया कि अनुकंपा नियुक्ति के लिये पुत्र एवं पुत्री दोनों को समान अधिकार हैं, चाहे पुत्रियां विवाहित ही क्यों न हों। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग नीति में आवश्यक संशोधन करे। मंत्रिपरिषद द्वारा लिये गये अन्य निर्णय इस प्रकार हैं :-

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

प्रधानमंत्री ने डिण्डौरी की लाहरी बाई के प्रयासों को सराहा

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि डिण्डौरी जिले की निवासी बहन लाहरी बाई द्वारा मोटे अनाज 'श्री अन्न' के संरक्षण के लिए किए गए अभूतपूर्व कार्यों ने प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में 'श्री अन्न' अर्थात मोटे अनाजों को प्रोत्साहन देने के प्रयासों को सफलता मिल रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा लाहरी बाई के प्रयासों की सराहना उनकी संवदेनशीलता का परिचायक है। श्री चौहान ने सोशल मीडिया के माध्यम से यह बात कही। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने ट्वीट कर डिण्डौरी जिले की लाहरी बाई द्वारा 'श्री अन्न' के संरक्षण के लिए उत्साहपूर्वक किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए लिखा है कि - 'लाहरी बाई के प्रयास अन्य लोगों को भी 'श्री अन्न' के संरक्षण और उन्हें अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेंगे।'

लाहरी बाई डिण्डौरी जिले के ग्राम सिलपदी की निवासी हैं। वे एक दशक से अधिक समय से कुटकी, सांवा, कोदो और कुटकी जैसे मोटे अनाजों के संरक्षण में लगी हैं। उनके पास अनेक प्रकार के मोटे अनाजों के बीजों का भंडारण है। ग्रामीण आवास योजना से बना दो कमरों का उनका मकान, आस-पास के क्षेत्र में मोटे अनाज के बीज भंडार के रूप में जाना जाता है। लाहरी बाई का कहना है कि "हमारे यहां जो बीज विलुप्त हो गए थे, उन्हें बचाने के लिए हम अन्य गांव से बीज लेकर आए और उनका उत्पादन किया, किसानों को बीज बांटे, किसानों ने अपने खेतों के छोटे क्षेत्रों में उन्हें बोया और फसल आने पर हमने उनसे यह वापस ले लिए। विलुप्त हो चुकी कई तरह की फसलों के बीज अब हमारे पास हैं।

बड़तूमा में सौ करोड़ रुपये की लागत से बनेगा संत रविदास का भव्य मंदिर - मुख्यमंत्री

सागर, सागर के पास बड़तूमा में 100 करोड़ रुपये की लागत से संत रविदास का विशाल और भव्य मंदिर बनाया जाएगा। मंदिर की दीवारों पर संत रविदास के दोहे और शिक्षाएं उकेरी जाएंगी। मंदिर परिसर में संत रविदास के व्यक्तित्व और कृतित्व को भी प्रदर्शित किया जाएगा। मध्यप्रदेश में संत शिरोमणि रविदास महाराज के आदर्श राज्य की कल्पना चरितार्थ हुई है। संत रविदास ने कहा था कि 'ऐसा चाहूं राज मैं, जहां मिले सबन को अन्न, छोट-बड़े सब सम बसे, रविदास रहे प्रसन्न।' उनके बताये हुए इसी मार्ग पर हम चल रहे हैं। जनता के साथ और संतों के आशीर्वाद से मध्यप्रदेश विकास की ऊंचाइयां छुएगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सागर जिले में संत रविदास महाकुंभ को संबोधित करते हुये कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान सागर जिले में आयोजित संत रविदास महाकुंभ को संबोधित करते हुये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में बहन-बेटियों का सम्मान सर्वोच्च है। स्त्री-पुरुषों में कोई भेद नहीं किया जाता। बेटियों के लिए लाड़ली लक्ष्मी योजना के बाद अब बहनों के लिए लाड़ली बहना योजना प्रारंभ की गई है, जिसमें गरीब एवं मध्यम वर्ग की बहनों को एक हजार रुपये दिये जायेंगे। प्रदेश में सबके लिए भोजन, पढ़ाई, लिखाई, दवाई, मकान, रोजगार सुनिश्चित किया जा रहा है। प्रदेश में जात-पांत नहीं है, कोई छोटा-बड़ा नहीं है, सब समान हैं, सबको समान अवसर हैं और सभी का बराबर सम्मान है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने 251 करोड़ 25 लाख रुपये लागत की शाहगढ़-बंडा समूह जल-प्रदाय योजना का भूमि-पूजन किया। उन्होंने सरपंचों को कलश भेंट कर कलश-यात्रा का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने समारोह स्थल पर संत रविदास और 'एक जिला-एक उत्पाद' पर केंद्रित प्रदर्शनी का शुभारंभ और अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में सभी के लिए आवास सुनिश्चित करने के लिए गरीबों को आवासीय पट्टे दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री आवासीय भू-अधिकार योजना में टीकमगढ़ जिले में 10 हजार 800 और सागर जिले में 12 हजार पट्टे दिए गए हैं। आयुष्मान भारत योजना में गरीबों को निजी अस्पतालों में वर्ष में 5 लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा है। कोविड काल में जनता को नि:शुल्क वैक्सीन लगवाया गया। प्रदेश में उच्च शिक्षा की फीस भी अब सरकार भरवा रही है। मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई हिंदी में प्रारंभ की गई है। छात्राओं को स्कूल जाने के लिए साइकिल के लिए 3 हजार रुपये दिए जाते हैं। श्री चौहान ने अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति के लिए उनके परिवार की वार्षिक आय सीमा को 6 लाख से बढ़ा कर 8 लाख रुपये किए जाने की घोषणा की।

श्री चौहान ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग के व्यक्तियों को एलॉट हुए पेट्रोल पंप स्थापित करने के लिए भूमि दी

- **अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं को उद्योग लगाने के लिये आरक्षित किये जायेंगे 20 प्रतिशत भू-खंड।**
- **एमएसएमई क्लस्टर नीति में अनुसूचित जाति वर्ग के उद्योगपतियों के संगठन को दिया जायेगा एक क्लस्टर।**
- **मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में संत रविदास की जन्मस्थली बनारस जायेगी तीर्थ यात्रा ट्रेन।**

जाएगी। उद्योग विभाग में अनुसूचित वर्ग को मार्गदर्शन के लिए नोडल अधिकारी बनाए जाएंगे। भंडार क्रय नियम में भी सर्विस और ट्रेडिंग सेंटर में छूट दी जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सफाई कर्मियों की सुरक्षा के लिये अब मैनहोल की सफाई मशीन से ही की जाएगी।

पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. सत्यनारायण जटिया ने कहा कि संत रविदास महाकुंभ मध्यप्रदेश शासन द्वारा की गई अच्छी शुरुआत है। प्रदेश में समाज के उत्थान का एक नया वातावरण बना है, जो प्रदेश और देश को विकास की ओर ले जाएगा।

सांसद श्री वी.डी. शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान के निरंतर प्रयासों से मध्यप्रदेश में सामाजिक समरसता पर आधारित समतामूलक समाज का निर्माण हो रहा है। संत रविदास महाकुंभ इसी का एक सशक्त प्रयास है। प्रदेश में संत रविदास की अवधारणा के अनुरूप राज व्यवस्था है।

अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री लाल सिंह आर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में अनुसूचित जाति वर्ग के उत्थान के चौतरफा प्रयास किए जा रहे हैं।

अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा है बैंकिंग व्यवस्था - मुख्यमंत्री

भोपाल, बैंक अर्थव्यवस्था की जीवन रेखा हैं। बैंक के बिना वर्तमान में जीवन की कल्पना संभव नहीं है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने प्रत्येक व्यक्ति का खाता खुलवाने के लिए अभियान आरंभ किया, जिसके परिणामस्वरूप सभी गरीब व्यक्तियों के बैंक में खाते खोले गए। केंद्र और राज्य सरकारों की जन-कल्याणकारी योजनाओं की राशि पात्र व्यक्तियों के खाते में सीधे डाली जाती है। बैंकों के विस्तार और उनके द्वारा जनसामान्य को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं से व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ी है और लोगों का जीवन आसान हुआ है। एचडीएफसी बैंक द्वारा प्रदेश में स्व-रोजगार की गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और महिला स्व-सहायता समूहों को सशक्त करने में दिया जा रहा सहयोग सराहनीय है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश में एचडीएफसी बैंक की 20 शाखाओं के वर्चुअल शुभारंभ के लिए श्यामला हिल्स स्थित मानस भवन में लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने भोपाल स्थित मानस भवन में एचडीएफसी के एटीएम का फीता काट कर और प्रदेश की 20 शाखाओं का वर्चुअली शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 17 लाख 33 हजार करोड़ रुपये की जमा राशि, 15 लाख 6 हजार करोड़ रुपये के अग्रिम ऋण और 22 लाख 95 हजार करोड़ रुपये की बैलेंस शीट के साथ एचडीएफसी भारत का दूसरा सबसे बड़ा बैंक है। बैंक का साख जमा अनुपात (सी.डी. रेशियो) 118 प्रतिशत है, जो दर्शाता है कि बैंक द्वारा राज्य के विभिन्न सेक्टर्स को दिया जा रहा ऋण प्रशंसनीय है। श्री चौहान ने कहा कि बैंक जनजातीय बहुल और दूरदराज के जिलों में साख जमा अनुपात को बेहतर करने के लिए विशेष रूप से प्रयास करें। महिला स्व-सहायता समूह प्रदेश में बड़ी आर्थिक ताकत के रूप में उभरे हैं। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक महिला की आय प्रतिमाह 10 हजार रुपये हो, यह सुनिश्चित करने के लिए बैंकों से स्व-सहायता समूहों को निरंतर प्रोत्साहन देने में सहयोग अपेक्षित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में आरंभ की जा रही लाड़ली बहना योजना में प्रत्येक पात्र महिला को एक हजार रुपये प्रतिमाह अर्थात 12 हजार रुपये प्रतिवर्ष उपलब्ध कराये जाएंगे। इस राशि से गांवों और कस्बों के स्तर पर छोटी व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा। प्रदेश के आर्थिक सूचकांक निरंतर बेहतर हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एचडीएफसी बैंक की 20 शाखाओं का शुभारंभ किया।

श्री चौहान ने प्रदेश में एचडीएफसी बैंक की शाखाओं का वर्चुअल शुभारंभ किया। इनमें भोपाल की श्यामला हिल्स शाखा, जबलपुर की स्नेह नगर तथा सदर शाखा, इंदौर की मनोरमागंज, भानपुरा, भौरासला और बसंत विहार शाखा, उज्जैन की तराना शाखा सम्मिलित हैं। साथ ही सीहोर की बुधनी, राजगढ़ की खिलचीपुर और कुरावर, निवाड़ी की ओरछा, खण्डवा की मूंदी, खरगोन की महेश्वर, दमोह की पलांदी चौराहा, अनूपपुर की बिजौरी, मण्डला की नैनपुर, रीवा की गोलपार्क, सतना की पन्ना रोड तथा आगर-मालवा की नरखेड़ा शाखा का भी शुभारंभ किया गया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश में

खरगोन, बालाघाट, नरसिंहपुर, छिन्दवाड़ा, बीना, धार एवं अशोकनगर ज़िलों में एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006, 9424442725, 9424444174

प्रमुख आकर्षण

- कैरियर की खबरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय खबरें
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

शास्ती कॉनरॉड

भारतवंशी बनीं वाशिंगटन स्टेट डेमोक्रेट्स की अध्यक्ष

वाशिंगटन स्टेट डेमोक्रेटिक पार्टी ने शास्ती कॉनरॉड को अपनी नयी अध्यक्ष के रूप में चुना है। 38 वर्षीय कॉनरॉड ने एक राजनीतिक सलाहकार और किंग काउंटी डेमोक्रेट्स के पूर्व नेता पोडलोडोव्स्की से पदभार ग्रहण किया। शास्ती ने 2008 से राजनैतिक अभियानों पर काम किया है। स्थानीय रूप से कॉनरॉड ने 2018 से 2022 तक मार्टिन लूथर किंग, जूनियर काउंटी डेमोक्रेट्स के अध्यक्ष के रूप में काम करते हुए 300,000 डॉलर जुटा कर संगठन की आर्थिक मदद की थी।

जापान में

दृष्टिहीन लोगों को राह दिखाने वाला सूटकेस बनाया गया

जापान की राजधानी टोक्यो में रहने वाले 65 वर्षीय चीको असाकावा की 14 साल की उम्र में आंखों की रोशनी चली गई थी। तब से ही उन्हें एक जगह से दूसरी जगह जाने में दिक्कत होती थी। साल 2017 में उन्होंने एक ऐसा विल्ट-इन-सेंसर सूटकेस बनाने का विचार किया जो दृष्टिहीन लोगों को राह दिखा सके। आखिरकार 6 साल बाद उन्होंने ऐसा सूटकेस बना लिया है जिसमें सेंसर और कैमरे लगे हैं। ये दृष्टिहीन लोगों को दिशा दिखाता है।

सोलर कार

जिसे चार्ज नहीं करना पड़ेगा

अमेरिकी ईवी स्टार्टअप अप्टेरा मोटर्स ने ऐसी कार बनायी है जो सोलर पॉवर से चलेगी। तीन पहिए की इस कार का उत्पादन इसी साल शुरू होगा। सूर्य की रोशनी से चार्ज होने पर यह एक बार में 64 किलोमीटर चल सकती है। कार्बन फाइबर और फाइबर ग्लास से बनी इस कार की कीमत करीब 27 लाख रुपये है। यह 101 किलोमीटर प्रतिघंटे की अधिकतम रफ्तार से दौड़ सकती है।

निक्की हेली

अमेरिका में राष्ट्रपति का चुनाव लड़ेंगी

भारतीय मूल की अमेरिकी और रिपब्लिकन पार्टी की नेता निक्की हेली 2024 में अमेरिका के राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल होने की अपनी योजना की औपचारिक घोषणा 15 फरवरी तक कर सकती हैं। 51 वर्षीय हेली दो बार दक्षिण कैरोलाइना की गवर्नर रह चुकी हैं। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत के तौर पर भी सेवाएं दी हैं।

एनसीसी

75 रुपये का स्मारक सिक्का जारी

राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की स्थापना के 75 साल पूरे होने पर भारत सरकार ने 75 रुपये का स्मारक सिक्का जारी किया है। मुद्रा विशेषज्ञ सुधीर लुणावत के अनुसार 44 मिलीमीटर गोलाई का यह खास सिक्का 50 प्रतिशत चांदी के साथ 35 ग्राम वजन का है। इस सिक्के के आगे की तरफ एनसीसी लोगो है जिसके ऊपर हीरक जयंती हिंदी और डायमंड जुबली अंग्रेजी में लिखा है। सिक्के की ऊपरी परिधि में हिंदी में और निचली परिधि में अंग्रेजी में राष्ट्रीय कैडेट कोर लिखा होगा।

जेफ जेंट्स

व्हाइट हाउस 'चीफ ऑफ स्टाफ' नियुक्त

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने लंबे समय के सहयोगी 56 वर्षीय जेफ जेंट्स को व्हाइट हाउस का नया चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त किया। पूर्व राष्ट्रपति ओबामा की सरकार में काम कर चुके जेंट्स ने कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए बड़ा अभियान चलाया था। जेंट्स दो साल से अधिक समय तक इस पद पर काम करने वाले रॉन क्लैन की जगह लेंगे।

ऑस्ट्रेलिया की

करेंसी पर नहीं होगी एलिजाबेथ की तस्वीर

ऑस्ट्रेलिया के करेंसी नोटों से एलिजाबेथ द्वितीय की तस्वीर हटाने का फैसला किया गया है। देश के केंद्रीय बैंक ने कहा कि तस्वीर बदलने का फैसला सरकार के परामर्श से लिया गया है, जिसने इस कदम का समर्थन किया। बैंक ने कहा कि यह कदम ऑस्ट्रेलियाई लोगों की संस्कृति और इतिहास का सम्मान करेगा। बैंक ने कहा कि 5 अमेरिकी डॉलर के नोट के दूसरे हिस्से में ऑस्ट्रेलियाई संसद की तस्वीरें बनी रहेंगी।

'बोबी' डॉग

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने सबसे उम्रदराज बताया

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के मुताबिक बोबी नामक डॉग दुनिया का सबसे उम्रदराज जीवित डॉग है। 11 मई 1992 को पैदा हुए बोबी की उम्र 1 फरवरी 2023 को 30 साल और 266 दिन थी। बोबी पुर्तगाल के एक ग्रामीण इलाके में एक परिवार के साथ रहता है।

प्रमिला जयपाल

आप्रवासन पैनल में शीर्ष पद पर

भारतीय मूल की प्रमिला जयपाल को आप्रवासन के लिए बनी शक्तिशाली हाउस ज्यूडिशियरी कमेटी के पैनल का रैंकिंग सदस्य नामित किया गया है। वह इस उपसमिति का नेतृत्व करने वाली पहली अप्रवासी महिला बन गई हैं। भारतीय मूल की डेमोक्रेटिक सांसद 57 वर्षीय प्रमिला जयपाल वाशिंगटन के सातवें कांग्रेसनल जिले का प्रतिनिधित्व करती हैं। प्रमिला ने अखंडता, सुरक्षा और प्रवर्तन पर मौजूदा सदस्य लोफग्रेन का स्थान लिया है।

उर्सुला वॉन डेर

यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष चौथी बार यूक्रेन पहुंचीं

यूरोपीय कमीशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन चौथी बार यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंची हैं। उनके साथ 15 आयुक्त भी यूक्रेन पहुंचे हैं। यूक्रेन-यूरोपीय संघ के शिखर सम्मेलन से एक दिन पहले ही उर्सुला कीव पहुंचीं। उन्होंने कहा कि यूरोपीय संघ हमेशा की तरह यूक्रेन के साथ खड़ा है।

अंटार्कटिका में

बर्फ पर पड़ा मिला उल्कापिंड

अंटार्कटिका में बर्फ के ऊपर विशाल उल्कापिंड पड़ा मिला। माना जा रहा है कि इसमें हमारे सौर मंडल की सबसे पुरानी सामग्री है। यह अब तक मिले उल्कापिंडों में सबसे विशाल है। इसका वजन 7.6 किलोग्राम है। इसका रंग काला है। बताया जा रहा है कि पिछली शताब्दी में यहां 45,000 से ज्यादा उल्कापिंड मिले थे। विशेषज्ञों का मानना है कि अंतरिक्ष चट्टानें देखने में एकदम सामान्य लगती हैं, लेकिन इनके अंदर सोलर सिस्टम का इतिहास छिपा है।

जापान में

न्यूक्लियर रिएक्टर बंद होने से मंडराया परमाणु खतरा

जापान पर एक बार फिर परमाणु खतरा मंडराने लगा है। दरअसल, एक पॉवर कंपनी का न्यूक्लियर रिएक्टर अलर्ट के बाद बंद हो गया है। जानकारी के अनुसार केंसाई इलेक्ट्रिक पॉवर कंपनी के ताकाहामा न्यूक्लियर प्लांट में अचानक न्यूट्रान्स की संख्या में कमी आने लगी थी। इसके बाद सिस्टम अलर्ट जारी करते हुए ऑटोमेटिक तरीके से बंद हो गया। केंसाई इलेक्ट्रिक के अनुसार 1988 में ऐसी ही घटना हुई थी।

मोहम्मद सोलिह ने

मालदीव के राष्ट्रपति पद के लिए जीता पार्टी का प्राथमिक चुनाव

मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह ने अपनी पार्टी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी के भीतर राष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवारी के लिए होने वाला प्राथमिक चुनाव जीत लिया है। यह पहली बार है जब किसी राष्ट्रपति को पद पर रहते हुए, अगली उम्मीदवारी के लिए प्राथमिक चुनाव लड़ना पड़ा है। हालांकि उनके प्रतिद्वंद्वी और पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने पार्टी की ओर से जारी किए गए इस नतीजे को मानने से इंकार कर दिया है।

रोबोट चैटजीपीटी ने

अमेरिका में मेडिकल एग्जाम भी पास किया

चैटजीपीटी ने हाल ही में कई एग्जाम पास किए थे। अब इसने मेडिकल एग्जाम भी पास कर लिया है। चैटजीपीटी ने अमेरिकी मेडिकल लाइसेंसिंग एग्जाम को पास कर लिया है। इसके अलावा इसने एमबीए प्रोग्राम और लॉ स्कूल एग्जाम को भी पास कर लिया है। इस टेस्ट में शॉर्ट आंसर, निबंध और मल्टीपल च्वॉइस क्वेशचन्स पूछे गये थे। यह रोबोट मैथ के बजाय लिखने में ज्यादा अच्छा है।

रेगे जॉन पेज

दुनिया के सबसे हैंडसम पुरुष बने

हॉलीवुड फिल्म ब्रिजटर्न में सिमोन बसेट का किरदार निभाने वाले 34 वर्षीय एक्टर रेगे जॉन पेज दुनिया के सबसे हैंडसम पुरुष चयनित हुए हैं। इनका चयन ग्रीक गोल्डन रेशियो इक्वेशन के तहत किया गया है। रेगे का चेहरा ग्रीक गोल्डन रेशियो के लिहाज से 93.65 प्रतिशत सटीक पाया गया।

अवनी चतुर्वेदी ने

जापान के आसमान में भरी उड़ान

भारत की बेटी अवनी चतुर्वेदी ने जापान के आसमान में उड़ान भर कर एक रिकॉर्ड बनाया है। भारत की पहली महिला फाइटर पायलट अवनी देश की पहली महिला पायलट हैं जिन्होंने विदेश में हवाई युद्ध अभ्यास में हिस्सा लिया। वीर गार्डियन 2023 भारतीय दल का हिस्सा बन अवनी ने भारत और जापान के बीच हुए पहले संयुक्त हवाई युद्ध अभ्यास में भाग लिया। यह युद्धाभ्यास हयाकुरी एयरबेस पर हुआ। उन्होंने सुखोई फाइटर प्लेन उड़ाया।

एयर मार्शल एपी सिंह

वायुसेना के नये उप-प्रमुख बने

एयर मार्शल अमनप्रीत सिंह वायुसेना के नये उप-प्रमुख बने। उन्होंने एयर मार्शल संदीप सिंह की जगह ली है। एयर मार्शल एपी सिंह वर्तमान में प्रयागराज स्थित मध्यवायु कमान के एयर ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में सेवारत हैं। उनको दिसंबर 1984 में भारतीय वायु सेना की फाइटर स्ट्रीम में कमीशन दिया गया था। वे राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, रक्षा सेवा स्टॉफ कॉलेज और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के पूर्व छात्र हैं।

मुगल गार्डन

अब अमृत उद्यान के नाम से जाना जायेगा

राष्ट्रपति के अधिकारिक घर, राष्ट्रपति भवन के बगीचे को अब अमृत उद्यान के नाम से जाना जाएगा। राष्ट्रपति की उप प्रेस सचिव नाविका गुप्ता ने बताया कि स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के अवसर पर भारत के राष्ट्रपति ने राष्ट्रपति भवन उद्यानों को अमृत उद्यान नाम दिया है।

नॉर्वे में

अनोखा इंद्रधनुष दिखाई दिया

नॉर्वे के लोफोटेन आइलैंड के ऑल्डिरस्टंडेन पर्वत पर ड्रोन कैमरे से अनूठे पूर्ण सर्कल का इंद्रधनुष कैद किया गया। क्षितिज के कारण इंद्रधनुष हाफ सर्कल यानि 180 डिग्री के कोण वाला ही दिखाई देता है, लेकिन ऊंचाई से तस्वीर लेने के कारण यह पूर्णत: दिखा। नॉर्वे लैंड ऑफ मिडनाइट सन के रूप में भी मशहूर है। उत्तरी नॉर्वे के हैमरफेस्ट शहर में मई से जुलाई महीने के बीच 76 दिनों तक सूरज नहीं डूबता है।

नवजोत साहनी

ब्रिटेन के सिख इंजीनियर ने बिना बिजली के चलने वाली वाशिंग मशीन बनाई

ब्रिटेन में सिख इंजीनियर नवजोत साहनी ने बिना बिजली के चलने वाली वाशिंग मशीन का अविष्कार किया है। इसके लिए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के 'प्वाइंट्स ऑफ लाइट अवॉर्ड' से उन्हें सम्मानित किया गया है। करीब चार साल पहले अपनी वाशिंग मशीन परियोजना तैयार करने वाले नवजोत बिजली बचाने के अभियान भी चला रहे हैं।

स्मृति शेष

फाल्के पुरस्कार से सम्मानित फिल्म निर्देशक विश्वनाथ का निधन

फिल्म निर्माता और साउथ सिनेमा के निर्देशक अभिनेता कासीना धुनी विश्वनाथ का 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने तेलुगू के साथ हिंदी फिल्मों में भी काम किया, उन्हें 2016 में भारतीय सिनेमा का सर्वोच्च पुरस्कार दादा साहेब फाल्के से सम्मानित किया गया था। उन्हें कला के क्षेत्र के लिए पद्मश्री सहित कई पुरस्कारों से नवाजा गया था। उन्होंने सुपरहिट हिंदी फिल्में 'सरगम', 'कामचोर', 'ईश्वर', 'जाग उठा इंसान', 'धनवान', 'संजोग' जैसी फिल्मों का निर्देशन किया था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

कार्यालय संभागीय परियोजना यंत्री
लोक निर्माण विभाग, परियोजना क्रियान्वयन इकाई
सिविल लाइन नरसिंहपुर (म.प्र.)

एनआईटी नं. - 04/2023/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/एपीडी/..... जबलपुर, दिनांक 30.01.2023

कार्य का नाम : तेन्दुखेड़ा जिला नरसिंहपुर 02 कोर्ट नवीन न्यायालय भवन एवं 01 नग एक टाइप क्वाटर का निर्माण कार्य।

पोर्टल टेण्डर क्र.	जिला	ठेके की अनु. राशि (पीएमी) (रु. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	कार्यालय का नाम जहां ईएमडी एवं तकनीकी बिड भौतिक रूप से प्राप्त की जावेगी।
2023_ PWPIU_ 248698_1	नरसिंहपुर	848.17	848170/-	20000/-	18 (अठारह) माह वर्षाऋतु सहित	कार्यालय अतिरिक्त परियोजना संचालक लो.नि.वि. पी.आई.यू. साउथ सिविल लाइन, जी.सी. एफ. बैरियर के पास जबलपुर (म.प्र.)

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन दिनांक 01.02.2023 समय 9:00 से दिनांक 15.02.2023 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

संभागीय परियोजना यंत्री

जी-22566/48167/2023 लोक निर्माण विभाग, पी.आई.यू., नरसिंहपुर (म.प्र.)

कार्यालय मुख्य अभियंता (मध्य क्षेत्र)
लोक निर्माण विभाग, जबलपुर

Email : cepwdcentral@mp.nic.in

Phone No. 0761-2621541, Fax No. 0761-2678521

निविदा सूचना क्रमांक-25/सा/2022-23 जबलपुर, दिनांक 28.01.2023

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माफ्त निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य वेबसाइट **http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान करने पर वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे।

कार्य का नाम : नेवरगांव-बहेगांव-जाम-छिदलई मार्ग लं. 12.00 कि.मी. (कि.मी. 1/2 से 12/10 = 12.00)।

टेण्डर आई.डी.	जिला/ संभाग	आमंत्रण	ठेके की अनुमानित राशि (लाख में)	अमानत राशि (लाख में)	निविदा प्रपत्र राशि	समयावधि
2023_ PWDRB_ 247942_1	बालाघाट	प्रथम	1560.98 लाख	10,00,000/-	30,000/-	18 माह वर्षाऋतु सहित

टीप :- निविदा का विस्तृत विवरण (टेण्डर डाक्यूमेंट) म.प्र. शासन की निविदा **पोर्टल http://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है। निविदा ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 20.02.2023 समय 5:30 PM तक** है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य अभियंता (मध्य क्षेत्र)

जी-22582/48169/2023 लोक निर्माण विभाग, जबलपुर

राज्य पात्रता, सहायक प्राध्यापक, यूजीसी नेट एवं शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

विषय-भूगोल

1. बायोस्फीयर रिज़र्व' की अवधारणा किसने विकसित की थी -
(A) भारत सरकार
(B) यूनेस्को
(C) UNDP
(D) भारतीय प्राणी सर्वेक्षण

2. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान कहां स्थित है -
(A) नई दिल्ली (B) पुणे
(C) भोपाल (D) चेन्नई

3. अंतर्राष्ट्रीय सुनामी केन्द्र कहां स्थित है -
(A) न्यूयार्क (B) पेरिस
(C) होनोलूलू (D) नई दिल्ली

4. जल संचयन की पुरातन प्रणाली 'कट्टा' कहां प्रचलित है -
(A) मध्यप्रदेश (B) राजस्थान
(C) तमिलनाडु (D) कर्नाटक

5. उत्तरी गोलार्द्ध में 0 से 30 डिग्री के बीच हवाओं की दिशा होती है -
(A) उत्तर-पश्चिम (B) उत्तर-पूर्व
(C) दक्षिण-पश्चिम (D) पूर्व

6. सर्वे ऑफ इंडिया (SOI) की स्थापना कब हुई थी -
(A) 1767 (B) 1845
(C) 1935 (D) 1773

7. साइलेंट स्प्रिंग क्या है ?
(A) एक पुस्तक
(B) नदी
(C) नदी मुख
(D) प्रकृति सम्बन्धी फिल्म

8. IUCN का मुख्यालय कहां स्थित है -
(A) वियना (B) पेरिस
(C) स्विट्जरलैंड (D) न्यूयार्क

9. टिहरी बांध किस नदी पर बनाया गया है -
(A) भागीरथी (B) ब्रह्मपुत्र
(C) नर्मदा (D) कावेरी

10. प्रधान नगर (Primate City) की अवधारणा किसने दी थी -
(A) जिफ
(B) मार्क जेफरसन
(C) उजागर सिंह
(D) मैकिंडर

11. ड्रमलिन का निर्माण होता है -
(A) वायु अपरदन द्वारा
(B) लहर निक्षेपण द्वारा
(C) हिमनद निक्षेपण द्वारा
(D) वायु निक्षेपण द्वारा

12. लुइस ममफोर्ड के अनुसार नगर विकास की प्रथम अवस्था है -
(A) नेक्रोपोलिस (B) मेट्रोपोलिस
(C) इओपोलिस (D) पोलिस

13. नगर आकारिकी के 'खण्ड सिद्धांत' (Sector theory) का प्रतिपादन किया -
(A) होमर हायट (B) वर्रोस
(C) हार्टन (D) लुइस

14. जनगणना-2011 के अनुसार भारत में मिलियन सिटी (दस लाखी नगर) की संख्या है -
(A) 35 (B) 43
(C) 48 (D) 53

15. जनगणना-2011 के अनुसार सर्वाधिक जनजातीय जनसंख्या वाला राज्य है -
(A) मध्यप्रदेश (B) राजस्थान
(C) मिजोरम (D) पंजाब

16. "क्षतिपूर्ति" तल की संकल्पना के प्रतिपादक हैं -
(A) प्राट
(B) एअरी
(C) हैफोर्ड-बोवी
(D) जोली

17. Euxine नाम सम्बंधित है-
(A) काला सागर
(B) भू-मध्य सागर
(C) लाल सागर
(D) कैस्पियन सागर

18. Explanation in Geography पुस्तक के लेखक हैं -
(A) विलियन हार्वे
(B) पीटर हैगेट
(C) रिटर
(D) डेविड हार्वे

19. 2001 से 2011 के दौरान जनसंख्या की निम्नतम वृद्धि दर किस राज्य में रिकॉर्ड की गई थी -
(A) सिक्किम (B) बिहार
(C) नागालैंड (D) मेघालय

20. यदि दो स्थानों के देशांतर में 15 डिग्री का अन्तर है तो उनके समय में कितना अन्तर होगा -
(A) 1 घंटा (B) 2 घंटा
(C) 3 घंटा (D) 4 घंटा

21. मानचित्र के स्केल में R.F. का अर्थ है -
(A) वर्षा (B) तापमान
(C) निरुपक भिन्न (D) ऊंचाई

22. नर्मदा नदी बेसिन का कुल क्षेत्रफल है -
(A) 98796 वर्ग किमी
(B) 87785 वर्ग किमी
(C) 84392 वर्ग किमी
(D) 78289 वर्ग किमी

23. कोपेन के अनुसार कौन-सा जल वायु समूह को निरूपित नहीं करता है -
(A) D (B) E
(C) F (D) C

24. निम्नलिखित में से कौन-सा एक समुद्री जल पर अधिकतम ज्वार उत्पन्न करने वाला बल डालता है -
(A) सूर्य (B) चन्द्रमा
(C) शुक्र (D) मंगल

25. भारत का अनन्य आर्थिक क्षेत्र तट रेखा से कितनी दूर तक फैला है -
(A) 112 समुद्री मील
(B) 120 समुद्री मील
(C) 200 समुद्री मील
(D) 121 समुद्री मील

26. विविधता में एकता की अवधारणा किसने दी -
(A) हम्बोल्ट (B) हेटनर
(C) रिटर (D) पाश्चल

27. किसने कहा है कि वर्तमान भूतकाल की कुंजी है -
(A) सी.एम. किंग (B) जेम्स हट्टन
(C) डेविस (D) पैक

28. 'द मेचर ऑफ ज्योग्राफी' पुस्तक के लेखक हैं -
(A) रिटर (B) हार्टशोर्न
(C) हम्बोर्ट (D) ब्रुन्श

29. 'मेन्टल मैप की' अवधारणा -
(A) पीटर गाउल्ड
(B) हम्बोल्ट
(C) मैकिंडर
(D) रिटर

30. "भौगोलिक पर्यावरण प्रभाव" किसकी रचना है -
(A) हेटनर (B) रेटजेल
(C) ई.सी. सेम्पल (D) हम्बोल्ट

31. फ्रांस में मानव भूगोल का संस्थापक माना जाता है -
(A) विडाल डी ल्लॉश
(B) ब्रुन्श
(C) डिमांजिया
(D) मार्टोनी

32. SAARC देशों में सर्वाधिक जनघनत्व है -
(A) बांग्लादेश (B) भारत
(C) श्रीलंका (D) पाकिस्तान

33. पृथ्वी की धरातल पर सर्वाधिक विस्तृत शैले हैं -
(A) अवसादी
(B) आग्नेय
(C) कायान्तरित
(D) ज्वालामुखीय

34. किस प्रजाति के घर को 'क्राल' कहते हैं -
(A) बुशमैन (B) खिरगीज
(C) मसाई (D) सेमांग

35. हिन्द महासागर में सबसे बड़ा द्वीप है -
(A) मालद्वीप (B) लक्षद्वीप
(C) मेडागास्कर (D) सुमात्रा

36. निम्नलिखित में कौन-सी नदी 'भ्रंश घाटी' में प्रवाहित होती है -
(A) ताप्ती (B) महानदी
(C) कावेरी (D) कृष्णा

37. किस नदी का उद्गम भारत में नहीं है -
(A) रावी (B) व्यास
(C) चिनाब (D) सतलज

38. 'कयाल' सम्बंधित हैं -
(A) तराई मैदान
(B) केरल के लैगून
(C) गंगा डेल्टा
(D) काली मृदा

39. काली तथा तीस्ता नदियों के बीच कौन सा हिमालयी भाग पड़ता है -
(A) पंजाब हिमालय
(B) कुमायु हिमालय
(C) नेपाल हिमालय
(D) असम हिमालय

40. सुन्दर वन किस प्रकार के वन हैं -
(A) ज्वारीय वन
(B) मानसुनी वन
(C) शंकुधारी वन
(D) ऊष्ण कटिबंजीय वन

41. अल्फाल्फा हैं -
(A) एक जानवर
(B) एक प्रकार की घास
(C) एक जनजाति
(D) एक नगर

42. भारतीय रबड़ बोर्ड का मुख्यालय स्थित है -
(A) तमिलनाडु (B) केरल
(C) आन्ध्र प्रदेश (D) तेलंगाना

43. कौन-सी फसल भारतीय मूल की नहीं है -
(A) मक्का (B) चावल
(C) गन्ना (D) आम

44. एक नाविक के लिए अधिकतम उपयोगी है -
(A) मर्केटर प्रक्षेप
(B) गोमोनिक प्रक्षेप
(C) मोलवीड
(D) ज्यावक्रिय प्रक्षेप

45. GIS प्रक्रिया है -
(A) इमेज प्रदर्शन
(B) विषमता स्ट्रेचिंग
(C) मैप ओवरलेइंग
(D) मानचित्र रचना

46. निम्न में से कौन-सा केन्द्रीय प्रवृत्ति का माप नहीं है -
(A) समान्तर माध्य
(B) माध्य विचलन
(C) माध्यिका
(D) बहुलक

47. पृथ्वी के घूर्णन के कारण होने वाला पवन विक्षेप क्या कहलाता है -
(A) भू-मंडलीय पवन
(B) भूविक्षेपी पवन
(C) आकस्मिक पवन
(D) बलात पवन

उत्तरमाला

1. B	11. C	21. C	31. A	41. B
2. A	12. C	22. A	32. A	42. B
3. C	13. A	23. C	33. A	43. A
4. D	14. D	24. B	34. C	44. A
5. C	15. A	25. C	35. C	45. C
6. A	16. A	26. C	36. A	46. B
7. A	17. A	27. B	37. D	47. B
8. C	18. D	28. B	38. B	
9. A	19. C	29. A	39. C	
10. B	20. A	30. C	40. A	

- प्रवीण कुमार जायसवाल
(भूगोलवेत्ता जनगणना कार्य निदेशालय, म.प्र.)

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal (M.P.) 462 011

NOTICE INVITING TENDER

No. 1064 (PMGSY-III-Bridge) (Arch Bridge)
(PMGSY-III, Batch-III, Year 2021-22)

No./1625/22/D-12/MPRRDA/2023 Bhopal, Dated : 06.02.2023

Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years defect liability & maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in**. as detailed below:-

- **Name of Work – Construction of Bridges under PMGSY including maintenance for Five year after construction.**

S. No.	Name of District	No. of Packages	No. of Bridge	Total PAC (In Rs.)
1.	Chhindwara	2	4	33410980/-

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission:** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in**. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchased online from **07.02.2023 (17:30 hrs.)** and last date for online bid submission is **22.02.2023 (17:00 hrs.)**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/108457/48175/2023 **(TENDER)**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal (M.P.) 462 011

NOTICE INVITING TENDER

No. 1063 (PMGSY-III-Bridge)
(PMGSY-III, Batch-III, Year 2021-22)

No./1622/22/D-12/MPRRDA/2023 Bhopal, Dated : 06.02.2023

Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years defect liability & maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in**. as detailed below:-

- **Name of Work – Construction of Bridges under PMGSY including maintenance for Five year after construction.**

S. No.	Name of District	No. of Packages	No. of Bridge	Total PAC (In Rs.)
1.	Balaghat	1	1	18635000/-
2.	Dewas	2	6	30445000/-
3.	Indore	1	1	6785000/-

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission:** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in**. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchased online from **07.02.2023 (17:30 hrs.)** and last date for online bid submission is **22.02.2023 (17:00 hrs.)**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/108456/48174/2023 **(TENDER)**

म.प्र. पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

कार्यालय परियोजना यंत्री, डी-5/2, एम.आय.जी., महाश्वेता नगर, इस्कॉन मंदिर के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
Email : mpphcl_ujjain@yahoo.in
फोन : 0734-2527715, मोबा. : 9406808103

क्र. 219/पर्य/मपपुहाइडेकालि/23 उज्जैन, दिनांक : 08.02.2023

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 27/2022-23

मध्यप्रदेश पुलिस हाउसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत **निविदा क्रमांक 27/2022-23 दिनांक 08.02.2023** के अंतर्गत सी.एम. राइज स्कूल का निर्माण कार्य, चंदवासा जिला मंदसौर कार्य की ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2023_MPPHC_250782 आमंत्रित की गई है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन दिनांक 08.02.2023 17.00 बजे से क्रय किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal ://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/108486/48176/2023 **परियोजना यंत्री**

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal M.P.-462 011
(GST No. : 23AAATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER No. 1065 (PMGSY-B.W.)

No./1784/22/D-12/MPRRDA/2023 Bhopal, Dated : 08.02.2023

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **www.mptenders.gov.in** as detailed below :-

- **Name of Work : Construction/Up-gradation of Rural Roads under PMGSY including maintenance for Five year after construction**

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Barwani	1	51943813.00

1. Bid document may be purchase online from **09.02.2023 (17:30 hrs.)** and last date for online bid submission is **20.02.2023 (17:00 hrs.)**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/108497/2023 R-48177/2023 **(TENDER)**

SHRI VAISHNAV INSTITUTE OF MANAGEMENT

Approved by AICTE, Affiliated to DAVV, Indore and RGPV, Bhopal (M.P.)
UGC - NAAC accredited 'A' Grade Institute
Scheme No. 71, Gumasta Nagar, INDORE-452 009
✆ 0731-2780011, 2789925

— REQUIRES —

ASSISTANT PROFESSOR
Management (Hospital Administration and Foreign Trade) and Computer Science
Eligibility: Master's Degree in relevant subject with First Class or equivalent and two years of professional experience after acquiring the Master's degree.

ASSISTANT PROFESSOR
Biotechnology, Bioinformatics, Microbiology, Chemistry, English and Yoga
Eligibility: Masters Degree in Biotechnology/ Bioinformatics/ Microbiology/ Chemistry English/ Yoga with NET/SLET/SET/Ph.D. in the subject with minimum 2 years teaching experience in educational Institute.

SOFT SKILLS TRAINER: Professionally qualified having minimum 5 years experience and trained faculty having rich experience in grooming the students for a successful career. The candidate should be a post graduate with good academic record in relevant discipline

MANAGER FOR SPORTS ACADEMY: B.P.Ed./ M.P.Ed. with minimum 5 years experience of managing sports academy.

COMPUTER TEACHER : Graduation with Computer Science with 5 Years Experience of school teaching and willing to serve underprivileged children in rural areas.

PROGRAMMER : B.E. (CS)/MCA/ M. Sc. (CS/ IT) with one year experience in core programming.

ASSISTANT TRAINING AND PLACEMENT OFFICER: UG and PG in Management with minimum 2 years experience in Training and Placement Cell an Organization of repute. Proficiency of computer is essential.

OFFICE EXECUTIVE (SCHOLARSHIP) : Post Graduate with minimum 3 years experience in handling all types of scholarships of students in higher education and liasoning with all Govt. Scholarship Departments. Good proficiency of MS Office with Hindi and English Typing is essential.

LAB TECHNICIAN (PHYSICS), LAB TECHNICIAN (CHEMISTRY), LAB TECHNICIAN (MICROBILOGY): Bachelor's Degree in relevant subject or equivalent grade from recognized University/ Institute or post graduate diploma or equivalent grade from recognized Institute with 2 years experience.

LAB TECHNICIAN (COMPUTER) : BCA or B.Sc. (CS) or Graduate in any discipline with PGDCA from UGC recognized universities or DOEACC (O-Level) with minimum 2 years experience.

LIBRARY ASSISTANT : B.Lib./M.Lib. with minimum 2 years experience in an organization of repute and knowledge in Computer application with Hindi and English typing.

Salary is not a constraint for deserving candidate
Note: Applications of the candidates applied earlier will not be considered.

Candidate will apply in prescribed format by downloading the application form from Institute's website and duly filled form with all testimonials to be submitted in hard copy to the Institute or may email on **recruitments@svimi.org** within 7 days of publication of advertisement. R-48185/2023

MP/BPL/0580/20

REQUIRED

Smart young higher educated with 5yrs. exp. should have excellent command over Hindi & English and possess good communication skills.

ASST. PROFESSOR/LECTURER
SUBJECT - BSC (Seeds Technology & Horticulture) B,COM (Computer Application & Taxation), BSW

Qualification/Experience as per UGC/AICTE/DAVV Norms, (NET, M.PHIL)

Please send complete CV with passport size photograph within 7 days

JOIN THE LEADER TO MAKE DIFFERENCE

SHAKUNTALA MAHAVIDHYALAYA
Affiliated by DAVV Indore & MP Higher Education Bhopal

E-mail : collegeshakuntalamahavidyalaya@gmail.com
Contact No. 8989899345, 9425486843
Block 3, Near Shalamata Mandir, Metro Partiar, Thandla, Dist. Jhabua (M.P.)

R-48181/2023

alexia

ALEXIA COLLEGE OF PROFESSIONAL STUDIES
(Affiliated to DAVV & Recognized by Govt of M.P.)

Requires

- **Principal**
- **Associate/Assistant Professors**

In Field of Commerce Managment, Computer, Hindi, English, Social Work Also Vocational Cource Facalty B.Com. CA-DTP, Tax GST, FT, Retail Marketing Plain, Personality Development

Librarian, Sports Officer, Marketing Excutive, Counsellor (F), Office Assistant, Tally Caller (F) Office (Boys/Girls)

Qualification & Salary as per Norms
Apply within 7 days through Email
alexiacollege@yahoo.in Call : 0731-4047400

R-48182/2023

मान ग्रुप ऑफ कॉलेज

सुल्तानिया रोड, स्टेट बैंक चौराहे के पास, भोपाल–462001
इन्द्र विहार कालोनी, एयरपोर्ट रोड, भोपाल–462032
Tel. No. 9425010770, 9425605962

इंडियन नर्सिंग कांउसिल, नई दिल्ली, मध्य प्रदेश नर्सेस रजिस्ट्रेशन कांउसिल, भोपाल, म.प्र. पैरामेडिकल कांउसिल, म.प्र. मेडिकल साइंस विश्वविद्यालय, जबलपुर एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. से मान्यता प्राप्त

प्रवेश का अंतिम अवसर सत्र 2022-23

क्र.	पाठ्यक्रम	अवधि
1.	मास्टर ऑफ नर्सिंग **(एम.एस.सी नर्सिंग)**– योग्यता बी.एस.सी. नर्सिंग	2 वर्ष
2.	मास्टर ऑफ मेडिकल लेब टेक्निशियन **(एम.एम.एल.टी.)** योग्यता बी.एम.एल.टी.	2 वर्ष
3.	बैचलर इन फिजियोथेरेपी **(बी.पी.टी.)**– 6 माह इंटर्नशिप	4½ वर्ष
4.	बी.एस.सी. इन एक्स–रे **(बी.एक्स.आर.टी)**	3 वर्ष
5.	डिप्लोमा इन मेडिकल लेब टेक्निशियन **(डी.एम.एल.टी)**	2 वर्ष
6.	सर्टिफिकेट इन **एक्स–रे रेडियोग्राफर टेक्निशियन**	1 वर्ष
7.	जी.एन.एम.	3 वर्ष

क्रमांक 3 से क्रमांक 6 के लिए योग्यता 12वीं जीव विज्ञान विषय से। तथा क्रमांक 7 के लिए 12वीं किसी भी विषय से। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिये शासन अनुसार छात्रवृत्ति की सुविधा।

LAYOUT

R-48184/2023

M.P. INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LIMITED

(Government of Madhya Pradesh Undertaking)
(Formerly M.P. Audyogik Kendra Vikas Nigam (I) Ltd.)
Regional Office : 101, First Floor, Atulya IT Park, Near Crystal IT Park, Khandwa Road, Indore-452001 (M.P.), Phone : (O) 0731-2970611, 2974363, 2971311
Fax No. : 0731-2972629, Website : invest.mp.gov.in, E-mail : ed.roind@mpidc.co.in
No. MPIDC/ROIND/TECH/23/12306 Date : 09.02.2023

NOTICE INVITING TENDER

Online tenders are invited on behalf of the Executive Director, MPIDC RO Indore, from registered contractors in any State/Central Government/any Government undertaking or reputed firms for below works :-

S. No.	Name of Work	PAC (in Lakh)	EMD (in Rs.)	Cost of Tender Form	Last Date of Submission
1.	Selection of outsourcing agency for manpower at MPIDC RO Indore Office & DC, SEZ Office.	213.27	213273/-	17700/- (i/c GST)	10.03.2023
2.	Construction of BT Road at I/a Pithampur - 1, Distt. Dhar	14.12	28247/-	2360/- (i/c GST)	27.02.2023

The Tenders would be made available on the e-portal **https://www.mptenders.gov.in.** Detailed NIT along with other details can be viewed on above mentioned portal.
M.P. Madhyam/108515/2023 R-48178/2023 **EXECUTIVE ENGINEER**

SSCPS

SHIV KUMAR SINGH COLLEGE OF PROFESSIONAL STUDIES

SKS Group of Institutions
Affiliated to DAVV & Approved by Higher Education & NCTE
Campus: Near IIM, Pithampur Road, Rau, Indore M. 94246 60223

APPOINTMENT (UNDER COLLEGE CODE-28)

PRINCIPAL • PROFESSOR
ASSOCIATE PROFESSOR • ASST. PROFESSOR

BBA, B.Com., MSW, D.Ed, B.Ed, B.Sc. (Physics, Maths, Computer, Seed Tech., Biotech, Soil Conservation, Chemistry, Zoology, Botany), B.A. (Computer, Political Science, Economics, History), MBA.

Qualification and Experience as per UGC Norms. Submit hard copy along with photo & all testimonials on above address within 7 days & mail your resume to **principalsksitsindore@gmail.com** **-Principal**

LOGO_ADDED

R-48183/2023

मध्यप्रदेश में है 11.2 गीगावॉट पंप हायड्रो स्टोरेज क्षमता

भोपाल, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री हरदीप सिंह डंग ने बताया कि मध्यप्रदेश ने पंप हायड्रो स्टोरेज परियोजनाओं में भी देश में अपना विशिष्ट स्थान बनाएगा। केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा किये गये आकलन के अनुसार मध्यप्रदेश में विकास के लिये 11.2 गीगावाट पंप हायड्रो स्टोरेज परियोजनाओं की क्षमता उपलब्ध है। मंत्रिपरिषद द्वारा पंप हायड्रो स्टोरेज परियोजनाओं के क्रियान्वयन तथा निविदा प्रक्रिया संपादित करने का निर्णय लिया गया है।

पंप हायड्रो स्टोरेज परियोजना को प्रोत्साहित करने के लिये पंजीकृत परियोजनाओं को मध्यप्रदेश नवकरणीय ऊर्जा नीति-2022 में प्रस्तावित विद्युत शुल्क और ऊर्जा विकास उपक्रम छूट, स्टाम्प ड्यूटी की प्रतिपूर्ति, व्हीलिंग प्रभार में छूट, पंजीकरण-सह-सुविधा शुल्क में छूट, शत-प्रतिशत सर्कल दर पर 'उपयोग के अधिकार' के साथ शासकीय भूमि आदि प्रोत्साहन और लाभ का फायदा मिलेगा।

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य अध्ययन

1. म.प्र. की भगवंत सागर परियोजना किस नदी पर अवस्थित है?
(अ) बरगी नदी
(ब) सुक्ता नदी
(स) बारना नदी
(द) ताप्ती नदी
उत्तर- (ब) सुक्ता नदी।

2. म.प्र. का प्रथम जीवाश्म उद्यान कहां पर स्थापित किया गया था?
(अ) ओंकारेश्वर
(ब) डिंडोरी
(स) धार
(द) शिवपुरी
उत्तर- (ब) डिंडोरी।

3. गांधार शैली के अंतर्गत बनी बुद्ध की प्रतिमा में भगवान बुद्ध को किस प्रकार दिखाया गया है?
(अ) वस्त्रयुक्त
(ब) प्रभामंडल युक्त
(स) केशयुक्त
(द) उपरोक्त सभी
उत्तर- (द) उपरोक्त सभी।

4. निम्नलिखित अभिलेखों में किसमें अशोक का नाम उल्लेखित हुआ है?
(अ) गुर्जरा में
(ब) अहरौरा में
(स) ब्रह्मगिरी में
(द) सारनाथ में
उत्तर- (अ) गुर्जरा में।

5. सितनवासल गुफाओं की चित्रकला किस धर्म से संबंधित है?
(अ) बौद्ध
(ब) ईसाई
(स) जैन
(द) हिन्दू
उत्तर- (स) जैन।

6. अनुसूचित जनजातियों के लिए राष्ट्रीय आयोग के गठन का वर्णन संविधान के किस अनुच्छेद में किया गया है?
(अ) अनुच्छेद 341
(ब) अनुच्छेद 342
(स) अनुच्छेद 338
(द) अनुछेद 339
उत्तर- (स) अनुच्छेद 338।

7. भारत में जनांकीकीय इतिहास में महाविभाजन का वर्ष कौनसा है?
(अ) 1921 (ब) 1947
(स) 1951 (द) 1992
उत्तर- (अ) 1921।

8. भारत में लौह इस्पात कारखाना 'टाटा आयरन एंड स्टील कम्पनी (Tisco) की स्थापना कहां पर की गई थी?'
(अ) प. बंगाल
(ब) झारखंड
(स) छत्तीसगढ़
(द) कर्नाटक
उत्तर- (ब) झारखंड।

9. भारत में यदि पशु की किसी एक जाति को वन्यजीव (संरक्षण) अधि. 1972 की अनुसूची के अंतर्गत संरक्षित घोषित किया गया है तो इसका निहितार्थ क्या है?
(अ) यह भारत के विशेष क्षेत्र में स्थानिक है
(ब) इसे संरक्षण का वही स्तर प्राप्त है जैसा बाघ को
(स) कुछ परिवर्तन नहीं होगा
(द) इस संदर्भ में (अ) व (ब) सही है
उत्तर- (ब) इसे संरक्षण का वही स्तर प्राप्त है जैसा बाघ को।

10. निम्न में से कौनसा सुमेलित नहीं है?
राष्ट्रीय उद्यान राज्य
(अ) बांदीपुर - कर्नाटक
(ब) राजाजी - उत्तराखंड
(स) सिमलीपाला - ओडिशा
(द) पिन वैली - जम्मू-कश्मीर
उत्तर- (द) पिन वैली- जम्मू-कश्मीर।

11. निम्न में से कौन चिपको आंदोलन से संबंधित नहीं है -
(अ) सुंदरलाल बहुगणा
(ब) चंडीप्रसाद भट्ट
(स) गौरा देवी
(द) पांडुरंग हेगेड
उत्तर- (द) पांडुरंग हेगेड।

12. निम्न में से किस स्थान पर अलकनंदा तथा भागीरथी नदी का संगम होता है?
(अ) विष्णु प्रयाग
(ब) कर्ण प्रयाग
(स) रुद्र प्रयाग
(द) देव प्रयाग
उत्तर- (द) देव प्रयाग।

13. 'कयाल' शब्द से क्या तात्पर्य है?
(अ) तराई मैदान
(ब) गंगा डेल्टा
(स) दक्कन पठार रेगड़
(द) केरल के लैगून
उत्तर- (द) केरल के लैगून।

14. निम्न में से किस नदी को सांप्पो (Tsangpo) के नाम से भी जाना जाता है?
(अ) ब्रह्मपुत्र
(ब) तीस्ता
(स) रांगो
(द) सतलज
उत्तर- (अ) ब्रह्मपुत्र।

15. दक्षिण भारत में पाये जाने वाले शीतोष्ण कटिबंधीय वनों को क्या कहा जाता है?
(अ) शोलास
(ब) सेल्वास
(स) शंकु वन
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ) शोलास।

16. निम्न में से कौन-सा द्वीप अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह का सबसे उत्तरी द्वीप है?
(अ) कोको द्वीप
(ब) उत्तरी अंडमान द्वीप
(स) लैंड फॉल द्वीप
(द) नारकोंडम द्वीप
उत्तर- (स) लैंड फॉल द्वीप।

17. ब्लैक हिल, ब्लू हिल तथा ग्रीन हिल नामक पहाड़ियां किस देश में पाई जाती हैं?
(अ) मैक्सिको
(ब) कनाडा
(स) संयुक्त राज्य अमेरिका
(द) होंडुरास
उत्तर- (स) संयुक्त राज्य अमेरिका।

18. हॉर्न ऑफ अफ्रीका में कौनसा देश सम्मिलित नहीं है?
(अ) सोमालिया
(ब) इथोपिया
(स) तंजानिया
(द) इरीट्रिया
उत्तर- (स) तंजानिया।

19. निम्न में से कौनसा सुमेलित नहीं है?
मरुस्थल
(अ) सोनोरन
(ब) तकला माखन
(स) कराकुम
(द) गिप्सन
देश
(अ) संयुक्त राज्य अमेरिका
(ब) चीन
(स) तुर्कमेनिस्तान
(द) ब्राजील
उत्तर- (द) गिप्सन - ब्राजील।

20. किस संविधान संशोधन के द्वारा जीएसटी परिषद की स्थापना के लिए संविधान में एक नया अनुच्छेद 279 (क) जोड़ा गया ?
(अ) 100 वां संविधान संशोधन अधि. 2015
(ब) 101 वां संविधान संशोधन अधि. 2016
(स) 102 वां संविधान संशोधन अधि. 2018
(द) 103 वां संविधान संशोधन अधि. 2019
उत्तर- (ब) 101 वां संविधान संशोधन अधि. 2016।

21. भारत के संविधान में जनसंख्या नियंत्रण एवं परिवार नियोजन विषय किस सूची के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है?
(अ) संघ सूची
(ब) राज्य सूची
(स) समवर्ती सूची
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (स) समवर्ती सूची।

22. किसी जाति तथा जनजाति को अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति घोषित करने हेतु शक्ति सम्पन्न सांविधानिक प्राधिकारी हैं?
(अ) भारत के राष्ट्रपति
(ब) भारत का प्रधानमंत्री
(स) ST/SC आयोग के अध्यक्ष
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (अ) भारत के राष्ट्रपति।

23. मूल अधिकारों से जुड़े निम्नलिखित अनुच्छेदों में से कौन-से अनुच्छेद के खण्डों को भारतीय संविधान के अनुच्छे द-359 के तहत आपातकालीन स्थिति में भी निलंबित नहीं किया जा सकता है?
(अ) अनु. 14 और 15
(ब) अनु. 20 और 21
(स) अनु. 24 और 25
(द) अनु. 31 और 30
उत्तर- (ब) अनु. 20 और 21।

24. निम्न कथनों में से कौन एक भारत के संविधान की चौथी अनुसूची को सही-सही वर्णित करता है -
(अ) इसमें संघ और राज्यों के बीच शक्तियों का वितरण सूचीबद्ध है
(ब) इसमें संविधान में सूचीबद्ध भाषाएं हैं
(स) जनजाति क्षेत्रों का प्रशासन
(द) इसमें राज्यसभा में स्थानों का आवंटन है।
उत्तर- (द) इसमें राज्यसभा में स्थानों का आवंटन है।

25. यदि हवा का तापमान बढ़ता है, तो उसकी जलवाष्प ग्रहण करने की क्षमता -
(अ) घटती है
(ब) बढ़ती है
(स) पहले घटती फिर बढ़ती है
(द) कोई प्रभाव नहीं पड़ता
उत्तर- (ब) बढ़ती है।

26. यदि एक लोलक की लंबाई दोगनी कर दी जाए, तो उसके आवर्तकाल पर क्या प्रभाव पड़ेगा?
(अ) दुगना हो जाएगा
(ब) 1/4 हो जाएगा
(स) $\sqrt{2}$ गुना हो जाएगा
(द) परिवर्तित नहीं होगा
उत्तर- (स) $\sqrt{2}$ गुना हो जाएगा।

27. प्लवमान जीन (जंपिंग जीन) के सिद्धांत का प्रतिपादन किसने किया था?
(अ) ग्रेगर जोहान मेंडल
(ब) टॉमस हंट मॉर्गन
(स) बारबरा मैक्लिंटॉक
(द) वाटरसन और क्रिक
उत्तर- (स) बारबरा मैक्लिंटॉक।

28. मानव शरीर में निम्नलिखित हॉर्मोन में से कौन-सा रक्त में कैल्शियम और फॉस्फेट का विनियमित करता है?
(अ) ग्लुकैगॉन
(ब) वृद्धिकर हॉर्मोन (GH)
(स) परावद्ु हॉर्मोन
(द) थायरॉक्सिन
उत्तर- (स) परावद्ु (Parathyroid) हॉर्मोन।

29. निम्न में से कौन वैशेषिक दर्शन के प्रवर्तक माने जाते हैं?
(अ) कपिल
(ब) गौतम
(स) पतंजलि
(द) कणाद
उत्तर- (द) कणाद।

30. म.प्र. में सतपुड़ा श्रेणी का सबसे बड़ा कोयला क्षेत्र कौनसा है?
(अ) सोहागपारी
(ब) शाहपुर-तवा
(स) सोहागपुर
(द) पेंच घाटी
उत्तर- (ब) शाहपुर-तवा।

31. पीतपिण्ड (Corpus luteum) नामक कोशिकाओं की संहति मानव शरीर में कहां पाई जाती है?
(अ) मस्तिष्क
(ब) अण्डाशय
(स) अग्नाशय
(द) प्लीहा
उत्तर- (ब) अण्डाशय।

32. रेशम का कीड़ा अपने जीवन-चक्र के किस चरण में वाणिज्यिक तंतु पैदा करता है?
(अ) अण्डा
(ब) डिंभक (Larva)
(स) कोशित (Pupa)
(द) पूर्ण कीट
उत्तर- (स) कोशित (Pupa)।

33. निम्न सञ्जियों में से कौन-सी एक रूपांतरित जड़ है?
(अ) आलू
(ब) शकरकंद
(स) अदरक
(द) जिमीकंद
उत्तर- (ब) शकरकंद।

34. शिरुई लिली महोत्सव किस राज्य में मनाया जाता है?
(अ) मणिपुर (ब) मेघालय
(स) त्रिपुरा (द) असम
उत्तर- (अ) मणिपुर।

35. दुनिया के पहले नैनो यूरिया (तरल) संयंत्र का उद्घाटन किस राज्य में किया गया है?
(अ) म.प्र.
(ब) गुजरात
(स) राजस्थान
(द) महाराष्ट्र
उत्तर- (ब) गुजरात।

36. कैटलिन नोवाक किस देश की पहली महिला राष्ट्रपति बनी हैं?
(अ) यूक्रेन
(ब) हंगरी
(स) पोलैंड
(द) चेक गणराज्य
उत्तर- (ब) हंगरी।

37. स्पितुक स्पटर फेस्टिवल 2022 कहां आयोजित किया गया था?
(अ) जम्मू कश्मीर
(ब) हिमाचल प्रदेश
(स) उत्तराखंड
(द) लद्दाख
उत्तर- (द) लद्दाख।

38. भारत की किस टनल को विश्व का सबसे लम्बा हाईवे टनल का सर्टिफिकेट मिला है?
(अ) अटल टनल
(ब) जवाहर टनल
(स) जोजी ला टनल
(द) श्यामा प्रसाद मुखर्जी टनल
उत्तर- (अ) अटल टनल।

39. स्वदेशी नेवीगेशन सिस्टम 'गगन' का इस्तेमाल करने वाली पहली एयरलाइन कंपनी कौन बन गई है?
(अ) एयर इंडिया
(ब) इंडिगो
(स) स्पाइसजेट
(द) जेट एयरवेज
उत्तर- (ब) इंडिगो।

40. जी सैट-24 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किसके द्वारा किया गया है?
(अ) ISRO (ब) NASA
(स) JAXA (द) CNSA
उत्तर- (अ) ISRO।

41. 'भारतीय संविधान : अनकही कहानी' पुस्तक किसकी है जिसका विमोचन हाल ही में प्रधानमंत्री जी के द्वारा किया गया है?
(अ) धर्मेन्द्र प्रधान
(ब) एम. वेंकेया नायडू
(स) राम बहादुर राय
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर- (स) राम बहादुर राय।

42. किस देश ने FIH महिला हॉकी विश्व कप 2022 जीता है?
(अ) भारत
(ब) पोलैंड
(स) नीदरलैंड
(द) अर्जेंटीना
उत्तर- (स) नीदरलैंड।

43. सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज विनीत सरन किस संस्था के नैतिक अधिकारी और लोकपाल नियुक्त किए गए हैं?
(अ) UPSC (ब) SSC
(स) BCCI (द) ICC
उत्तर- (स) BCCI।

44. इंग्लैंड के लीसेस्टर क्रिकेट ग्राउंड का नाम किस भारतीय क्रिकेटर के नाम पर रखा गया है?
(अ) सचिन तेंदुलकर
(ब) महेंद्र सिंह धोनी
(स) सीके नायडू
(द) सुनील गावस्कर
उत्तर- (द) सुनील गावस्कर।

45. सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी किस खेल से संबंधित है?
(अ) हॉकी
(ब) क्रिकेट
(स) टेनिस
(द) फुटबॉल
उत्तर- (ब) क्रिकेट।

46. भारत के किस राज्य ने 'दुर्गावती वाघ अभयारण्य' नामक नये अभयारण्य को मंज़ूरी प्रदान की है?
(अ) केरल
(ब) छत्तीसगढ़
(स) म.प्र.
(द) उत्तरप्रदेश
उत्तर- (स) म.प्र.।

47. कौन-सा राज्य अपनी 'वाइल्ड लाइफ कार्य योजना 2021-30' लागू करने वाला पहला राज्य बना है?
(अ) कर्नाटक
(ब) केरल
(स) उत्तराखण्ड
(द) महाराष्ट्र
उत्तर- (द) महाराष्ट्र।

48. 'चटकोरा नृत्य' किस जनजाति के द्वारा किया जाता है?
(अ) भील (ब) बंजारा
(स) कोरकू (द) वैगा
उत्तर- (स) कोरकू जनजाति।

49. निम्न में से किसने आजीवक (नियतिवादी) मत का प्रतिपादन किया?
(अ) चारवाक
(ब) मक्खलि गोशाल
(स) पकुतकच्चायन
(द) पुरनकश्यप
उत्तर- (ब) मक्खलि गोशाल।

- कृतिका जावरिया
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषयों पर लेखन करती हैं।)

प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

राजव्यवस्था

प्र. 1 किस अधिनियम की प्रमुख विशेषता प्रांतीय स्वायत्तता थी?
अ. 1935 ब. 1919
स. 1904 द. 1858
उत्तर- अ. 1935

प्र. 2 कब महारानी विक्टोरिया को भारत की सम्राज्ञी नियुक्त किया गया?
अ. 1885 ब. 1875
स. 1876 द. 1858
उत्तर- स. 1876

प्र. 3 संविधान सभा का चुनाव निम्न में से किस आधार पर हुआ?
अ. समान मताधिकार
ब. सर्व मताधिकार
स. सीमित मताधिकार
द. वर्गीय मताधिकार
उत्तर- द. वर्गीय मताधिकार

प्र. 4 संविधान की प्रारूप समिति के समक्ष प्रस्तावना का प्रस्ताव किसने रखा?
अ. डॉ. बी.आर. अम्बेडकर
ब. बी.एन. राव
स. महात्मा गांधी
द. जवाहरलाल नेहरू
उत्तर- द. जवाहरलाल नेहरू

प्र. 5 संविधान सभा में किस देशी रियासत के प्रतिनिधि ने भाग नहीं लिया था?
अ. जूनागढ़ ब. कश्मीर
स. हैदराबाद द. मैसूर
उत्तर- स. हैदराबाद

प्र. 6 संविधान सभा में किस प्रान्त का प्रतिनिधित्व सबसे अधिक था?
अ. बंगाल ब. चेन्नई
स. मुम्बई द. संयुक्त प्रांत
उत्तर- द. संयुक्त प्रांत

प्र. 7 भारतीय संविधान को अपनाया गया?
अ. संविधान सभा द्वारा
ब. गवर्नर जनरल द्वारा
स. ब्रिटिश संसद द्वारा
द. भारतीय संसद द्वारा
उत्तर- अ. संविधान सभा द्वारा

प्र. 8 संविधान सभा में सभी निर्णय किस आधार पर लिये गये?
अ. एकता व अखण्डता
ब. बहुमत
स. सर्वसम्मति
द. सहमति व समायोजना
उत्तर- द. सहमति व समायोजना

प्र. 9 भारत है एक?
अ. धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र
ब. हिन्दू राष्ट्र
स. हिन्दू-मुस्लिम राष्ट्र
द. उपर्युक्त में से से कोई नहीं
उत्तर- अ. धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र

प्र. 10 संविधान के अंतर्गत भारतीय लोकतंत्र के आदर्शों को हम कहां देख सकते हैं?
अ. भाग-I ब. प्रस्तावना
स. भाग-III द. भाग-IV
उत्तर- ब. प्रस्तावना

प्र. 11 समाजवाद का अर्थ है?
अ. सामाजिक नियंत्रण
ब. राष्ट्रीयकरण
स. सामाजिक अन्याय
द. सामाजिक स्पर्धा
उत्तर- द. सामाजिक स्पर्धा

प्र. 12 भारत का संविधान कैसा है?
अ. नम्य
ब. अलिखित
स. लिखित
द. इनमें से कोई नहीं
उत्तर- स. लिखित

प्र. 13 क्षेत्रीय परिषदों का सृजन हुआ है?
अ. संविधान द्वारा
ब. संसदीय कानून द्वारा
स. सरकारी संकल्प द्वारा
द. उपर्युक्त सभी
उत्तर- ब. संसदीय कानून द्वारा

प्र. 14 संसदीय शासन प्रणाली सर्व-प्रथम किस देश में विकसित हुई?
अ. ब्रिटेन ब. बेल्जियम
स. फ्रांस द. स्विट्जरलैंड
उत्तर- अ. ब्रिटेन

प्र. 15 भारतीय संविधान का अभिभावक कौन है?
अ. राष्ट्रपति
ब. प्रधानमंत्री
स. सर्वोच्च न्यायालय
द. निर्वाचन आयोग
उत्तर- स. सर्वोच्च न्यायालय

प्र. 16 भारत में वैध प्रभुसत्ता किसमें निहित है?
अ. राष्ट्रपति ब. न्यायपालिका
स. मंत्रिमण्डल द. संविधान
उत्तर- द. संविधान

प्र. 17 भारतीय संविधान के संदर्भ में कहा जाता है कि वह-
अ. मौलिक संविधान है
ब. वकीलों का स्वर्ग है
स. विकासशील संविधान है
द. तानाशाही संविधान है
उत्तर- ब. वकीलों का स्वर्ग है

प्र. 18 निम्नलिखित में से कौन भारतीय राजव्यवस्था में सर्वोच्च है?
अ. संसद
ब. सर्वोच्च न्यायालय
स. संविधान
द. धर्म
उत्तर- स. संविधान

प्र. 19 भारतीय संविधान में समवर्ती सूची की अवधारणा ली गई है?
अ. कनाडा ब. ऑस्ट्रेलिया
स. यू.एस.ए. द. ब्रिटेन
उत्तर- ब. ऑस्ट्रेलिया

प्र. 20 'विधि के समक्ष समता' शब्द लिया गया है?
अ. इंग्लैण्ड के संविधान से
ब. अमेरिका के संविधान से
स. आयरलैंड के संविधान से
द. जापान के संविधान से
उत्तर- अ. इंग्लैण्ड के संविधान से

प्र. 21 भारतीय संविधान को कितने अध्याय (भाग) में विभाजित किया गया है?
अ. 16 ब. 24
स. 25 द. 22
उत्तर- द. 22

प्र. 22 संविधान के किस भाग में संविधन संशोधन की प्रक्रिया का उल्लेख है?
अ. भाग- 3 ब. भाग- 4
स. भाग- 20 द. भाग- 21
उत्तर- स. भाग- 20

प्र. 23 संविधान की द्वितीय अनुसूची का संबंध किससे है?
अ. राज्यसभा में प्रतिनिधित्व से
ब. भाषाओं से
स. शपथ ग्रहण से
द. महत्वपूर्ण पदाधिकारियों के वेतन से
उत्तर- द. महत्वपूर्ण पदाधिकारियों के वेतन से

प्र. 24 सम्पति का अधिकार संवैधानिक अधिकार है, यह बताया गया है?
अ. अनुच्छेद-28
ब. अनुच्छेद-30
स. अनुच्छेद-31 (घ)
द. अनुच्छेद-300 (क)
उत्तर- द. अनुच्छेद-300 (क)

प्र. 25 केन्द्र राज्य के प्रशासनिक संबंध किस अनुच्छेद में वर्णित हैं?
अ. अनुच्छेद- 256-263
ब. अनुच्छेद- 352-356
स. अनुच्छेद- 250-280
द. इनमें से कोई नहीं
उत्तर- अ. अनुच्छेद- 256-263

प्र. 26 भारत का संविधान भारत को कैसे वर्णित करता है?
अ. राज्यमंडल
ब. राज्यों का संघ
स. महासंघ
द. इनमें से कोई नहीं
उत्तर- ब. राज्यों का संघ

प्र. 27 नये राज्य के गठन व सीमा में परिवर्तन करने का अधिकार किसको है?
अ. प्रधानमंत्री को
ब. मंत्रिमण्डल को
स. राष्ट्रपति को
द. संसद को
उत्तर- द. संसद को

प्र. 28 मध्यप्रदेश राज्य का गठन कब हुआ?
अ. 1 नवम्बर, 1959
ब. 1 सितम्बर, 1956
स. 1 नवम्बर, 1956
द. 1 सितम्बर, 1951
उत्तर- स. 1 नवम्बर, 1956

प्र. 29 भारतीय संविधान में नागरिकता के प्रावधान कब लागू हुये?
अ. 1950 ब. 1949
स. 1951 द. 1952
उत्तर- ब. 1949

प्र. 30 संविधान के अनुच्छेद-17 तथा अनुच्छेद-18 में क्या वर्णित है?
अ. सामाजिक समता
ब. आर्थिक समता
स. राजनीतिक समता
द. धार्मिक समता
उत्तर- अ. सामाजिक समता

प्र. 31 निम्न में से कौन सा मूल अधिकार नहीं है?
अ. समता का अधिकार
ब. सम्पति का अधिकार
स. स्वतंत्रता का अधिकार
द. संवैधानिक उपचारों का अधिकार
उत्तर- ब. सम्पति का अधिकार

प्र. 32 भारतीय संविधान का कौन सा अंग समाजवादी व्यवस्था स्थापित करने की प्रेरणा देता है?
अ. मूल अधिकार
ब. मूल कर्तव्य
स. नीति निर्देशक तत्व
द. नागरिकता
उत्तर- स. नीति निर्देशक तत्व

प्र. 33 किस संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा संविधान में मूल कर्तव्यों को सम्मिलत किया गया है?
अ. 42वां ब. 43वां
स. 44वां द. 45वां
उत्तर- अ. 42वां

प्र. 34 निम्न में से कौन संसद का अनन्य भाग नहीं है?
अ. राष्ट्रपति ब. उपराष्ट्रपति
स. लोकसभा द. राज्यसभा
उत्तर- ब. उपराष्ट्रपति

प्र. 35 संसद की संयुक्त बैठक को कौन सम्बोधित करता है?
अ. प्रधानमंत्री ब. स्पीकर
स. डिप्टी स्पीकर द. राष्ट्रपति
उत्तर- द. राष्ट्रपति

प्र. 36 संघ की कार्यपालिका शक्ति निहित है?
अ. प्रधानमंत्री में ब. राष्ट्रपति में
स. मंत्रिपरिषद् में द. संसद में
उत्तर- ब. राष्ट्रपति में

प्र. 37 उपराष्ट्रपति अपने मत का प्रयोग कब करता है?
अ. प्रत्येक स्थिति में
ब. कभी नहीं
स. वर्ष में एक बार
द. मतों के बराबर रहने की स्थिति में
उत्तर- द. मतों के बराबर रहने की स्थिति में

प्र. 38 राज्यसभा में राज्यों का प्रतिनिधित्व किस पर निर्भर करता है?
अ. राज्य का क्षेत्रफल
ब. राज्य की जनसंख्या
स. उपर्युक्त दोनों
द. उपर्युक्त में से से कोई नहीं
उत्तर- ब. राज्य की जनसंख्या

प्र. 39 भारत में शून्यकाल (जीरो ऑवर्स) की शुरुआत कब की गई?
अ. 1962 ब. 1971
स. 1964 द. 1963
उत्तर- अ. 1962

प्र. 40 किसी विशेष दिन लोकसभा में अधिकतम कितने तारांकित प्रश्न पूछे जा सकते हैं?
अ. 15 ब. 20
स. 25 द. कोई सीमा नहीं
उत्तर- ब. 20

प्र. 41 सबसे कम उम्र में प्रधानमंत्री पद पर आसीन होने वाले व्यक्ति हैं?
अ. राजीव गांधी
ब. मोरारजी देसाई
स. लालबहादुर शास्त्री
द. इंदिरा गांधी
उत्तर- अ. राजीव गांधी

प्र. 42 निम्न में से कौनसा भारत में प्रशासन पर विधायी नियंत्रण का एक साधन नहीं है?
अ. सदन का विघटन
ब. संकल्प
स. प्रश्न
द. अविश्वास प्रस्ताव
उत्तर- अ. सदन का विघटन

प्र. 43 लोकसभा का सचिवालय किसके प्रत्यक्ष पर्यवेक्षण व नियंत्रण में कार्य करता है?
अ. लोकसभा अध्यक्ष
ब. प्रधानमंत्री
स. गृह मंत्री
स. संसदीय मामलों का मंत्रालय
उत्तर- अ. लोकसभा अध्यक्ष

प्र. 44 निम्न में से कौन तदर्थ समिति है?
अ. रेल अभिसमय समिति
ब. आचार समिति
स. (अ) और (ब) दोनों
द. कोई नहीं
उत्तर- स. (अ) और (ब) दोनों

प्र. 45 सर्वोच्च न्यायालय के जजों का वेतन किससे आहरित होता है?
अ. सहायक अनुदान
ब. आकस्मिकता निधि
स. संचित निधि
द. लोक लेखा
उत्तर- स. संचित निधि

प्र. 46 उच्च न्यायालय को किसका अधीक्षण करने का अधिकार है?
अ. विधि विभाग
ब. अधिनस्थ न्यायालय
स. सर्वोच्च न्यायालय
द. लोक सेवा आयोग
उत्तर- ब. अधिनस्थ न्यायालय

प्र. 47 राज्यपाल का मुख्य सलाहकार कौन होता है?
अ. उच्चतम न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश
ब. मुख्यमंत्री
स. लोकसभा का अध्यक्ष
द. राष्ट्रपति
उत्तर- ब. मुख्यमंत्री

प्र. 48 मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री थे?
अ. श्यामा चरण शुक्ल
ब. कैलाश नाथ काटजू
स. रविशंकर शुक्ल
द. भगवन्त राव
उत्तर- स. रविशंकर शुक्ल

प्र. 49 परिसीमन आयोग का अध्यक्ष होता है?
अ. राष्ट्रपति
ब. गृह मंत्री
स. मुख्य चुनाव आयुक्त
द. प्रधानमंत्री
उत्तर- स. मुख्य चुनाव आयुक्त

- श्रद्धा सुमन
(लेखिका, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करती हैं)

राज्य सरकार ने सबका साथ सबका विकास पर काम किया - वित्त मंत्री

मंदसौर, वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने मन्दसौर जिले के मल्हारगढ़ में बड़ी गुडभेली ग्राम से विकास यात्रा रथ को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि 25 फरवरी 2023 तक चलने वाली विकास यात्रा में गांव-गांव जाकर ऐसे पात्र व्यक्तियों को चिह्नित किया जायेगा जिन्हें अभी शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। साथ ही ग्राम स्तर पर क्रियान्वित योजनाओं को भी परखा जायेगा।

विकास यात्रा के पहले दिन श्री देवड़ा ने ग्राम पंचायत गुड़भेली में 10 लाख रुपये की लागत से नाला निर्माण एवं 7 लाख 80 हजार रुपये से निर्मित आंगनवाड़ी भवन का लोकार्पण किया। श्री देवड़ा ने कहा कि राज्य सरकार सबका साथ और सबका विकास पर कार्य कर रही है। सभी के आर्थिक उन्नति एवं विकास के लिये शासन कटिबद्ध है। गांव-गांव में सड़कों का जाल बिछाया जायेगा। पीएम आवास योजना में गरीबों को पक्का मकान उपलब्ध करवाया जा रहा है। किसान क्रेडिट कार्ड से किसानों को लाभ प्रदान करने को सुनिश्चित किया गया है। उज्ज्वला योजना में गांव की महिलाओं को गैस कनेक्शन दिला कर हमेशा के लिये धुएं से मुक्ति दिलाई जा रही है।

श्री देवड़ा ने कहा कि मल्हारगढ़ क्षेत्र में सिंचाई के लिये सूक्ष्म परियोजना में हर खेत, हर गांव तक चम्बल नदी का पानी पहुंचेगा। इस महत्वपूर्ण योजना पर 1 हजार करोड़ की लागत आयेगी। सीएम राइज स्कूल में अब हर बच्चे को बेहतर शिक्षा प्राप्त होगी।

आँखों की बढ़ती बीमारियों से बढ़ा ऑप्टोमेट्री का कॅरियर

कोविड-19 के बाद देश में आँखों की विभिन्न बीमारियां लगातार तेजी से बढ़ती जा रही हैं। कम्प्यूटर और टेलीविजन लगातार लंबे समय तक देखने के कारण बच्चों की ही नहीं अपितु युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों की भी आँखें प्रभावित हो रही हैं। दुनिया के प्रसिद्ध विजन लॉस एक्सपर्ट ग्रुप और इंटरनेशनल एजेंसी फॉर द प्रिवेंशन ऑफ ब्लाइंडनेस की नई रिपोर्ट के मुताबिक भारत में करीब-करीब 13 करोड़ लोग ऐसे हैं, जिनकी नजर कमजोर है और जिनके नेत्रहीन होने का खतरा बढ़ता जा रहा है। ऐसे में आँखों की देखरेख और इलाज से संबंधित ऑप्टोमेट्री का कॅरियर तेजी से बढ़ते हुए दिखाई दे रहा है।

देश में करीब 2 लाख ऑप्टोमेट्रिस्ट की जरूरत

देश में ऑप्टोमेट्री का कॅरियर किस तेजी से बढ़ने की संभावना रखता है, इसका अनुमान भी एक हालिया सर्वेक्षण से लगाया जा सकता है। सर्वेक्षण के मुताबिक इस समय भारत में दो लाख लोगों के लिए महज एक ऑप्टोमेट्रिस्ट है, जबकि अमेरिका और यूरोपीय देशों में प्रति दस हजार व्यक्तियों के पीछे एक ऑप्टोमेट्रिस्ट है। एक अनुमान के मुताबिक, भारत में करीब दो लाख क्वालिफाइड ऑप्टोमेट्रिस्ट की जरूरत है। इसे देखते हुए भारत में आने वाले वर्षों में योग्य ऑप्टोमेट्रिस्ट की मांग में तेजी से इजाफा होने वाला है।

ऑप्टोमेट्रिस्ट के विभिन्न कार्य

गौरतलब है कि ऑप्टोमेट्री एक विज्ञान है, जो मनुष्य की आँख की कार्यप्रणाली से संबद्ध है। यह विज्ञान ऑप्टिकल सिस्टम, लेंसों के इस्तेमाल और अन्य तरह की ऑप्टिकल मदद, रेफ्रेक्टिव एरर और उसके सुधार में डील करता है। यह हेल्थ केयर प्रोफेशन आँखों के सही परीक्षण, सही तरह से डायग्नोस और आँखों के सही तरह से इलाज से संबंधित होते हैं। एक ऑप्टोमेट्रिस्ट ऑप्टोमेट्री का डॉक्टर (ओडी) होता है, मेडिकल डॉक्टर नहीं होता। वह आँखों की असामान्यताओं को दूर करने के लिए विभिन्न विजन थैरेपियों का प्रयोग करता है और आँखों के लिए दवाएं लिख सकता है। ऑप्टोमेट्रिस्ट के कार्यों में नेत्र रोगों के ऑक्यूलर और विजुअल लक्षणों को पहचानना, आँखों को प्रभावित करने वाली दैरों समस्याओं को समझना तथा रोगियों को उपचार हेतु यथोचित विशेषज्ञों के पास भिजवाना शामिल होता है। इस प्रकार एक ऑप्टोमेट्रिस्ट आँखों से संबंधित समस्याओं की पहचान कर उनके निदान में अहम भूमिका निभाता है। ऑप्टोमेट्रिस्ट निर्धारित विशिष्टताओं के अनुसार लेंस फेब्रिकेशन कर उन्हें व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप फिट करता है। ऑप्टोमेट्रिस्ट हाईटेक मशीनों का उपयोग कर लेंसों को हार्ड या सॉफ्ट बनाता है और उनके ऊपर पॉलिश भी करता है। भारत में ऑप्टोमेट्रिस्ट को सर्जरी करने की इजाजत नहीं होती है। अर्थात वह आँखों की सर्जरी को छोड़कर आँखों के उपचार से संबंधित बाकी सभी काम कर सकता है।

ऑप्टोमेट्रिस्ट के लिए कॅरियर के बहुआयामी मौके

जिस तरह कॅरियर के मौके हेल्थकेयर सेक्टर के क्षेत्र में बढ़ते जा रहे हैं उसी तरह ऑप्टोमेट्री के क्षेत्र में कॅरियर की काफी अच्छी संभावनाएं हैं। यदि आप औरों की आँखों की रोशनी बचाकर अपना कॅरियर रोशन करना चाहते हैं तो ऑप्टोमेट्री का कॅरियर निश्चित ही आपको बहुत रास आएगा, क्योंकि अंधकारपूर्ण या कमजोर आँखों को जगमग रोशनी से भरकर आपको मानसिक शांति मिलेगी। इतना ही नहीं इस कॅरियर में आप प्रतिष्ठा के साथ पर्याप्त कमाई भी कर पाएंगे। इससे आपको आर्थिक संतुष्टि भी मिलेगी। उभरता हुआ कॅरियर होने से इसमें अपार संभावनाएं हैं। ऑप्टोमेट्रिस्ट की मांग बढ़ने का एक कारण यह भी है कि चश्मों, गागल्स तथा कांटेक्ट लेंस की मांग भी इन दिनों बहुत तेजी से बढ़ रही है। सबसे अच्छी बात यह भी है कि ऑप्टोमेट्रिस्ट के लिए देश और विदेश दोनों जगहों पर कॅरियर के अवसर हैं। बतौर ऑप्टोमेट्रिस्ट आप अस्पतालों और क्लिनिक्स में अपनी सेवाएं दे सकते हैं जहां नेत्र रोग चिकित्सकों की सहायता करनी होती है। सरकारी नियमों के अनुसार ऑप्टिकल दुकानों में भी ट्रेंड ऑप्टोमेट्रिस्ट को ही रखना होता है। एक ऑप्टोमेट्रिस्ट अस्पतालों में या क्लीनिक्स में ऑप्थैल्मोलॉजिस्ट के सहायक के रूप में नौकरी प्राप्त कर सकता है। इसके अलावा प्राइवेट ऑप्टिकल सेटअप में काम करने के अलावा अपना स्वयं का क्लीनिक भी प्रारंभ कर सकते हैं। ऑप्टोमेट्रिस्ट मोतियाबिंद आदि के मरीजों को ऑपरेशन के पूर्व और उसके पश्चात आवश्यक सहायता प्रदान करते हैं। चाहें तो स्वयं की ऑप्टिकल्स शॉप भी खोल सकते हैं। इसके अलावा, प्रोडक्ट एजीक्यूटिव के रूप में चश्मा या लेंस निर्माता कंपनियों के साथ जुड़ सकते हैं। किसी एनजीओ में अपनी सेवाएं दे सकते हैं।

ऑप्टोमेट्रिस्ट के कॅरियर की स्किल्स

ऑप्टोमेट्री के क्षेत्र में कॅरियर बनाने के लिए कुछ जरूरी स्किल्स हैं। पहली स्किल बॉयोलॉजी व मानव सेवा में रुचि होने से संबंधित है। इस क्षेत्र में कॅरियर के लिए विशेष तकनीकी कौशल भी जरूरी है। संयम, धैर्य जैसे व्यावहारिक गुण और मूल्यांकन कौशल के साथ इस ऑप्टोमेट्री क्षेत्र में तेजी से कॅरियर की सीढ़ियां चढ़ सकते हैं।

ऑप्टोमेट्रिस्ट के कॅरियर की शैक्षणिक जरूरतें

एक ऑप्टोमेट्रिस्ट बनने के लिए ऑप्टोमेट्री का कोर्स करना होता है। इस कोर्स को करने के लिए 50 प्रतिशत अंक के साथ भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित या जीव विज्ञान तथा अंग्रेजी विषय से बारहवीं होना जरूरी है। ऑप्टोमेट्री कोर्स में प्रवेश पाने के लिए कुछ संस्थान केंद्रीकृत संयुक्त प्रवेश परीक्षा आयोजित करते हैं। यह चार वर्षीय पाठ्यक्रम है, जिसके पहले तीन वर्षों में सैद्धांतिक शिक्षा दी जाती है और अंतिम वर्ष में इंटर्नशिप कराई जाती है, आप चाहे तो ऑप्टोमेट्री में डिप्लोमा भी कर सकते हैं, जो दो वर्ष का होता है। देश के कई मेडिकल और टेक्नोलॉजी से जुड़े इंस्टीट्यूशन्स स्वयं की प्रवेश परीक्षाओं या फिर मेरिट के आधार पर बीएससी इन ऑप्टोमेट्री जैसे कोर्स में प्रवेश देते हैं। इसके लिए भी पीसीबी या पीसीएम से बारहवीं उत्तीर्ण होना चाहिए। कोर्स के दौरान ऑप्टिकल उपकरणों की जानकारी, फिजिकल ऑप्टिक्स, फिजियोलॉजी, एनाटॉमी, आँखों की असमानता, दृष्टि दोष मापने, सुधारने की विधि आदि सिखाई जाती है। छात्रों को बेसिक साइंस तथा क्लिनिकल विषयों की प्रेक्टिकल ट्रेनिंग के साथ-साथ विभिन्न अस्पतालों, स्पेशलिटी आई क्लिनिक्स और अन्य संबंधित टेक्नीकल इस्टीट्यूशंस में इंटर्नशिप भी कराई जाती है।

कहाँ से करें ऑप्टोमेट्रिस्ट का कोर्स?

मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न मेडिकल और टेक्नीकल संस्थानों में ऑप्टोमेट्री के डिग्री और डिप्लोमा कोर्स उपलब्ध हैं। आप अपनी रुचि योग्यता व क्षमताओं के अनुरूप उपयुक्त संस्थान से ऑप्टोमेट्री का कोर्स करके इस क्षेत्र में कॅरियर की राह पर आगे बढ़ सकते हैं।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक, कॅरियर मार्गदर्शन के लिए लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

देश के वीर जवानों और अधिकारियों के लिये वीरता पुरस्कार

भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 74वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सशस्त्र बलों के कर्मियों और अन्य को 412 वीरता पुरस्कारों और अन्य रक्षा अलंकरणों को मंजूरी दी है। वीरता पुरस्कार (गैलेंट्री अवॉर्ड) देश की रक्षा में अतुलनीय योगदान देने वाले जवानों और अधिकारियों को दिए जाते हैं। 'रोजगार और निर्माण' के इस लेख में हम जवानों और अधिकारियों को दिए जाने वाले वीरता पुरस्कार के बारे में जानेंगे।

कब होता है ऐलान

वीरता पुरस्कारों का ऐलान साल में दो बार किया जाता है। पहला गणतंत्र दिवस और दूसरा स्वतंत्रता दिवस के मौके पर। इन वीरता पुरस्कारों में सबसे अहम होता है, परमवीर चक्र, जो सर्वोच्च सैन्य पुरस्कार है। इसके बाद महावीर चक्र, कीर्ति चक्र, वीर चक्र, अशोक चक्र और शौर्य चक्र आते हैं।

कब हुई शुरुआत

देश को पूर्ण स्वतंत्रता मिलने के बाद से भारत सरकार हर साल जवानों और अधिकारियों को 'वीरता पुरस्कार' देती आ रही है। 26 जनवरी 1950 को देश का संविधान लागू हुआ और इसी तारीख को भारत सरकार ने प्रथम तीन वीरता पुरस्कारों 'परमवीर चक्र', 'महावीर चक्र' और 'वीर चक्र' की घोषणा की थी। हालांकि इसे 15 अगस्त, 1947 से प्रभावी माना गया था।

थल सेना, नौसेना और वायुसेना या किसी भी आरक्षित बल, प्रादेशिक सेना तथा कानूनी रूप से गठित किसी अन्य सशस्त्र बल के सभी रैंकों के सभी अधिकारी इन पुरस्कारों हेतु पात्र हैं। वीरता पुरस्कारों के लिए देश की रक्षा में अतुलनीय योगदान देने वाले जवानों और अधिकारियों के नाम पहले रक्षा मंत्रालय के पास भेजे जाते हैं। रक्षा मंत्रालय में केंद्रीय सम्मान एवं पुरस्कार समिति प्राप्त हुए सभी नामों पर विचार करती है। फिर मानकों के आधार पर यह समिति वीरता पुरस्कारों की सूची तैयार करती है।

परमवीर चक्र

परमवीर चक्र भारत का सर्वोच्च शौर्य सैन्य पुरस्कार होता है। यह पुरस्कार युद्ध के दौरान अद्वितीय साहस और असाधारण वीरता के कार्यों को प्रदर्शित करने के लिये दिया जाता है। यह पुरस्कार मरणोपरांत भी दिया जाता है।

महावीर चक्र

महावीर चक्र भारत का ऐसा पदक है जो युद्ध के समय वीरता दिखाने के लिए दिया जाता है। सेना और असैनिकों को असाधारण वीरता या शौर्यता या बलिदान के लिए यह पदक दिया जाता है। यह पुरस्कार भी मरणोपरांत दिया जा सकता है।

वीर चक्र

यह परमवीर चक्र और महावीर चक्र के बाद देश का तीसरा सबसे बड़ा युद्धकालीन वीरता पुरस्कार है। सैनिकों को असाधारण वीरता या बलिदान के लिए 'वीर चक्र' सम्मान दिया जाता है। इस पुरस्कार की शुरुआत भी 26 जनवरी 1950 को हुई थी। यह पुरस्कार सैनिकों को मरणोपरांत भी दिया जा सकता है।

कीर्ति चक्र

कीर्ति चक्र की शुरुआत 4 जनवरी 1952 को अशोक चक्र श्रेणी-II के रूप में की गई। 27 जनवरी 1967 को इसका नाम बदल कर कीर्ति चक्र कर दिया गया। यह दूसरा सर्वोच्च शांति कालीन वीरता पुरस्कार है और शांति काल में साहसिक कार्रवाई करने या आत्म-बलिदान के लिये दिया जाता है।

शौर्य चक्र

इस पदक की शुरुआत 4 जनवरी 1952 को अशोक चक्र श्रेणी-III के रूप में की गई थी। 27 जनवरी 1967 को इसका नाम बदल कर शौर्य चक्र कर दिया गया। यह पदक शौर्य के कारनामे के लिए प्रदान किया जाता है। वरीयता में यह 'कीर्ति चक्र' के बाद का वीरता पदक है।

अशोक चक्र

इस पदक की शुरुआत 4 जनवरी 1952 को की गई और 27 जनवरी 1967 को इसका नाम बदल दिया गया, यह पदक अदम्य साहस अथवा जांबाजी अथवा बहादुरी के बड़े कारनामे अथवा जान न्यौछावर करने को सम्मानित करने के लिए प्रदान किया जाता है।

इस बार गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 412 वीरता पुरस्कारों और अन्य रक्षा सम्मानों की घोषणा की गई। इन पुरस्कारों में छह कीर्ति चक्र (चार मरणोपरांत), 15 शौर्य चक्र (दो मरणोपरांत), 93 सेना पदक (शौर्य) (चार मरणोपरांत), एक नौसेना पदक (शौर्य) मरणोपरांत, सात वायु सेना पदक (शौर्य), 29 परम विशिष्ट सेवा मेडल शामिल हैं। इसके अलावा तीन उत्तम युद्ध सेवा मेडल, 53 अति विशिष्ट सेवा मेडल, 10 युद्ध सेवा मेडल, 40 सेना मेडल (डूयटी के प्रति समर्पण), 13 नौसेना मेडल (कर्तव्य के प्रति समर्पण) (पांच मरणोपरांत), 14 वायु सेना पदक (कर्तव्य के प्रति समर्पण) और 128 विशिष्ट सेवा पदक हैं। दो कीर्ति चक्र और सात शौर्य चक्र सेना के जवानों को दिए गए हैं। राष्ट्रपति ने भारतीय तटरक्षक कर्मियों को एक राष्ट्रपति के तटरक्षक पदक (विशिष्ट सेवा), तीन तटरक्षक पदक (शौर्य) और तटरक्षक पदक (मेधावी सेवा) से भी सम्मानित किया है।

मेजर शुभांग और नायक जितेंद्र सिंह को कीर्ति चक्र

मेजर शुभांग और नायक जितेंद्र सिंह को कीर्ति चक्र देने का ऐलान किया गया। कीर्ति चक्र से सम्मानित होने वाले मेजर शुभांग डोगरा रेजिमेंट से और नायक जितेंद्र सिंह राजपूत रेजिमेंट से हैं। इन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार कश्मीर में आतंकवाद विरोधी अभियानों में वीरता दिखाने के लिए दिया गया है।

15 जांबाजों को शौर्य चक्र

सेना का शौर्य चक्र कुमाऊं रेजीमेंट के मेजर आदित्य भदौरिया, कुमाऊं रेजीमेंट के कैप्टन अरुण कुमार, मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री के कैप्टन युधवीर सिंह, 9 पैरा स्पेशल फोर्स से कैप्टन राकेश टी.आर. और जम्मू-कश्मीर राइफल्स से लांस नायक विकास चौधरी, जम्मू और कश्मीर राइफल्स से नायक जसबीर सिंह और जम्मू और कश्मीर पुलिस के साथ कांस्टेबल मुदासिर अहमद शेख को मरणोपरांत दिया गया है।

गणतंत्र दिवस पर भारतीय नौसेना कर्मियों को भी प्रतिष्ठित सेवा और वीरता पुरस्कार से नवाजा गया है। भारतीय नौसेना कर्मियों को प्रतिष्ठित शौर्य पुरस्कारों में 3 परम विशिष्ट सेवा मेडल, 7 अति विशिष्ट सेवा मेडल, 1 नौ सेना पदक (शौर्य), 2 बार टू नौसेना मेडल, 11 नौसेना पदक (कर्तव्य के प्रति समर्पण) और 16 विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित करने की मंजूरी दी गई है। नौसेना के कमांडर निशांत सिंह को मरणोपरांत दिए गए नौसेना पदक (शौर्य) के साथ याद किया जाएगा, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय अभ्यास 'मालाबार 20' के दौरान अपने जीवन का बलिदान दिया।

सशस्त्र बलों के कर्मियों को 62 पुरस्कार

सशस्त्र बलों के कर्मियों के लिए 62 पुरस्कारों को मंजूरी दी गई है। इनमें 55 सेनाध्यक्ष की सिफारिशें शामिल हैं। ऑपरेशन रक्षक के लिए 27, ऑपरेशन स्नो लेपर्ड के लिए 13, ऑपरेशन आर्किड के लिए दो, ऑपरेशन राइनो के लिए छह, ऑपरेशन नॉगकी के लिए एक और छह अन्य शामिल हैं। इसमें वायुसेना प्रमुख की सात अनुशंसाएं भी शामिल हैं।

परम विशिष्ट सेवा मेडल

नौसेना में परम विशिष्ट सेवा मेडल से रवींद्र भर्तृहरि पंडित, विश्वजीत दासगुप्ता और मकरंद अरविंद हम्पिहोली को नवाजा गया है। अति विशिष्ट सेवा मेडल दीपक कपूर, अधीर अरोड़ा, अरविंदन कटरी पुलियाकोड्डे, संजय साधु, समीर सक्सेना, धीरन विग (सेवानिवृत्त) और सीएस नायडू (सेवानिवृत्त) को दिया गया है। बार टू नौसेना मेडल (डूयटी के प्रति समर्पण) शशांक तिवारी (मरणोपरांत) और हरिओम शौकीन (मरणोपरांत) को मिला है।

नौसेना पदक (कर्तव्य के प्रति समर्पण) शंकर नारायण, पंकज शर्मा, अनीश एमजे नायर, शांतनु झा, वी गणपति, इफ्तेखार आलम, कैप्टन सौरभ ठाकुर, कैप्टन बी वासु धीरज, लेफ्टिनेंट कमांडर रजनीकांत यादव (मरणोपरांत), योगेश तिवारी (मरणोपरांत), लेफ्टिनेंट कमांडर अनंत कुकेरेती (मरणोपरांत) को दिए गए हैं।

विशिष्ट सेवा मेडल

विशिष्ट सेवा मेडल से एस गंटेट, कारी मुरलीधर, हेमंत पदबिदरी, वीरप्पा बी बेल्लारी, नीरज उदय, नादुविल पिशारोम प्रदीप, मुकुल माधव सुरंगे, प्रशांत दत्तात्रय सिद्धाय, मानव सहगल, कैप्टन पार्थ उमाकांत भट्ट, कैप्टन कार्तिक मूर्ति, कैप्टन सैमुअल मामेन अब्राहम, कैप्टन गौरव मल्होत्रा, कैप्टन गौरव मेहता, कैप्टन (टीएस) सुनील दत्त डोगरा और महावीर प्रसाद को सम्मानित किया गया है।

- रश्मि रंजन

(लेखिका, समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

मध्यप्रदेश के जिलों को जानिए

यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल खजुराहो है छतरपुर जिले की पहचान

छतरपुर, मध्यप्रदेश के सागर संभाग का एक जिला है। इसका गठन 1 नवंबर 1956 को किया गया था। छतरपुर जिला पूर्व में पन्ना जिले से, दक्षिण में दमोह तथा सागर, पश्चिम में टीकमगढ़, और उत्तर में उत्तर प्रदेश राज्य से जुड़ा हुआ है।

बुंदेलखंड के प्रतापी राजा छत्रसाल ने 1707 में इस नगर की स्थापना की थी और उन्हीं के सम्मान में शहर का नाम छतरपुर रखा गया। अंग्रेजी शासन काल में यह नगर मध्य भारत की राजधानी के रूप में भी जाना जाता था।

विश्व प्रसिद्ध खजुराहो नगर इसी जिले में स्थित है। खजुराहो स्मारक समूह (जो कि हिन्दू और जैन धर्म के स्मारकों का एक समूह है) को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है।

छतरपुर चारों ओर से पहाड़ों से घिरा है और वृक्षों, तालाबों तथा नदियों की बहुतायत के कारण यह क्षेत्र अत्यंत दर्शनीय स्थल है। राव सागर, प्रताप सागर और किशोर सागर शहर के तीन महत्वपूर्ण तालाब हैं। यह जिला पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय है, क्योंकि यहां खजुराहो के अलावा भी जटाशंकर, भीमकुंड, महाराजा छत्रसाल संग्रहालय जैसे कई दर्शनीय स्थल हैं।

इतिहास

ऐतिहासिक तथ्यों के अनुसार छतरपुर शहर की स्थापना 1707 में बुंदेलखंड के तत्कालीन शासक राजा छत्रसाल ने की थी। सन् 1785 तक क्षेत्र पर उनके वंशजों का ही शासन था। इसके बाद राजपूतों के पोनवार वंश ने छतरपुर पर अधिकार कर लिया था। 1806 में ब्रिटिश राज द्वारा कुंवर सोन सिंह पोनवार को राज्य की गारंटी दी गई थी। पोनवार राजाओं ने 2,900 वर्ग किमी के क्षेत्रफल और 1901 में 1,56,139 की आबादी के साथ एक रियासत पर शासन किया, जो मध्य भारत की बुंदेलखंड एजेंसी का हिस्सा था। यहां 1908 में नगरपालिका का गठन हुआ। 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद, छतरपुर के शासक भारत में शामिल हो गए, और छतरपुर, बुंदेलखंड के बाकी हिस्सों के साथ, भारतीय राज्य विंध्य प्रदेश का हिस्सा बन गया। विंध्य प्रदेश को बाद में 1956 में मध्यप्रदेश राज्य में मिला दिया गया था।

जिले में स्थित मध्यप्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थल खजुराहो का इतिहास लगभग हजार साल पुराना है। यह नगर चन्देल साम्राज्य की प्रथम राजधानी था। चन्देल वंश और खजुराहो के संस्थापक चन्द्रवर्मन थे। खजुराहो के मंदिरों का निर्माण 950 ईसवी से 1050 ईसवी के बीच चन्देल राजाओं द्वारा किया गया। मंदिरों के निर्माण के बाद चन्देलों ने अपनी राजधानी महोबा स्थानांतरित कर दी। लेकिन इसके बाद भी खजुराहो का महत्व बना रहा। मध्यकाल के दरबारी कवि चंदबरदाई ने पृथ्वीराज रासो के महोबा खंड में चन्देलों के शासनकाल के बारे में वर्णन किया है।

अर्थव्यवस्था

छतरपुर जिले की अर्थव्यवस्था ज्यादातर खेती पर निर्भर है। आमदनी बढ़ाने के लिए इस जिले में एक वैकल्पिक फसल के रूप में पिपरमिंट उगाया जाता है। जिले में गेहूं की खेती भी बहुतायत में होती है। साथ ही धान और ज्वार यहां की अन्य प्रमुख फसलें हैं। छतरपुर जिले में कई ग्रेनाइट खनन उद्योग संचालित हैं। छतरपुर के कुछ क्षेत्र में हीरे की उपस्थिति का भी पता चला है। यहां अच्छी गुणवत्ता वाली लकड़ी का उत्पादन भी किया जाता है। यहां के फर्नीचर उद्योग ने देश भर में अपनी पहचान बना ली है। जिले में फर्नीचर और तांबे के बर्तन बनाने के कई कारखाने हैं।

जिले में पर्यटन गतिविधियों से भी अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है। जिले में स्थित खजुराहो देश-विदेश में प्रसिद्ध एक महत्वपूर्ण पर्यटन स्थल है।

जिला प्रमुख तथ्य

1. जिले का गठन - 1 नवंबर, 1956
2. संभाग- सागर
3. जिला मुख्यालय- छतरपुर
4. क्षेत्रफल- 10863 वर्ग किलोमीटर
5. जनसंख्या- 17,62,857 (पुरुष 9,35,906, महिला 8,26,951)
6. लिंग अनुपात- 883
7. जन घनत्व- 203 प्रति वर्ग किलोमीटर
8. साक्षरता- 63.74%
9. तहसीलें- 11 (गौरिहार, लवकुशनगर, चंदला, नौगांव, महाराजपुर, छतरपुर, राजनगर, बड़ा मलहरा, घुवारा, बिजावर और बक्सवाहा)
10. विकासखंड- 8
11. ग्राम पंचायत- 615
12. ग्राम- 1210
13. नगर परिषद- 12
14. जनपद पंचायत- 8
15. नगर पालिका- 3
16. विधानसभा क्षेत्र- 6 (महाराजपुर, चंदला, राजनगर, छतरपुर, बिजावर और बड़ा मलहरा)
17. लोकसभा क्षेत्र- 3 (टीकमगढ़-दमोह-खजुराहो)
18. भाषा एवं बोली- हिन्दी, बुंदेली (सभी आंकड़े 2011 की जनगणना के अनुसार)

अन्य महत्वपूर्ण जानकारी

- छतरपुर जिले में स्थित खजुराहो एक प्रमुख पर्यटन स्थल है। यहां साल भर पर्यटकों का आना-जाना लगा रहता है। खजुराहो स्मारक समूह को यूनेस्को ने सन् 1986 में विश्व धरोहर घोषित किया था। प्राचीन काल में, शहर में खजूर के पेड़ों के साथ यहां घना जंगल था। प्राचीनकाल में इसे 'खजूरपुरा' और 'खजूर वाहिका' के नाम से भी जाना जाता था।
- खजुराहो के मंदिरों के निर्माण के लिए बलुआ पत्थर का उपयोग किया गया है। इन मंदिरों का निर्माण चन्देल राजवंश के समय 950 से 1050 ईस्वी के मध्य हुआ था। यहां हर साल में विश्व प्रसिद्ध खजुराहो नृत्य महोत्सव का आयोजन होता है।
- मंदिरों का शहर खजुराहो पूरे विश्व में मुड़े हुए पत्थरों से निर्मित मंदिरों के लिए भी प्रसिद्ध है। खजुराहो के अलंकृत मंदिर देश के सर्वोत्कृष्ट मध्यकालीन स्मारक हैं। कला और संस्कृति को शिल्पियों ने इस शहर के पत्थरों पर मध्यकाल में उत्कीर्ण किया था।
- यूनेस्को विश्व विरासत स्थल, मंदिर परिसर को तीन क्षेत्रों में विभाजित किया गया है - पश्चिमी, पूर्वी और दक्षिणी। पश्चिमी और दक्षिणी भाग में स्थित आठ मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित हैं, छह भगवान शिव को, और एक भगवान गणेश और सूर्य को जबकि तीन जैन तीर्थंकरों के मंदिर हैं।
- खजुराहो में कंदरिया महादेव मंदिर सबसे विशाल और प्रमुख मंदिर है। साथ ही चतुर्भज मंदिर, नंदी मंदिर, चित्रगुप्त मंदिर, चौसठ योगिनी मंदिर, लक्ष्मण मंदिर और पार्श्वनाथ का मंदिर आदि अन्य दर्शनीय स्थल हैं।
- महाराजा छत्रसाल पुरातत्व संग्रहालय छतरपुर में स्थित एक मुख्य पर्यटन स्थल है। यह संग्रहालय धुबेला झील के पास है। यहां पर मस्तानी महल भी है। संग्रहालय के पास ही हृदय शाह का प्राचीन महल भी है। यह महल बुंदेला वास्तुकला का खूबसूरत उदाहरण है।
- छतरपुर जिले के बाजना गांव में स्थित भीमकुंड एक प्राकृतिक और स्वच्छ कुंड है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इसे भीमकुंड नाम इसलिए दिया गया क्योंकि इसका निर्माण महाभारत काल में भीम के द्वारा किया गया था।
- छतरपुर में केन और खुदार नदी संगम पर स्थित केन घड़ियाल अभ्यारण्य में विशेष रूप से मगरमच्छ और घड़ियालों को संरक्षण दिया जा रहा है। यहां विभिन्न वन्य प्राणियों को उनके प्राकृतिक आवास में देखा जा सकता है।
- मतंगेश्वर मंदिर, हनुमान टोरिया, फूला देवी मंदिर, विश्वनाथ मंदिर, देवी जगदंबा मंदिर, शीतल गढ़ी, रनेह जलप्रपात खुजराहो, कुटनी बांध, बेनीसागर जलाशय, रंगुवान बांध, धुबेला, छत्रसाल की समाधि, रानी बेरछा का मकबरा, रानी कमलापति की समाधि आदि जिले में स्थित अन्य प्रमुख दर्शनीय स्थल हैं।

- रीता मोदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान-खेल

1. टेस्ट क्रिकेट में किस बल्लेबाज ने सबसे ज्यादा दोहरे शतक बनाये हैं?
(अ) विराट कोहली
(ब) डॉन ब्रैडमैन
(स) कुमार संगाकारा
(द) ब्रायन लारा

2. अर्जेंटीना ने कितनी बार फीफा फुटबॉल वर्ल्डकप जीता है?
(अ) एक बार (ब) दो बार
(स) तीन बार (द) पांच बार

3. पहलवान रवि कुमार दाहिया ने टोक्यो ओलिंपिक में कौन-सा पदक जीता है?
(अ) स्वर्ण पदक (ब) रजत पदक
(स) कांस्य पदक
(द) इनमें से कोई नहीं

4. एलेक्स डि मिनोर किस देश के टेनिस खिलाड़ी हैं?
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) कनाडा
(स) फ्रांस (द) आयरलैंड

5. ट्रैप और डबल ट्रैप स्पर्धा किस खेल से संबंधित प्रतियोगिताएं हैं?
(अ) हॉकी (ब) कबड्डी
(स) बैडमिंटन (द) निशानेबाजी

6. टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज हैं ?
(अ) शाहिद अफरीदी
(ब) मार्टिन गुप्टिल
(स) रोहित शर्मा
(द) डेविड वॉर्नर

7. वर्ष 2022 में किस देश ने एफआईएच महिला हॉकी नेशंस कप का खिताब अपने नाम किया है?
(अ) जर्मनी (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) बेल्जियम (द) भारत

8. कैरोलिना मारिन किस देश की दिग्गज बैडमिंटन खिलाड़ी हैं ?
(अ) स्पेन (ब) सिंगापुर
(स) मलेशिया (द) डेनमार्क

9. इनमें से किसे पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड का नया अध्यक्ष बनाया गया है?
(अ) शाहिद अफरीदी
(ब) नजम सेठी
(स) सकलैन मुश्ताक
(द) एहसान मनी

10. वर्ष 2022 में किस खिलाड़ी को पुरुष वर्ग में आईटीएफ वर्ल्ड चैम्पियन चुना गया है ?
(अ) रोजर फेडरर
(ब) नोवाक जोकोविच
(स) राफेल नडाल
(द) इनमें से कोई नहीं

11. वर्ष 2026 में ऑस्ट्रेलिया के किस राज्य में राष्ट्रमंडल खेल आयोजित होंगे?
(अ) विक्टोरिया
(ब) न्यू साउथ वेल्स
(स) तस्मानिया
(द) क्वींसलैंड

12. इनमें से कौन-सा खिलाड़ी भारतीय हॉकी टीम का सदस्य नहीं है?
(अ) नीलकांता शर्मा
(ब) बजरंग पूनिया
(स) हरमनप्रीत सिंह
(द) कृष्ण बहादुर पाठक

13. एंथोनी जोशुआ किस देश के दिग्गज प्रोफेशनल मुक्केबाज हैं?
(अ) ब्रिटेन (ब) अमेरिका
(स) क्यूबा (द) मैक्सिको

14. वर्ष 2006 में किस देश ने फीफा फुटबॉल वर्ल्डकप जीता था?
(अ) ब्राजील (ब) जर्मनी
(स) फ्रांस (द) इटली

15. लियोनेल मेसी ने कितनी बार वेलोन डिओर अवॉर्ड हासिल किया है?
(अ) तीन बार (ब) पांच बार
(स) सात बार
(द) इनमें से कोई नहीं

16. फ्रेंच ओपन में महिला एकल वर्ग में सबसे ज्यादा खिताब जीतने वाली खिलाड़ी हैं ?
(अ) स्टेफी ग्राफ (ब) क्रिस एवर्ट
(स) मार्ग्रेट कोर्ट
(द) इनमें से कोई नहीं

17. भारतीय महिला क्रिकेट टीम के वर्तमान कोच हैं ?
(अ) ऋषिकेश कानितकर
(ब) रमेश पवार
(स) सलिल अंकोला
(द) वीवीएस लक्ष्मण

18. वर्ष 2017 में किस देश ने आईसीसी महिला वन-डे क्रिकेट वर्ल्डकप जीता है?
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) द.अफ्रीका
(स) न्यूजीलैंड (द) इंग्लैंड

19. वसीम अकरम ने वन-डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में कितने विकेट लिए हैं?
(अ) 435 (ब) 490
(स) 502 (द) 534

20. मर्टिना नवरातिलोवा ने टेनिस में कितने ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीते हैं?
(अ) 15 (ब) 18
(स) 20 (द) इनमें से कोई नहीं

21. टोक्यो ओलिंपिक-2020 में किस भारतीय महिला मुक्केबाज ने कांस्य पदक जीता था?
(अ) एम सी मैरीकॉम
(ब) निकहत जरीन
(स) लवलीना बोरगोहेन
(द) पूजा रानी

22. भारत में खेली जाने वाली प्रतियोगिता सुव्रतो कप किस खेल से संबंधित है?
(अ) क्रिकेट (ब) हॉकी
(स) कबड्डी (द) फुटबॉल

23. वर्ष 2020 में किस देश ने आईसीसी अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्डकप जीता है?
(अ) भारत (ब) द. अफ्रीका
(स) न्यूजीलैंड (द) बांग्लादेश

24. टेनिस स्टार ईगा स्वितेक ने कितने ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं?
(अ) एक (ब) दो
(स) तीन (द) पांच

25. वर्ष 2022 में किस क्लब ने यूएफा वूमेन चैम्पियनशिप जीती है?
(अ) बार्सिलोना (ब) लियोन
(स) फ्रैंकफर्ट (द) आर्सेनल

उत्तर

1. (ब), 2. (स), 3. (ब), 4. (अ), 5. (द), 6. (स), 7. (द), 8. (अ), 9. (ब), 10. (स), 11. (अ), 12. (ब), 13. (अ), 14. (द), 15. (स), 16. (ब), 17. (अ), 18. (द), 19. (स), 20. (ब), 21. (स), 22. (द), 23. (द), 24. (स), 25. (ब)

- पुष्पेंद्र कुमार सविता

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

तेजस्विन ने न्यू बैलेंस इंडोर ग्रांप्री में जीता स्वर्ण पदक

नई दिल्ली, भारत के ऊंची कूद एथलीट तेजस्विन शंकर ने अमेरिका में आयाजित न्यू बैलेंस इंडोर ग्रांप्री में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता है। तेजस्विन ने ऊंची कूद स्पर्धा में पूर्व विश्व चैम्पियन और राष्ट्रमंडल खेल 2010 के स्वर्ण पदक विजेता डोनाल्ड थॉमस को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। तेजस्विन ने स्पर्धा में 2.26 मीटर की कूद लगाकर पहला स्थान हासिल किया, जबकि थॉमस 2.23 मीटर की ऊंचाई ही तय कर सके। स्पर्धा में अमेरिका के डेरिल सुलिवान (2.19 मीटर) ने कांस्य पदक जीता। उल्लेखनीय है कि तेजस्विन राष्ट्रमंडल खेल 2022 में ऊंची कूद में कांस्य पदक जीत चुके हैं।

लिस्टरशायर के लिए काउंटी क्रिकेट खेलेंगे अजिंक्य रहाणे

मुंबई, भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे ने अपनी फॉर्म हासिल करने के लिए काउंटी क्रिकेट में खेलने का फैसला किया है। रहाणे इंग्लिश क्लब लिस्टरशायर के लिए काउंटी क्रिकेट खेलेंगे। रहाणे ने बताया कि वे आगामी सत्र के लिए लिस्टरशायर क्लब से जुड़कर खुश हैं। वे आईपीएल-2023 के बाद काउंटी क्लब से जुड़ेंगे। रहाणे लिस्टरशायर के लिए इस सत्र में प्रथम श्रेणी के आठ मैच और वन-डे कप के पूरे मैच खेलेंगे। रहाणे जनवरी 2022 के बाद से भारतीय टीम से बाहर है।

स्टीव स्मिथ को मिला एलेन बॉर्डर मेडल

सिडनी, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने वर्ष 2022 के लिए वार्षिक पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। सीए ने ऑस्ट्रेलियन टीम के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ को प्रतिष्ठित एलेन बॉर्डर मेडल से नवाजा है। स्मिथ ने तेज गेंदबाज पैट कमिंस को हराकर इस वर्ष यह पुरस्कार जीता है। इस पुरस्कार के लिए स्मिथ को 171 वोट मिले, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी ट्रैविस हेड को 144 वोट मिले। स्मिथ ने चौथी बार एलेन बॉर्डर मेडल जीता है। उन्होंने वर्ष 2015, 2018 और 2021 में भी यह सम्मान हासिल किया था।

ऑस्ट्रेलियन क्रिकेटर एरॉन फिंच ने लिया संन्यास

मेलबर्न, ऑस्ट्रेलिया की टूर्वेंटी-20 टीम के कप्तान एरॉन फिंच ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। फिंच पहले ही वन-डे से संन्यास ले चुके हैं, अब उन्होंने टूर्वेंटी-20 से भी संन्यास ले लिया है। फिंच की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने वर्ष 2021 में न्यूजीलैंड को हराकर आईसीसी टूर्वेंटी-20 विश्वकप का खिताब जीता था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने ट्वीट के जरिए कहा कि हमारे टूर्वेंटी-20 विश्वकप चैम्पियन कप्तान ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया है। फिंच ने ऑस्ट्रेलिया के लिए पांच टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने 146 वन-डे मैचों में 17 शतक की बदौलत 5406 रन बनाये है और 103 टूर्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों में दो शतक सहित 3120 रन बनाये हैं। फिंच ने 72 टूर्वेंटी-20 मैचों में ऑस्ट्रेलियन टीम की कमान संभाली है।

महिला प्रीमियर लीग

ऑक्शन में 409 खिलाड़ियों पर लगेगी बोली

मुंबई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने महिला आईपीएल कहे जाने वाले टूर्वेंटी-20 टूर्नामेंट महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के आयोजन को मूर्त रूप देना शुरू कर दिया है। बीसीसीआई ने बताया कि डब्ल्यूपीएल का आयोजन इस वर्ष मार्च माह में किया जायेगा। डब्ल्यूपीएल में कुल पांच टीमें हिस्सा लेंगी। इन टीमों के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 13 फरवरी को होगी।

बीसीसीआई ने कहा कि इस मेगा ऑक्शन के लिए दुनियाभर की 1525 खिलाड़ियों ने पंजीकरण करवाया है। इनमें से 409 खिलाड़ियों को शॉर्ट लिस्ट किया गया है। शॉर्ट लिस्ट की गई खिलाड़ियों में से 246 भारतीय और 163 विदेशी महिला क्रिकेटर हैं। इन 409 खिलाड़ियों में से लगभग 90 खिलाड़ी डब्ल्यूपीएल में खेलती हुई नजर आयेंगी।

बीसीसीआई ने बताया कि ऑक्शन के लिए कई देशों की महिला खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है। इनमें भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, श्रीलंका, दक्षिण अफ्रीका, वेस्टइंडीज, आयरलैंड, जिम्बाब्वे और बांग्लादेश की महिला क्रिकेटरों को मेगा ऑक्शन के लिए शॉर्ट लिस्ट किया गया है। इनके अलावा एसोसिएट देश जैसे अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, हांगकांग, थाईलैंड और नीदरलैंड की खिलाड़ियों पर भी ऑक्शन में बोली लगाई जायेगी।

- महिला प्रीमियर लीग में पांच टीमें खेलती हुई नजर आयेंगी।
- टूर्नामेंट में अहमदाबाद, मुंबई, बेंगलुरु, दिल्ली और लखनऊ की टीमें शामिल होंगी।
- टूर्नामेंट में फाइनल सहित कुल 22 मैच खेले जायेंगे।
- डब्ल्यूपीएल के विजेता को 6 करोड़ और उपविजेता को 3 करोड़ रुपये बतौर इनामी राशि मिलेगी।

प्रत्येक टीम का बजट होगा 12 करोड़ रुपये

बीसीसीआई ने बताया कि इस मेगा ऑक्शन में प्रत्येक टीम को खिलाड़ी खरीदने के लिए 12 करोड़ रुपये का पर्स मिलेगा। हर वर्ष इस पर्स में 1.5 करोड़ रुपये का इजाफा होगा। ऑक्शन के दौरान हर टीम 15 से 18 खिलाड़ी खरीद सकती है। प्रत्येक टीम में अधिकतम 6 विदेशी खिलाड़ी ही खरीदे जा सकते हैं। इस हिसाब से ऑक्शन में लगभग 90 खिलाड़ियों पर दांव लगाया जा सकता है।

पचास लाख रुपये है सबसे ज्यादा बेस प्राइस

महिला प्रीमियर लीग में ऑक्शन में शामिल होने वाली खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी गई है। इस सूची में सबसे ज्यादा बेस प्राइस 50 लाख रुपये रखा गया है। इस बेस प्राइस के लिए 24 खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया है।

खेल मंत्रालय ने आवेदन प्रक्रिया में किया बदलाव

नई दिल्ली, खेल मंत्रालय ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों और उनके प्रशिक्षकों के लिए नगद पुरस्कार योजना के तहत आवेदन करने की प्रक्रिया में बदलाव किया है। मंत्रालय के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए नगद पुरस्कार के लिए खिलाड़ी को सीधे खेल विभाग के पोर्टल www.dbtyas-sports.gov.in पर आवेदन करना होगा। यह संबंधित प्रतियोगिता के समापन तिथि से छह महीने की अवधि के अंदर करना अनिवार्य होगा। 11 अगस्त, 2022 से पहले आयोजित हुई अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए आवेदक 30 अप्रैल, 2023 तक आवेदन कर सकते हैं।

जोगिंदर शर्मा ने क्रिकेट को कहा अलविदा

नई दिल्ली, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर जोगिंदर शर्मा ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास ले लिया है। जोगिंदर शर्मा वर्ष 2007 में आईसीसी टूर्वेंटी-20 विश्वकप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य हैं। इस विश्वकप में पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए फाइनल मैच में जोगिंदर शर्मा ने आखिरी और निर्णायक ओवर फेंका था और भारत को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। जोगिंदर ने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि शीर्ष स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करना सम्मानजनक रहा है। 39 वर्षीय जोगिंदर ने भारत के लिए चार वन-डे और चार टूर्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं।

जिम्नास्ट दीपा कर्माकर पर लगा 21 महीने का प्रतिबंध

नई दिल्ली, भारत की स्टार जिम्नास्ट दीपा कर्माकर पर डोप टेस्ट में फेल होने पर 21 महीने का प्रतिबंध लगाया गया है। दीपा पर यह प्रतिबंध अंतर्राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (आईटीए) ने लगाया है। आईटीए अंतर्राष्ट्रीय जिम्नास्टिक महासंघ (एफआईजी) के डोपिंग निरोधक कार्यक्रम का जिम्मा संभालने वाली एक स्वतंत्र संस्था है। आईटीए ने दीपा का डोप सैंपल 21 अक्टूबर 2021 को लिया था। आईटीए ने एक बयान जारी कर कहा कि दीपा हिजेनामाइन के सेवन की दोषी पाई गई है, जो विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) की प्रतिबंधित सूची में शामिल है। दीपा का प्रतिबंध 21 अक्टूबर, 2021 से प्रभावी है और 10 जुलाई, 2023 को खत्म होगा।

दीपा ने आईटीए द्वारा लगाए गए प्रतिबंध को स्वीकार कर लिया है। दीपा ने कहा कि मामला बिना किसी पेशानी के निपटाने के लिए उन्होंने यह निलंबन स्वीकार किया है। दीपा ने कहा कि उन्होंने अनजाने में प्रतिबंधित पदार्थ हिजेनामाइन का सेवन किया था। मुझे नहीं पता कि इसका स्रोत क्या है। दीपा ने रियो ओलिंपिक 2016 में शानदार प्रदर्शन किया था।

ईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी बने एंजो फर्नांडेज

लिस्बन, अर्जेंटीना के युवा फुटबॉलर एंजो फर्नांडेज अब इंग्लिश प्रीमियर लीग के सबसे मंहगे खिलाड़ी बन गए हैं। इंग्लिश क्लब चेल्सी ने 121 मिलियन यूरो (लगभग 1079 करोड़ रुपये) में फर्नांडेज को खरीदा है। फर्नांडेज इससे पहले पुर्तगाली क्लब बेनफिका के लिए खेल रहे थे। चेल्सी ने ट्रांसफर विंडो के जरिए फर्नांडेज को अपने साथ जोड़ा है।

एंजो फर्नांडेज ने इंग्लिश प्रीमियर लीग में सबसे ज्यादा कीमत हासिल करने के मामले में इंग्लैंड के जैक ग्रिलिश को पीछे छोड़ दिया है। ग्रिलिश को मैनचेस्टर सिटी ने एस्टन विला क्लब से वर्ष 2021 में 100 मिलियन पाउंड में खरीदा था।

चेल्सी ने इस सत्र में ट्रांसफर विंडो के जरिए फर्नांडेज सहित आठ खिलाड़ियों को अपनी टीम में जोड़ा है। इनमें जोजोआ फेलिक्स, मिखायलो मुद्रिक और बेनोइट बादियाशिले जैसे बड़े खिलाड़ी भी शामिल हैं। फेलिक्स महज छह महीने के लिए लोन पर चेल्सी के साथ जुड़े हैं।

एंजो फर्नांडेज ने फीफा विश्वकप-2022 में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को विजेता बनाने में प्रमुख योगदान दिया है।

बिग बैश लीग

पर्थ स्कॉर्चर्स ने पांचवीं बार जीता खिताब

पर्थ, ऑस्ट्रेलिया के लोकप्रिय घरेलू टूर्वेंटी-20 टूर्नामेंट बिग बैश लीग का खिताब पर्थ स्कॉर्चर्स ने अपने नाम किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में पर्थ स्कॉर्चर्स ने ब्रिस्बेन हीट्स को 5 विकेट से हराकर पांचवीं बार खिताब पर कब्जा किया।

बिग बैश लीग के फाइनल में ब्रिस्बेन हीट्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। ब्रिस्बेन को सलामी बल्लेबाज जोश ब्राउन और सैम हीजलेट ने तेज शुरुआत दिलाई। तेजी से रन बनाने के प्रयास में ब्राउन 25 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। इसके बाद नाथन मैकस्वीनी ने हीजलेट के साथ पारी को आगे बढ़ाया। हीजलेट ने 34 तथा मैकस्वीनी ने सबसे ज्यादा 41 रनों की पारी खेली। इनके अलावा मैक्स ब्रायंट (31) और सैम हेन

(21) ने उपयोगी पारी खेलकर टीम को बड़े स्कोर तक पहुंचाया। निचले क्रम में कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका जिसके कारण ब्रिस्बेन हीट्स निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट खोकर 175 रन ही बना सकी।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी पर्थ स्कॉर्चर्स की शुरुआत सधी रही। सलामी बल्लेबाज स्टीफन एस्किनाजी और कैमरून बेनक्राफ्ट ने मजबूत शुरुआत की और पहले विकेट के लिए 32 रन जोड़े। इसके बाद ब्रिस्बेन हीट्स के गेंदबाजों ने जबरदस्त वापसी करते हुए 48 रन के स्कोर पर दोनों सलामी बल्लेबाजों को पवेलियन भेज दिया। इसके बाद कप्तान एटन टर्नर (53) तथा जोश इंग्लिश (26) पारी को संभाला और टीम को लक्ष्य के नजदीक पहुंचाया। निक होब्सन और कूपर कोनोली ने 39 रनों की नाबाद साझेदारी कर टीम को खिताब तक पहुंचाया।

- पर्थ स्कॉर्चर्स ने सबसे ज्यादा पांच बार जीती है बिग बैश लीग।
- पर्थ ने वर्ष 2014, 2015, 2017 और 2022 में भी जीता है ये खिताब।
- सिडनी सिक्सर्स ने तीन बार तथा मेलबर्न रेनगेडेस, एडिलेड स्ट्राइकर्स, ब्रिस्बेन हीट्स और सिडनी थंडर्स ने एक-एक बार जीता है बिग बैश लीग खिताब।

बजट में खेलों के लिए आवंटित किए गए 3397 करोड़ रुपये

नई दिल्ली, केंद्र सरकार ने इस वर्ष आयोजित होने वाले एशियाई खेलों और पेरिस ओलिंपिक-2024 की तैयारियों को ध्यान में रखते हुए आम बजट में खेल मंत्रालय के लिए 3397.32 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। यह राशि पिछले वित्तीय वर्ष के संशोधित बजट के मुकाबले 723.97 करोड़ रुपये अधिक है। खेल मंत्रालय ने बताया कि खेल के विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम सरकार की प्राथमिकता में बने हुए हैं। खेलो इंडिया के लिए सरकार ने पिछले वर्ष की तुलना में 439 करोड़ रुपये ज्यादा आवंटित किए हैं। सरकार ने इस वर्ष बजट में खेलो इंडिया गेम्स के लिए 1045 करोड़ रुपये रखे हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

सामयिकी

बृहस्पति के 12 नए चंद्रमा खोजे गए

खगोलविदों ने सौरमंडल के सबसे बड़े ग्रह बृहस्पति का चक्कर लगा रहे 12 नए चंद्रमाओं की खोज की है। इस खोज के बाद

- **92 चंद्रमा हो गए हैं बृहस्पति ग्रह के पास।**
- **83 चंद्रमा के साथ शनि ग्रह दूसरे स्थान पर है मौजूद।**

से शनि से ताज छीनकर बृहस्पति सबसे ज्यादा चांद वाला ग्रह बन गया है। बृहस्पति के अब कुल 92 चंद्रमा हो गए हैं।

हवाई और चिली में दूरबीनों की मदद से खोजा

वाशिंगटन में कार्नेगी इंस्टीट्यूशन फॉर साइंस के खगोलशास्त्री स्कॉट शेपर्ड ने बताया कि उन्होंने 2021 और 2022 में हवाई और चिली में दूरबीनों का उपयोग करके इन चंद्रमाओं को खोजा।

9 चंद्रमा विपरीत दिशा में लगाते हैं चक्कर

बृहस्पति के नए खोजे गए चंद्रमाओं का नाम अभी तक नहीं रखा गया है। शेपर्ड ने कहा कि उनमें से केवल आधे ही कम से कम 1 मील (1.5 किलोमीटर) तक बड़े हैं। इनमें से 9 चंद्रमा दूरस्थ समूह में स्थित हैं, जो आंतरिक चंद्रमाओं के विपरित दिशा में चक्कर लगाते हैं।

● पाकिस्तान के ●

पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ का निधन

पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति जनरल (सेवानिवृत्त) परवेज मुशर्रफ का दुबई के एक अस्पताल में निधन हो गया है। वह 79

वर्ष के थे। जिओ समाचार चैनल के अनुसार मुशर्रफ के परिवार ने उनके निधन की पुष्टि की। पूर्व सैन्य शासक का दुबई के अस्पताल में इलाज चल रहा था। मुशर्रफ का जन्म 11 अगस्त, 1943 को दिल्ली, (ब्रिटिश भारत) में हुआ था। उन्होंने 19 अप्रैल, 1961 को पाकिस्तान सैन्य अकादमी काकुल से अपना कमीशन प्राप्त किया था।

वेंगलुरु में भारत ऊर्जा सप्ताह 2023 का उद्घाटन

हम अपनी शोधन क्षमता को लगातार स्वदेशी आधुनिक और उन्नत बना रहे हैं : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वेंगलुरु में भारत ऊर्जा सप्ताह (आईईडब्ल्यू) 2023 का उद्घाटन किया। सभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने तुर्की और आस-पास के देशों में मौत और तबाही पर शोक व्यक्त करते हुए अपनी बात की शुरुआत की। उन्होंने हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए भारत की तत्परता से अवगत कराया। इस बात पर प्रकाश डालते हुए कि बेंगलुरु प्रौद्योगिकी, प्रतिभा और नवाचार से लैस शहर है, प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां मौजूद हर कोई आज उस ऊर्जा का अनुभव कर रहा होगा। उन्होंने बताया कि भारत ऊर्जा सप्ताह जी-20 कैलेंडर का पहला महत्वपूर्ण ऊर्जा कार्यक्रम है।

प्रधानमंत्री ने 21वीं सदी के विश्व के भविष्य की दिशा निर्धारित करने में ऊर्जा क्षेत्र की प्रमुख भूमिका पर जोर दिया किया। उन्होंने कहा, एनर्जी के नए रिसोर्सेज को डेवलप करने में, एनर्जी ट्रांजिशन में आज भारत, विश्व की सबसे मजबूत आवाजों में से एक है। विकसित बनने का संकल्प लेकर चल रहे भारत में, ऊर्जा क्षेत्र के लिए अभूतपूर्व संभावनाएं बन रही हैं। 21वीं सदी के विश्व का भविष्य तय करने में, ऊर्जा क्षेत्र की बहुत बड़ी भूमिका है।

प्रधानमंत्री ने भारत के करोड़ों लोगों के जीवन की गुणवत्ता में हुए सकारात्मक बदलावों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज भारत में करोड़ों लोगों के जीवन की

- **प्रधानमंत्री ने इंडियन ऑयल की 'अनबॉटल्ड' पहल के तहत यूनिफॉर्म भी लॉन्च की। ये यूनिफॉर्म पीईटी बोतलों के पुनर्चक्रण से बनी हैं। उन्होंने इंडियन ऑयल के इंडोर सोलर कुकिंग सिस्टम के ट्विन-कुकटॉप मॉडल का भी लोकार्पण किया और इसकी व्यावसायिक शुरुआत को हरी झंडी दिखाई।**
- **प्रधानमंत्री ने इथेनॉल सम्मिश्रण रोडमैप की तर्ज पर 11 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में तेल विपणन कंपनियों के 84 खुदरा दुकानों पर ई-20 ईंधन भी लॉन्च किया।**
- **ग्रीन मोबिलिटी रैली को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, जिसमें हरित ऊर्जा स्रोतों पर चलने वाले वाहन भाग लेंगे और हरित ईंधन के लिए जन जागरूकता पैदा करने में मदद करेंगे।**

गुणवत्ता में बदलाव आया है। निकट भविष्य में भारत में ऊर्जा की आवश्यकता और मांग पर जोर देते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में विकास की तीव्र गति के परिणामस्वरूप नए शहर विकसित होंगे। प्रधानमंत्री ने ऊर्जा क्षेत्र को लेकर रणनीति के लिए चार प्रमुख कार्यक्षेत्रों के बारे में विस्तार से बताया। पहला, घरेलू अन्वेषण और उत्पादन बढ़ाना, आपूर्ति में विविधता लाना और तीसरा, जैव ईंधन, इथेनॉल, संपीड़ित बायोगैस और सौर जैसे ईंधन का विस्तार करना और चौथा, इलेक्ट्रिक वाहनों और हाइड्रोजन के माध्यम से डी-कार्बोनाइजेशन है। इन कार्यक्षेत्रों के बारे में विस्तार से बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपनी शोधन क्षमता के मामले में चौथा सबसे बड़ा देश है। क्षमता को 250 एमएमटीपीए की वर्तमान क्षमता से बढ़ाकर 450 एमएमटीपीए करने के प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा, हम अपनी शोधन क्षमता को लगातार स्वदेशी, आधुनिक और उन्नत बना रहे हैं। इसी तरह भारत पेट्रोकेमिकल उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने उद्योग के नेतृत्व से अपने ऊर्जा परिदृश्य का विस्तार करने के लिए प्रौद्योगिकी और भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम का इस्तेमाल करने का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने कहा, 'राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन 21वीं सदी के भारत को नई दिशा देगा।' उन्होंने कहा कि देश इस दशक के अंत तक 5 एमएमटीपीए हरित हाइड्रोजन का उत्पादन करने का लक्ष्य लेकर चल रहा है, जिससे 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की संभावना है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत ग्रे हाइड्रोजन की जगह ग्रीन हाइड्रोजन की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत तक बढ़ाएगा। संबोधन का समापन करते हुए, प्रधानमंत्री ने हितधारकों से भारत के ऊर्जा क्षेत्र से संबंधित हर संभावना का पता लगाने और इसमें शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, आज भारत आपके निवेश के लिए दुनिया में सबसे उपयुक्त जगह है।

अमेरिकी लड़ाकू विमान ने मार गिराया चीन का जासूसी गुब्बारा

अमेरिका ने चीनी जासूसी गुब्बारे को दक्षिण कैरोलिना के तट पर मार गिराया है। अभी तक यह चीनी गुब्बारा अमेरिकी

- **अटलांटिक महासागर के ऊपर लड़ाकू विमान ने हमला कर स्पाई बलून को ध्वस्त कर दिया।**
- **जो बाइडेन ने लड़ाकू विमान के पायलट को दी बधाई।**

जमीन के ऊपर उड़ान भर रहा था। यह जैसे ही समुद्र की ओर बढ़ा, वैसे ही कम खतरे को देखते हुए अमेरिकी लड़ाकू विमान ने इसे मार गिराया। इस संदिग्ध गुब्बारे ने कुछ दिनों पहले अमेरिकी हवाई सीमा में प्रवेश किया था। अमेरिका ने इसे जासूसी गुब्बारा

बताया था, वहीं चीन ने इसे सामान्य मौसम संबंधी जानकारी जुटाने वाला वतावर माहौल सामान्य करने की कोशिश की थी। हालांकि इस घटना से अमेरिका और चीन के संबंध जरूर खराब हो गए।

राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि उन्होंने गुब्बारे को मार गिराने के लिए आदेश जारी कर दिया था, लेकिन तब अमेरिकी रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने इंतजार करने की सिफारिश की थी। इसका प्रमुख उद्देश्य शूट डाउन से गिरने वाले मलबे से आम लोगों को बचाना था। बाइडेन ने कहा कि उन्होंने सफलतापूर्वक इसे नीचे गिरा दिया है और मैं अपने एविएटर्स को बधाई देना चाहता हूं जिन्होंने इसे किया।

एक वरिष्ठ अमेरिकी सैन्य अधिकारी ने कहा कि चीनी गुब्बारे को मार गिराने वाले मिशन में अमेरिकी वायु सेना के कई लड़ाकू और ईंधन भरने वाले विमान शामिल थे, लेकिन इसे वर्जीनिया के लैंगली एयर फोर्स बेस से उड़े एक एफ-22 रैप्टर लड़ाकू विमान ने दोपहर 2.39 मिनट पर मार गिराया। इसके लिए एक AIM-9X सुपरसोनिक हीट सीकिंग मिसाइल का इस्तेमाल किया गया।

● जेलेंस्की ने ●

रूसी परमाणु उद्योग की कंपनियों पर लगाया प्रतिबंध

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूस की सरकारी परमाणु ऊर्जा कंपनी रोसाटॉम और उसकी सहयोगी कंपनियों सहित देश की 200 कंपनियों और उद्यमों पर प्रतिबंध लगाने को लेकर एक आदेश पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। जेलेंस्की ने एक पोस्ट में लिखा है कि रूस के परमाणु उद्योग के खिलाफ प्रतिबंधों पर राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के फैसले को लागू कर दिया गया है। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा प्रकाशित जेलेंस्की के आधिकारिक आदेश के अनुसार, प्रतिबंध सूची में रूसी राज्य परमाणु ऊर्जा निगम रोसाटॉम और इसकी सहायक कंपनियां सहित 200 कंपनियां और उद्यम शामिल हैं।

तुर्की और सीरिया में भीषण भूकंप से हजारों लोगों की हुई मौत

तुर्की और सीरिया में एक के बाद एक आए भूकंपों से काफी जनहानि हुई है और सम्पत्ति को नुकसान पहुंचा है। तुर्की में आए विनाशकारी भूकंप के बाद अब युद्ध स्तर पर राहत व बचाव कार्य किया जा रहा है। वहीं इस तबाही की वजह से होने वाली मौतें दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही हैं। सीरिया और तुर्की में मरने वालों का आंकड़ा 16 हजार से अधिक हो चुका है। तुर्की और सीरिया में आए भीषण भूकंप के चलते इस संकट की घड़ी में भारत सरकार ने मदद का हाथ बढ़ाया है। भारत की तरफ से ऑपरेशन दोस्त के तहत मानवीयता के आधार पर अभियान चलाया जा रहा है। भारत सरकार की तरफ से ना केवल मेडिकल मदद मुहैया कराई जा रही है, बल्कि खुद एनडीआरएफ की टीमों को राहत-बचाव के लिए भेजा गया है।

लगभग सभी भूकंप धरती के अंदर

- **भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने तुर्की में भूकंप के कारण हुई जनहानि और सम्पत्ति को होने वाले नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त किया है।**
- **तुर्की और उसकी सीमा से सटे सीरिया में सुबह 4 बजकर 17 मिनट पर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। 7.8 तीव्रता के ये झटके भूकंप के केंद्र से कई सौ मील दूर तक महसूस किए गए। तुर्की में एक के बाद एक झटके आते गए, इनमें से कई की तीव्रता 5.0 से अधिक थी।**

टेक्टोनिक प्लेटों की गति या मूवमेंट के कारण आते हैं। पृथ्वी के आउटरशेल के ये विशाल टुकड़े लगातार एक दूसरे से टकराते रहते हैं या घर्षण करते हैं। कभी-कभी घर्षण के कारण दो प्लेटें आपस में 'अटक' जाती हैं। जब दबाव के निर्माण के कारण ये प्लेटें अंततः एक-दूसरे से फ्री हो जाती हैं तो भारी मात्रा में ऊर्जा रिलीज होती है, जिसे हम भूकंप के रूप में अनुभव करते हैं। तुर्की दुनिया के सबसे भूकंप संभावित देशों में से एक है। तुर्की में बार-बार भूकंप आने के पीछे का कारण दरअसल उसकी भौगोलिक स्थिति है। तुर्की का तीन अलग-अलग टेक्टोनिक प्लेटों के ठीक ऊपर खड़ा है। इसके उत्तर में यूरेशियन प्लेट है, दक्षिण में अफ्रीकी प्लेट है जबकि इसके पूर्व में अरेबियन प्लेट है। दरअसल अरब प्लेट यूरेशियन प्लेट को धक्का देती है, जिससे तुर्की बड़े भूकंपों का अनुभव करता है।

अमेरिका एक मार्च से लेगा एच1बी वीजा आवेदन

अमेरिका में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए बहुप्रतीक्षित एच-1बी वीजा आवेदन आधिकारिक तौर पर एक मार्च से किए जाएंगे। अमेरिकी आव्रजन एजेंसी एक मार्च से कुशल विदेशी कामगारों से वीजा के लिए आवेदन स्वीकार करेगी। इस वीजा की भारतीय आईटी पेशेवरों के बीच सबसे अधिक मांग होती है। एच-1बी वीजा गैर-अप्रवासी वीजा है, जिससे अमेरिकी कंपनियों को खास विशेषज्ञता वाले पेशेवरों में विदेशी कामगारों की भर्ती करने की अनुमति मिलती है। प्रौद्योगिकी कंपनियां भारत और चीन जैसे देशों से हर साल हजारों कर्मचारियों को भर्ती करने के लिए इस पर निर्भर रहती हैं।

पेरू में भूस्खलन का कहर

दक्षिणी पेरू के कई गांवों में लगातार बारिश के कारण हुए भूस्खलन से कम से कम 36 लोगों की मौत हो गई। कैमाना प्रांत में मारियानो निकोलस वाल्कारसेल नगर पालिका के नागरिक रक्षा अधिकारी विल्सन गुतिरेज ने स्थानीय रेडियो 'आरपीपी' को बताया कि मिस्की नामक एक दुरस्थ क्षेत्र में 36 शव बरामद किए गए हैं। इनमें से पांच लोग एक वैन में सवार थे, जो भूस्खलन के बाद मिट्टी के तेज बहाव से नदी में जा गिरी।

स्थानीय अधिकारियों ने मलबे के कारण एक मुख्य मार्ग पर करीब तीन किलोमीटर तक अवरुद्ध क्षेत्र को साफ करने के लिए मदद की अपील की है। नागरिक सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि भूस्खलन के बाद 630 मकान क्षतिग्रस्त होने की आशंका है। इससे पुल, सिंचाई की नहरें और सड़कें भी प्रभावित हुई हैं। पेरू में फरवरी के महीने में लगातार बारिश होती है, जो अक्सर घातक भूस्खलन का कारण बनती है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- राघवेन्द्र कुमार सिंह, मुद्रक- राघवेन्द्र कुमार सिंह द्वारा मेसर्स डी.वी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।